
# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी




- कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सुप्रसिद्ध लेखिका श्रीमती चित्रा मुद्गल सहित अन्य गणमान्य अतिथियों की रही मौजूदगी




विश्व पुस्तक मेले में हुआ प्रसिद्ध लेखक ब्रह्मवीर सिंह के उपन्यास 'प्रत्याघात' का विमोचन

# दिग्गज बोले- 'प्रत्याघात' पढ़कर लगा कि लेखक मुक्तिबोध की धरती से आया है...

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

'प्रत्याघात'...यह महज शब्द नहीं बल्कि उस बेहतरीन उपन्यास का वो शीर्षक शब्द है, जिसका रविवार को राष्ट्रीय राजधानी के भारत मंडमप में विश्व पुस्तक मेले-2026 में सुप्रसिद्ध लेखिका श्रीमती चित्रा मुद्गल द्वारा विमोचन किया गया है। उपन्यास हिंदी के वरिष्ठ पत्रकार और लेखक ब्रह्मवीर सिंह



द्वारा रचित है। जो मूल रूप से इससे जुड़ी हुई उनकी पहली कृति 'बुत मरते नहीं' के दूसरे भाग के रूप में उसके आगे की कहानी बयां करता है। लोकार्पण समारोह में प्रसिद्ध कवि पद्मश्री डॉ.सुनील जोगी, लेखक-कवि एवं दैनिक हिंदुस्तान के प्रबंध संपादक प्रताप सोमवंशी और हरिभूमि समाचारपत्र समूह के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी भी उपस्थित रहे। उपन्यास को प्रभात ▶▶|शेष पेज 8 पर

### प्रयास निरर्थक नहीं जाएगाः डॉ. द्विवेदी

*कार्यक्रम के समापन पर सभी अतिथियों का धन्यवाद करते हुए हरिभूमि समाचारपत्र समूह के प्रधान संपादक डॉ.हिमांशु द्विवेदी ने कहा कि आज का यह आयोजन मेरे लिए निजी तौर पर प्रसन्नता का अवसर है। क्योंकि जैसाकि पहले ब्रह्मवीर जी कह रहे थे कि हमने कई अन्य पुस्तकें भी प्रकाशित की हैं, वह अखबार के संदर्भ से जुड़ी हुई रही हैं। लेकिन यह उपन्यास उन सभी से कुछ अलग है। बतौर साहित्यकार के रूप में ब्रह्मवीर इस पुस्तक को लाने में सफल रहे हैं। हमने पूर्व में दो किताबों का लोकार्पण रायपुर* ▶▶|शेष पेज 8 पर

आनंद का सच्चा भाव®

| | |
|---|---|
| 18 कैरेट रेट* (75.00%) | = ₹104386/- |
| 22 कैरेट रेट* (91.60%) | = ₹127490/- |
| 24 कैरेट रेट* (99.99%) | = ₹139167/- |

सोने का भाव* प्रति 10 ग्राम | GST Extra

anand Jewels
Pandri, Raipur
*Conditions apply

## खबर संक्षेप

### कश्मीर में सुरक्षाबलों का तलाशी अभियान

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग शहर में सुरक्षा बलों ने रविवार को घेराबंदी एवं तलाशी अभियान (सीएएसओ) चलाया। अधिकारियों ने बताया कि अनंतनाग में जंगलात मंडी इलाके के दांतर में यह अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में राष्ट्रविरोधी तत्वों की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद यह कार्रवाई की गई। उन्होंने बताया कि दक्षिण कश्मीर के इस शहर में यह दूसरा ऐसा अभियान है। इससे पहले सुरक्षा बलों ने शनिवार को भी इसी तरह घेराबंदी एवं तलाशी की थी।

राज्य कर्मचारी संघ छत्तीसगढ़ के अधिवेशन में कर्मचारी-अधिकारियों को नए साल का गिफ्ट

# सीएम का ऐलान, छग के शासकीय सेवकों को भी केंद्र के बराबर मिलेगा महंगाई भत्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रदेश के शासकीय अधिकारी-कर्मचारियों के हित में महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए महंगाई भत्ता 55 प्रतिशत से बढ़ाकर केंद्र सरकार के समान 58 प्रतिशत किए जाने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि बढ़ती महंगाई के बीच यह निर्णय कर्मचारियों को वास्तविक राहत प्रदान करेगा।

उन्होंने कहा कि यह निर्णय सरकार की कर्मचारी-हितैषी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। श्री साय ने राजधानी रायपुर के रोहिणीपुरम स्थित सरस्वती शिक्षा संस्थान परिसर में राज्य कर्मचारी संघ, छत्तीसगढ़ द्वारा आयोजित त्रैवार्षिक अष्टम प्रदेश अधिवेशन को संबोधित करते हुए यह बात कही।




### दो साल में सरकार ने लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय

मुख्यमंत्री श्री साय ने अधिवेशन को संबोधित करते हुए कहा कि यह अधिवेशन संगठनात्मक विचार-विमर्श के साथ ही सुशासन के संकल्प को सुदृढ़ करने का एक सशक्त अवसर है। जब सरकार और कर्मचारी कंधे से कंधा मिलाकर कार्य करते हैं, तभी विकास का मार्ग प्रशस्त होता है और शासन व्यवस्था अधिक सशक्त बनती है। उन्होंने कहा कि पिछले दो वर्षों में सरकार ने कर्मचारियों के हित में अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं। स्थानांतरण नीति, पदोन्नति प्रक्रिया और कार्यस्थल संबंधी व्यवस्थाओं में सुधार कर प्रशासन को अधिक पारदर्शी, सुचारु और कर्मचारी-अनुकूल बनाया गया है। सुशासन एवं अभिसरण विभाग के गठन से जन-विश्वास आधारित शासन तंत्र को और मजबूती मिली है।

### ...ताकि सेवानिवृत्त कर्मियों को न हो परेशानी

*मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि पेंशन, ग्रेच्युटी एवं अन्य सेवानिवृत्ति लाभों के समयबद्ध भुगतान पर विशेष ध्यान दिया गया है, ताकि कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति के समय किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। छत्तीसगढ़ पेंशन फंड की स्थापना कर तथा पेंशन फंड विधेयक को विधानसभा से पारित कर राज्य ने इस दिशा में एक मजबूत विधायी आधार भी प्रदान किया है। उन्होंने कहा कि ई-ऑफिस, ऑनलाइन सेवाओं और तकनीकी नवाचारों के माध्यम से कर्मचारियों की कार्यक्षमता को सशक्त बनाया गया है, वहीं प्रशिक्षण एवं क्षमता विकास कार्यक्रमों के जरिए उन्हें बदलते समय के अनुरूप तैयार किया जा रहा है। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ श्रम कल्याण मंडल के अध्यक्ष योगेश दत्त मिश्रा, राष्ट्रीय राज्य कर्मचारी संघ के अखिल भारतीय अध्यक्ष गौरव कुमार सोनी, महामंत्री राजेंद्र कुमार श्रीवास्तव, राज्य कर्मचारी संघ छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष अरूण तिवारी, प्रदेश महामंत्री अश्वनी चेलक तथा बड़ी संख्या में कर्मचारी-अधिकारी उपस्थित थे।*

# पंजाब में 'आप' के सरपंच की हत्या कर भागे दो शूटर रायपुर में दबोचे गए

*पंजाब पुलिस दोनों शूटरों को कोर्ट में पेश कर ट्रांजिट रिमांड पर अपने साथ अमृतसर ले गई*

**रायपुर।** पंजाब, तरणतारन के एक मैरिज पैलेस में आम आदमी पार्टी के सरपंच की हत्या कर भागे दो शूटरों को पंजाब पुलिस ने रायपुर स्थित राजेंद्रनगर थाना क्षेत्र के ऋषभ अपार्टमेंट से रविवार को धर दबोचा। दोनों शूटर अपने रिश्तेदार के यहां छिपे हुए थे। पंजाब पुलिस ने स्थानीय पुलिस की मदद से दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

दोनों को कोर्ट में पेश कर पंजाब पुलिस अपने साथ लेकर रविवार को ही अमृतसर रवाना हो गई। पंजाब पुलिस ने तरनतारन जिले के वल्टोहा गांव के सरपंच जरमल सिंह की हत्या करने के आरोप में सुखराज और कर्मवीर को गिरफ्तार किया है। दोनों शूटरों ने जरमल सिंह की गोली मारकर हत्या की थी।



### पुलिस को मिला था शूटरों का फूटेज

घटना के बाद शूटरों का मैरिज पैलेस के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे में बाइक से भागते फोटो कैद हो गई। फोटो के आधार पर पुलिस बदमाशों की पहचान कर पतासाजी कर रही थी। इसी दौरान पुलिस को दोनों शूटरों के रायपुर में छिपे होने की जानकारी मिली। प्रारंभिक पूछताछ ▶▶|शेष पेज 8 पर

### फेसबुक पोस्ट डालकर फंसे शूटर

सरपंच की हत्या करने के तीन दिन बाद शूटरों ने फेसबुक में गुरुमुखी भषा में पोस्ट किया। पोस्ट में शूटरों ने हत्या का अपराध कबूल किया। उनके पोस्ट की जानकारी मिलने के बाद पंजाब पुलिस फेसबुक के आईपी एड्रेस से जानकारी जुटाई और उनको रायपुर में दबोच लिया।

KALINGA INSTITUTE OF INDUSTRIAL TECHNOLOGY (KIIT)
Deemed to be University
(Established U/S 3 of UGC Act 1956), Bhubaneswar, Odisha, India

A++ Grade Accredited by NAAC
THE World University Rankings 2026: 501+Cohort Globally; 5th India Rank
QS World University Rankings 2026: 1st in Odisha; 9th in India among pvt. universities
nirf 2025: 17th Among Indian Universities
NBA: Tier 1 Re-accredited by NBA
ABET: ABET (US) Accreditation
IET Accredited Programme: The Institute of Engineering and Technology
ECOSOC: Special Consultative Status by the UN-ECOSOC
Partnership with UN VOLUNTEERS

KIITEE 2026
APPLY NOW
through KIIT Websites
www.kiitee.ac.in / www.kiit.ac.in
No Examination Fee (Computer-Based Test)
Scan to Apply

ACADEMIC PROGRAMMES AVAILABLE

UG (3 years/4 years)/Integrated (5 years) Programmes
[All 4 years Programmes are with Honors/Research]

B.Tech Programmes
- Civil
- Construction Technology
- Electrical
- Electrical & Computer Science
- Mechanical
- Mechanical (Automobile)
- Aerospace
- Mechatronics
- Electronics & Telecommunication
- Electronics & Computer Science
- Electronics & Electrical
- Electronics (VLSI Design & Technology)
- Chemical
- Computer Science & Engineering (CSE)
- CSE (Artificial Intelligence & Machine Learning)
- CSE (Artificial Intelligence)
- CSE (Cyber Security)
- CSE (Data Science)
- CSE (Internet of Things & Cyber Security including Block Chain Technology)
- CSE (Internet of Things)
- Information Technology
- Computer Science & System
- Computer Science & Communication
- Biotechnology

UG Programmes in other Disciplines
- B.Design (Automobile/ Graphic/Product)
- B.Design (Fashion / Textile)
- Integrated M.Tech Biotechnology (5yrs)
- B.Tech (Lateral Entry)
- B.Arch
- BCA
- BBA
- B.Sc (Hospitality & Tourism)
- Bachelor of Film & Television Production
- Bachelor of Communication & Journalism
- Bachelor of Physical Education & Sports
- BA Economics
- BA Sociology
- BA English
- BA Psychology
- BA French
- BA Spanish
- BA Japanese
- BA German
- B.Com
- B.Sc (Economics & Data Analytics)
- B.Sc Computer Science
- B.Sc Nursing
- B.Pharma
- D.Pharma
- B.Sc.(Fintech & Business Analytics)
- B.Sc.(Statistics & Data Analytics)

PG (1 year/2 years)/Integrated (5 years) Programmes
- M.Tech
- LLM (1yr)
- MCA
- M.Sc Biotechnology
- M.Sc Applied Microbiology
- M.Arch
- MBA-IEV (Innovation, Entrepreneurship and Venture Development)
- Master of Communication & Journalism
- Master in Urban & Regional Planning
- Master in Yoga & Naturopathy
- Master of Hospital Administration
- Master of Public Health
- MA in Fashion Management
- M. Design (Interior)
- M.Sc Computer Science
- MA Economics
- MA Sociology
- MA English
- MA Psychology
- Master in Public Policy
- M.Com
- M.Sc Physics
- M.Sc Chemistry
- M.Sc Mathematics & Data Science
- Master in Library & Information Sciences
- Master in Physical Education & Sports
- M.Sc Nursing
- Integrated M.Tech & Ph.D
- Ph.D

2025 Placement Highlights
750+ Companies
6000+ Job Offers
₹53 LPA Highest Salary Offered
₹8.50 LPA Average CTC
1500+ Paid Internships

Director Admissions, Admission Cell (Koel Campus), KIIT DU, Bhubaneswar, Odisha, India-751024
admission@kiit.ac.in kiitee.ac.in 8080 735 735

KIIT (Deemed to be University) has only one permanent campus in Bhubaneswar, Odisha. It has no other campus / off campus anywhere else in the country and globe.

# भाजपा का वीबी जी-राम-जी जनजागरण अभियान कल से, पहले जिलों में होंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

**भाजपा की प्रदेश स्तरीय कार्यशाला में बनी योजना**




भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यालय में विकसित भारत जी-राम-जी जनजागरण अभियान को लेकर प्रदेश स्तरीय कार्यशाला में 13 जनवरी से लेकर 28 फरवरी तक होने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की गई। सबसे पहले 13 जनवरी से जिलों में सम्मेलनों के साथ कार्यशाला भी होगी। इसी के साथ संभाग स्तर पर पांचों संभागों में बड़े आयोजन होंगे। इन आयोजनों में भाजपा के राष्ट्रीय नेताओं के साथ प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, प्रदेश के मंत्री, सांसद, विधायक अलग-अलग स्थानों के आयोजनों में शामिल होंगे। राज्यसभा सांसद एवं भाजपा राष्ट्रीय महामंत्री अरुण सिंह ने वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से कार्यशाला को संबोधित किया।

### 13 जनवरी से 28 फरवरी तक होंगे आयोजन

कार्यशाला में प्रदेशभर में योजना को लेकर किए जाने वाले जनजागरण अभियान को लेकर इसकी पूरी रूपरेखा तैयार की गई। इसमें पहले चरण में 13 से 25 जनवरी तक जिलों में सम्मेलनों के साथ कार्यशाला होगी। इन सम्मेलनों में जिलों के प्रभारी मंत्री, जिला पंचायत के प्रतिनिधियों के साथ सामाजिक कार्यकर्ता, किसान, मजदूर सभी वर्ग के लोग शामिल होंगे।

# ट्रैफिक मैनेजमेंट में बेहतर कार्य करने पर दुर्ग यातायात पुलिस सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

**एएसपी ट्रैफिक ऋचा मिश्रा ने ग्रहण किया सम्मान**




दुर्ग ट्रैफिक पुलिस को इंस्टिट्यूशन ऑफ सेफ्टी इंजीनियरिंग इंडिया ने बेहतर ट्रैफिक मैनेजमेंट के लिए रायपुर में आयोजित कार्यक्रम में पुरस्कृत किया है। दुर्ग ट्रैफिक पुलिस की ओर से सम्मान एएसपी ट्रैफिक ऋचा मिश्रा ने शनिवार को ग्रहण किया। ट्रैफिक पुलिसकर्मियों को भी सम्मानित किया गया। दुर्ग एसएसपी विजय अग्रवाल के निर्देश पर वर्ष 2025 में दुर्घटना पर रोक लगाने ऑपरेशन सुरक्षा अभियान चलाया गया। ऑपरेशन सुरक्षा के तहत नियमों का पालन ना करने वाले, बिना हेलमेट 20 हजार 235, बिना सीट बेल्ट 7 हजार 238, नशे में वाहन चलाने वाले 1 हजार 381, तेज गति 1 हजार 685, गलत पार्किंग 10 हजार 945 वाहनों पर कार्रवाई की गई थी। ट्रैफिक पुलिस के इस अभियान से सड़क दुर्घटना में कमी आने के साथ एक्सीडेंट में मौत का आंकड़ा कम हुआ।

### इन्हें भी किया गया सम्मानित

एएसआई ट्रैफिक सुशील पांडे को ड्यूटी के दौरान सजगता, सतर्कता, अनुशासन एवं कर्तव्यनिष्ठा के साथ कार्य करने हेतु सम्मान प्रदान किया गया। उनके द्वारा यातायात प्रबंधन, नियमों के पालन को सुनिश्चित कराने एवं आम नागरिकों को सहयोगात्मक रूप से मार्गदर्शन देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई जा रही है। आरक्षक विजय शर्मा को विभिन्न विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर यातायात व्यवस्था से संबंधित आवश्यक सुधारात्मक कार्यों को समय पर संपादित कराने, यातायात अवरोधों के समाधान तथा सुरक्षित आवागमन सुनिश्चित करने में सक्रिय योगदान हेतु सम्मानित किया गया।

## सांसद, विधायकों भी बड़े बकायेदार, पर कनेक्शन सिर्फ छोटों का काटा जा रहा

# कोरबा में सबसे ज्यादा बिजली के 1300 बड़े बकाएदार, धमतरी-नारायणपुर में सबसे कम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

**छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी बकाएदारों से वसूली करने के अभियान में लगी हुई है, लेकिन बिजली सिर्फ छोटे बकाएदारों की ही ज्यादा कट रही है। एक लाख से ज्यादा के सबसे ज्यादा 13 सौ बकाएदार कोरबा में हैं। राजधानी रायपुर में 270 बड़े बकाएदार है, इसमें से सवा पर एक्शन होने के बाद इनका बकाया जमा हो गया है।**

अलग खबर

प्रदेश भर में करीब छह हजार बड़े बकाएदार हैं, इनमें प्रदेश के मंत्री, सांसद, विधायक और प्रशासनिक अधिकारी भी शामिल हैं। यही वजह है कि इनकी बिजली कट करने से पॉवर कंपनी कतरा रही है। पॉवर कंपनी का बिजली उपभोक्ताओं पर बकाया लगातार बढ़ते जा रहा है। आमतौर पर छोटे बकाएदार तो बकाया जमा कर देते हैं, लेकिन बड़े बकाएदार अपना बकाया जमा ही नहीं करते हैं। इन पर एक्शन भी नहीं होता है। अब तो प्रदेश में बिजली बिल हॉफ योजना का दायरा भी सीमित कर दिया गया है। पहले चार सौ यूनिट तक बिजली बिल हॉफ होता था तो बकाएदार अपने बिल का भुगतान कर देते थे, क्योंकि दो माह से ज्यादा का बकाया होने पर बिजली बिल हॉफ योजना का लाभ नहीं मिलता था।



### छोटे बकाएदारों पर लगातार एक्शन

राजधानी रायपुर के साथ ही प्रदेश के छोटे बकाएदारों पर लगातार एक्शन हो रहा है। ऐसे में जिनकी बिजली कट हो रही है, वो अपना बकाया जमा रहे हैं। जिनका बकाया थोड़ा ज्यादा है, उनको किस्तों में भी भुगतान की सुविधा मिल रही है। जो आम उपभोक्ता बड़े बकाएदार हैं, उन पर भी एक्शन हो रहा है, लेकिन पॉवरफुल और एप्रोच वाले बड़े बकाएदारों को पॉवर कंपनी कुछ नहीं कर रही है।

### कहां कितने बड़े बकाएदार

प्रदेश भर में करीब छह हजार बड़े बकाएदार हैं। इसमें सबसे ज्यादा 1310 कोरबा में हैं। इसी तरह से रायपुर में 270, बिलासपुर में 273, महासमुंद में 220, जांजगीर में 730, कुनकुरी में 630, सरगुजा में 226,, सूरजपुर में 348, बलरामपुर में 130, दुर्ग में 119, गरियाबंद में 38, बस्तर में 95, बालोद में 27, बलौदाबाजार में 108, बेमेतरा में 30, बीजापुर में 58, चिरमिरी में 171, दंतेवाड़ा में 132, धमतरी में 27, मरवाही में 80, मुंगेली में 160, रायगढ़ में 175, सक्ती में 135, कोरिया में 54, सुकमा में 84, नारायणपुर में 27, बिलाईगढ़ में 44 बड़े बकाएदार हैं।

### मंत्री, विधायक, सांसद भी बड़े बकाएदार

एक तरफ जहां आम उपभोक्ता भी बड़े बकाएदार हैं, वहीं बड़े बकाएदारों में प्रदेश के मंत्री, सांसद, विधायकों के साथ प्रशासनिक अधिकारियों की भी कमी नहीं है। राजधानी रायपुर में जरूर सवा सौ बड़े बकाएदारों पर एक्शन लिया गया है, लेकिन ये सभी आम उपभोक्ता हैं, अब तक किसी भी नेता और प्रशासनिक अधिकारी पर एक्शन नहीं लिया गया है और इनकी बिजली भी कट नहीं की गई है।

### 20 हजार तक बकाया वाले 10 लाख

सबसे ज्यादा छोटे बकायादार ही हैं कहा जाए तो गलत भी नहीं होगा। 20 हजार या इससे ज्यादा के बकाएदारों की प्रदेश भर में संख्या दस लाख से ज्यादा है। इन पर ही करीब दो हजार करोड़ से ज्यादा का बकाया है। वैसे बीपीएल कनेक्शनधारी बकाएदारों की भी कमी नहीं है। बिजली कभी कट नहीं होती है तो इनका बकाया भी लगातार बढ़ते जा रहा है।

## बलौदाबाजार हिंसा मामला

# छत्तीसगढ़ क्रांति सेना अध्यक्ष, जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी के सहसचिव गिरफ्तार





- कार्यकर्ताओं में आक्रोश , थाने और कोर्ट के बाहर लगी भीड़, रही तनाव की स्थिति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जिला मुख्यालय में 10 जून 2024 को हुई तोड़फोड़ और आगजनी की घटना के मामले में पुलिस ने लगभग 18 माह बाद बड़ी कार्रवाई करते हुए शनिवार को छत्तीसगढ़ क्रांति सेना के प्रदेश अध्यक्ष अजय यादव तथा जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी के सह सचिव दिनेश कुमार वर्मा उर्फ मंडल को रायपुर से हिरासत में लिया है। गिरफ्तार किए जाने के बाद दोनों को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया। आगजनी एवं तोड़फोड़ प्रकरण से जुड़े अन्य मामलों में भी दोनों की संलिप्तता की जांच की जा रही है। इधर, गिरफ्तारी की खबर मिलते ही छत्तीसगढ़ क्रांति सेना और जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी के कार्यकर्ताओं में भारी आक्रोश देखने को मिला। रविवार सुबह से ही बड़ी संख्या में कार्यकर्ता सिटी कोतवाली थाना परिसर के बाहर एकत्र हो गए और गिरफ्तार नेताओं से मुलाकात की मांग करते रहे। न्यायालय परिसर के बाहर भी कार्यकर्ताओं की भीड़ जुट गई, जिससे कुछ समय के लिए तनावपूर्ण स्थिति निर्मित हो गई।

### बिना नोटिस के गिरफ्तारी की

पार्टी कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि पुलिस ने बिना किसी पूर्व सूचना या नोटिस के सीधे गिरफ्तारी की, जो पूरी तरह अन्यायपूर्ण है। वहीं, आरोपियों के वकील का कहना है कि पुलिस बीते 18 महीनों से दोनों नेताओं को फरार बता रही थी, जबकि वे लगातार सार्वजनिक रूप से पार्टी गतिविधियों में सक्रिय थे और कभी छिपे नहीं रहे।

### गिरफ्तार आरोपी

1. अजय यादव, पिता रामकुमार, उम्र 51 वर्ष, निवासी धरमनगर पचपेड़ी नाका, रायपुर।
2. दिनेश कुमार वर्मा उर्फ मंडल, पिता चैतराम, उम्र 51 वर्ष, निवासी दुबे कॉलोनी, रायपुर।



बिलासपुर
सोमवार 12 जनवरी 2026
माघ कृष्ण पक्ष नवमी
वर्ष : 25, अंक : 291
पृष्ठ : 12+4 =16 मूल्य : 4.00***

मौसम
अधि. 28.0
न्यून. 13.2

haribhoomi.com




# हरिभूमि


छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी


राष्ट्रीय युवा दिवस आज









inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


# पीएम मोदी बोले-इतिहास में दफन हो गए गजनी-औरंगजेब, वहीं खड़ा है सोमनाथ

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमनाथ मंदिर पहुंचकर न केवल पूजा-अर्चना की, सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के अवसर पर पीएम मोदी ने कहा कि सोमनाथ को तोड़ने वाले आक्रांता आज इतिहास के पन्नों में सिमट गए हैं, लेकिन दुर्भाग्य से देश में आज भी ऐसी ताकतें मौजूद हैं, जो मंदिरों के पुनर्निर्माण का विरोध करती रही हैं। उन्होंने कहा, इतिहास में गजनी-औरंगजेब दफन हो गए, वहीं सोमनाथ खड़ा है।

एजेंसी ▶▶| सोमनाथ

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को कहा कि आजादी के बाद गुजरात में सोमनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण का विरोध करने वाली ताकतें हमारे बीच अब भी सक्रिय हैं। भारत को उन्हें हराने के लिए सतर्क, एकजुट तथा शक्तिशाली बने रहने की जरूरत है। गुजरात के गिर सोमनाथ जिले में स्थित ऐतिहासिक मंदिर पर अतीत में हुए हमलों और हर बार इसके पुनर्निर्माण का जिक्र करते हुए मोदी ने कहा कि लोगों का दिल तलवार की नोक पर कभी नहीं जीता जा सकता। उन्होंने कहा कि सोमनाथ का 1,000 वर्षों का इतिहास विनाश और पराजय का नहीं, बल्कि विजय और ▶▶|शेष पेज 8 पर

- सोमनाथ से प्रधानमंत्री का संदेश, कट्टरता-नफरत छुपाई गई



### प्रधानमंत्री ने 'शौर्य यात्रा' का नेतृत्व

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'शौर्य यात्रा' का नेतृत्व किया। इसका आयोजन सोमनाथ मंदिर की रक्षा करते हुए प्राणों की आहुति देने वालों के प्रति सम्मान प्रदर्शित करने के लिए किया गया। इस यात्रा में 108 अश्वों की झांकी निकाली गई, जो वीरता और बलिदान का प्रतीक है। प्रधानमंत्री का स्वागत करने के लिए शंख सर्कल से वीर हमीरजी गोहिल सर्कल तक यात्रा मार्ग के दोनों ओर बड़ी संख्या में लोग और श्रद्धालु एकत्र हुए थे।

### सोमनाथ मंदिर में दर्शन का समय

- हर दिन श्रद्धालु सुबह 6:00 बजे से रात 9:00 बजे तक दर्शन
- सुबह की मंगला आरती सुबह 7:00 बजे
- दोपहर की आरती 12:00 बजे और शाम की आरती रात 7:00 बजे
- सोमनाथ मंदिर परिसर में रात में लाइट एंड साउंड शो भी आयोजित किया जाता है



### सोमनाथ मंदिर में की पूजा-अर्चना

पीएम मोदी ने ऐतिहासिक सोमनाथ मंदिर में पूजा-अर्चना भी की और सरदार वल्लभभाई पटेल को श्रद्धांजलि दी, जिनकी प्रतिमा मंदिर परिसर के पास स्थापित है। युवा पुजारियों का एक समूह, जिन्हें 'ऋषि कुमार' भी कहा जाता है, मोदी के वाहन के साथ-साथ चलते हुए भगवान शिव का वाद्ययंत्र 'डमरू' बजा रहा था।

### 12 ज्योतिर्लिंगों में प्रथम सोमनाथ

साल 1026 में महमूद गजनवी ने पहली बार सोमनाथ मंदिर पर हमला किया था, जिसके 1000 साल पूरे हुए हैं। उसी 1000वीं वर्षगांठ के अवसर पर सोमनाथ स्वाभिमान पर्व 8 से 11 जनवरी 2026 तक आयोजित किया गया। इसके अलावा सोमनाथ मंदिर में 11 मई 1951 को पुनर्निर्माण के बाद प्राण प्रतिष्ठा की गई थी। मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के 75 वर्ष पूरे होने की वजह से सोमनाथ स्वाभिमान पर्व की अहमियत और बढ़ गई।

शालीमार बाग मर्डर केस

## हिस्ट्रीशीटर पति की हत्या की गवाह पत्नी की गोली मारकर हत्या

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दिल्ली के शालीमार बाग में एक बेहद खौफनाक वारदात हुई है। करीब 3 साल पहले जहां एक हिस्ट्रीशीटर को उसके जानी दुश्मन ने गोली मारकर मौत के घाट उतार दिया था, ठीक उसी तरह शनिवार को उसकी पत्नी की भी हत्या कर दी गई। पुलिस को शक है कि पति की हत्या में शामिल एक आरोपी, पत्नी की हत्या में भी शामिल हो सकता है।




यह दुखद घटना रचना यादव नाम की 52 वर्षीय महिला के साथ हुई। रचना, अपने पति बिजेंद्र यादव की हत्या की गवाह थीं। उनकी बड़ी बेटी कनिका (32) ने बताया, 'करीब डेढ़ साल पहले, जब वह कोर्ट जा रही थीं, तब उनका पीछा किया गया और उन्हें धमकी दी गई थी। इसके बाद से वह वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए ही सुनवाई में शामिल होने लगी थीं।' कनिका ने आगे कहा, 'मेरे पिता के हत्या के कुछ आरोपी तिहाड़ जेल में बंद हैं। इसके बावजूद, ऐसी वारदात हो रही हैं। यह बहुत ही चौंकाने वाली बात है।' परिवार वालों ने बताया कि रचना अपने एक पड़ोसी के घर से अंतिम संस्कार में शामिल होकर लौट रही थीं।

घर के पास एक खोमचे पर वह हाथ-पैर धोने रुकीं, तभी हमलावरों ने उन पर ताबड़तोड़ गोलियां बरसा दीं। हमलावर घात लगाकर बैठे थे और उन्होंने रचना को बिल्कुल करीब से गोली मारी, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई।

## खबर संक्षेप

### सूद ने गौशाला को 22 लाख रुपए किए दान

**नई दिल्ली।** अभिनेता सोनू सूद ने गुजरात के वराही में स्थित एक गौशाला को 22 लाख रुपए की सहायता प्रदान की, जहां लगभग 7000 गायें हैं। यह गौशाला परित्यक्त, घायल और बचाई गई गायों को देखभाल और सुरक्षा प्रदान करती है। इसका संचालन इतने बड़े पैमाने पर होता है कि निरंतर संसाधनों और सतत समर्थन की आवश्यकता होती है।



### ठगी का शिकार हुए किसान ने की आत्महत्या

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड के उधमसिंह नगर जिले में रहने वाले एक किसान ने यहां के काठगोदाम क्षेत्र में एक होटल के कमरे में रविवार तड़के कथित तौर पर स्वयं को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। मृतक किसान की पहचान काशीपुर के पैगा गांव निवासी सुखवंत सिंह (40) के रूप में हुई है। अपने साथ हुई चार करोड़ रुपए की ठगी को लेकर लंबे समय से मानसिक तनाव में था।

### दो बाइक की टक्कर तीन की मौत

**एटा।** एटा जिले के अवागढ़ क्षेत्र में दो मोटरसाइकिलों के बीच हुई भीषण भिड़ंत में तीन लोगों की मृत्यु हो गई तथा एक अन्य व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतकों की पहचान ज्ञान सिंह (45), प्रदीप (30) और गौरव (28) के रूप में हुई है। वहीं, घायल छोटू (35) का इलाज जारी है।



### एसयूवी ने ट्रक से भिड़ी पिता-पुत्री की मौत


**पटना।** पटना में बख्तियारपुर-मोकामा राजमार्ग पर एक एसयूवी गाड़ी ने एक कंटेनर ट्रक को पीछे से टक्कर मार दी और फिर एक कार से टकरा गई। इस घटना में एक व्यक्ति और उसकी बेटी की मौत हो गई और चार अन्य घायल हो गए। हादसा शनिवार रात 11 बजे हुआ, जो संभवतः घने कोहरे के कारण हुआ क्योंकि कोहरे की वजह से दृश्यता कम हो गई थी। मृतकों की पहचान अनुपम कुमार और उनकी बेटी आस्था रानी के रूप में हुई है जो भागलपुर निवासी थे।

## मंच पर अश्लील डांस, एसडीएम को नोटिस, दो पुलिसकर्मी लाइन अटैच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद/ मैनपुर

देवभोग थाना क्षेत्र के ग्राम उरमाल में आयोजित छह दिवसीय ओपेरा कार्यक्रम के नाम पर खुलेआम अश्लील नृत्य कराए जाने का मामला सामने आने के बाद प्रशासन और पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया है। मनोरंजन का हवाला देकर ली गई अनुमति के विपरीत आयोजन में अर्धनग्न नृत्य, पैसे लुटाने और अव्यवस्था के वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होते ही कार्रवाई शुरू की गई। मामले में आयोजकों के खिलाफ एफआईआर ▶▶|शेष पेज 8 पर

- एसडीएम की मौजूदगी में चला अश्लील डांस, पंडाल में बेकाबू भीड़, जमकर उड़ाए गए पैसे





### वीडियो वायरल होते ही हरकत में पुलिस

10 जनवरी को आयोजन से जुड़े कई वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुए, जिसके बाद पुलिस ने संज्ञान लिया। देवभोग थाना प्रभारी फैजुल शाह ने बताया कि ▶▶|शेष पेज 8 पर

### एसडीएम को कारण बताओ नोटिस

कलेक्टर बीएस उईके द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि शासकीय भूमि पर बिना विधिसम्मत नियंत्रण के इस प्रकार के कार्यक्रम का आयोजन होना ▶▶|शेष पेज 8 पर

### मनोरंजन की अनुमति अश्लीलता की छूट

जानकारी के अनुसार उरमाल के कुछ युवकों की समिति ने मनोरंजन के नाम पर ओपेरा आयोजन की अनुमति मैनपुर एसडीएम से प्राप्त की थी। लेकिन आयोजन के तीसरे दिन 7 जनवरी से कार्यक्रम में अश्लीलता परोसी जाने लगी। इसके लिए ओडिशा से बार डांसरों को बुलाया गया, जिनके ▶▶|शेष पेज 8 पर


## 'ग्रोक एआई' से अब नहीं बनेगी अश्लील तस्वीरें

इधर, 'एक्स' ने स्वीकार की गलती, हटाए 600 खाते, 3,500 सामग्री

**नई दिल्ली।** सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा एलन मस्क के स्वामित्व वाले सोशल मीडिया मंच 'एक्स' को 'ग्रोक एआई' के अश्लील सामग्री मुद्दे पर चेतावनी दिए जाने के बाद माइक्रोब्लॉगिंग साइट ने अपनी गलती स्वीकार कर ली है। कहा है कि वह भारतीय कानूनों का पालन करेगी। सूत्रों ने बताया कि लगभग 3,500 सामग्री 'ब्लॉक' की गई हैं और 600 से अधिक खाते हटा दिए गए हैं। यह कदम ऐसे वक्त उठाया गया है, जब 'ग्रोक' पर दुनिया भर की सरकारों का दबाव बढ़ता जा रहा है। नियामक हाल के दिनों में 'एक्स' पर बड़ी संख्या में सामने आई आपत्तिजनक और बिना सहमति वाली यौन सामग्री, 'कंटेंट मॉडरेशन' और डेटा सुरक्षा को लेकर जेनरेटिव एआई इंजन की कड़ी जांच कर रहे हैं।


अनंत स्मृतियों का सत्रहवां पुण्य स्मरण

Symbol of Trust
at
Since:1957



स्व. जसराज जी बरड़िया
(कैवल्यधाम तीर्थ के संस्थापक अध्यक्ष एवं पूर्व अध्यक्ष एमएमआई)
(1935-2009)

अनंत स्मरण, अनंत प्रेरणा, अनंत प्रेम,
अनंत ओज, अनंत ऊर्जा के अनंत स्त्रोत
की अंतहीन स्मृतियों को नमन् !

आपकी याद में : तिलोकचंद-मंजूलता, शांतिलाल-मंजू, अशोक कुमार-सुनीता
नितिन-शुभम, निकेश-अंकिता, सौरभ-चांदनी, अक्षय-सोनल, सिद्धार्थ-आकांक्षा, अंकित-सुरभि,
पुण्यवर्धन, रेयांशी, किआना, त्रिशान, अमायरा, मैरव, सन्वय, सानविक, मिराया, अधीरा, अद्विक बरड़िया

समस्त बरड़िया परिवार एवं at ग्रुप

अनोपचंद तिलोकचंद
ज्वेलर्स

AT पैलेस रायपुर सिटी कोतवाली चौक, सदर बाजार | रायपुर अनूप प्लाजा, सदर बाजार | रायपुर नई कपड़ा मार्किट, पंडरी | बिलासपुर लिंक रोड, एस डी एम चौक | कोरबा पावर हाउस रोड | गोंदिया गाँधी प्रतिमा के पास | शिवरीनारायण पूल चौक, केरा रोड
मुंबई, जवेरी बाजार | कोलकाता, कैमिक स्ट्रीट

ATUL


## रजिस्ट्री में रुकेगी कर चोरी, स्टाम्प कम लगाया तो 2 फीसदी ब्याज, अपील पर 25 प्रतिशत राशि पहले जमा करनी होगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

जमीन-जायदाद की रजिस्ट्री की दौरान जानबूझकर कम स्टाम्प लगाकर कर चोरी यानी कर अपवंचन करने वालों की अब खैर नहीं। सरकार ने भारतीय स्टाम्प छत्तीसगढ़ संशोधन के तहत इस पूरे गड़बड़झाले पर रोक लगा दी है। खास बात ये है कि अब कर अपवंचन करने पर रजिस्ट्री वाले दिन से हर ▶▶|शेष पेज 8 पर

### अब हुआ ये बदलाव

अब मूल अधिनियम की धारा 35 में बदलाव किया गया है। इसमें कहा गया है कि कोई ऐसी लिखत, उस शुल्क के, जिससे कि वह प्रभार्य है अथवा उस लिखत की दशा में, जो अपर्याप्त रूप से स्टाम्पित है, ऐसे शुल्क को पूरा करने के ▶▶|शेष पेज 6 पर



### क्यों किया गया ये बदलाव

रजिस्ट्री की प्रक्रिया के जानकारों के अनुसार, राज्य में लंबे अरसे से रजिस्ट्री में कर अपवंचन किया जा रहा था। यह इसलिए हो रहा था कि नियम, कानून ही उन्हें यह गड़बड़ी करने का रास्ता देते थे। होता ये था कि रजिस्ट्री के धंधेबाज जानबूझकर स्टाम्प कम ▶▶|शेष पेज 8 पर

### अपील में गए तो 25 प्रतिशत राशि पहले जमा करनी होगी

इसी बदलाव अब ये भी किया गया है कि स्टाम्प की कमी संबंधी विवाद की स्थिति में कलेक्टर के समक्ष अपील में जाने का प्रावधान भी है। यह अपील की सुनवाई भी बरसों-बरस होती थी, लेकिन अब अपील में जाने के पहले स्टाम्प की कीमत की 25 प्रतिशत राशि पहले अदा करनी होगा। अधिनियम में अब ये संशोधन किया गया है। कोई भी अपील, तब तक ग्राह्य नहीं की जाएगी, जब तक कि ऐसा व्यक्ति कलेक्टर द्वारा ▶▶|शेष पेज 8 पर

चिंतन

# अमेरिका का दूसरों के मामलों में दखल क्यों

जब आकांक्षाएं बदलती हैं तो इसका असर कहीं न कहीं दिखाई देता ही है। ऐसा ही काम अब दुनिया का सबसे शक्तिशाली राष्ट्र अमेरिका कर रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप हर देश के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप करते नजर आते हैं। हाल ही में टैरिफ से दुनिया में हलचल मचाने वाले ट्रंप युक्रेन, वेनेजुएला के बाद अब ईरान में भी हस्तक्षेप कर रहे हैं। हालांकि अमेरिका की शुरू से ही दूसरों के मामलों में टांग अड़ाने की आदत रही है। आखिर अमेरिका जैसे देश का दूसरे देशों के मामले में हस्तक्षेप कहां तक उचित है। वह भी तब, जब दुनिया में बदलाव की बयार चल रही हो। अब मामला ईरान का है। ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियान का कहना है कि अमेरिका और इज़राइल ईरान में दंगे भड़काकर अराजकता और अव्यवस्था फैलाना चाहते हैं। उन्होंने ईरानियों से दंगाइयों और आतंकवादियों से दूरी बनाए रखने का आह्वान किया। बता दें कि ईरान में धार्मिक सत्ता को चुनौती देने वाले राष्ट्रव्यापी विरोध प्रदर्शनों को दो सप्ताह से अधिक समय हो चुका है। हिंसक प्रदर्शनों में अब तक 190 लोगों की जान जा चुकी है। ईरान के संसद अध्यक्ष ने चेतावनी दी कि अगर अमेरिका राष्ट्रपति ट्रम्प की धमकी के अनुसार इस्लामी गणराज्य पर हमला करता है, तो अमेरिकी सेना और इज़राइल उसके वैध लक्ष्य होंगे। ईरान का कहना है कि अमेरिका न सिर्फ अशांति एवं असुरक्षा का वातावरण बना रहा है, अपितु आतंकवाद और हिंसा भी भड़का रहा है। साथ ही, उसने यह भी आरोप लगाया कि ईरान में आर्थिक समस्याओं की बड़ी वजह अमेरिका द्वारा लगाए गए अवैध एवं अन्यायपूर्ण प्रतिबंध हैं। हालांकि अमेरिका का कहना है कि वह ईरान में मानवाधिकारों की रक्षा और परमाणु समझौते के पालन को सुनिश्चित करना चाहता है। ईरान का मानना है कि वह उसके आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप कर रहा है और अशांति फैला रहा है। अमेरिका एक वैश्विक शक्ति है और वह अपने हितों को बचाने के लिए दूसरों के मामलों में दखल देता है। बता दें कि ईरान में अमेरिका के दखल का इतिहास 1953 से शुरू होता है, जब अमेरिका ने ईरान के प्रधानमंत्री मोहम्मद मोसादेघ की सरकार का तख्तापलट करवा दिया था। इसके बाद ईरान में शाह वंश का शासन स्थापित हुआ, जो अमेरिका के इशारों पर काम करता था। 1978 के बाद से अमेरिका की दुश्मनी ईरान के साथ ज्यादा बढ़ गई। ईरान को कंट्रोल करने के लिए 1979 के बाद से अमेरिका ने कई कवायद की, लेकिन उसे सफलता नहीं मिल पाई। आखिरी बार जून 2025 में जब अमेरिका ने ईरान पर हमला किया था, तो उस वक्त ईरान ने होर्मुज के नीचे बारूद बिछवा दिया। इसकी वजह से आनन-फानन में अमेरिका को सीजफायर करना पड़ा। अब ट्रंप नए सिरे से ईरान पर कंट्रोल हासिल करने की प्लानिंग में हैं। कहा यह भी जा रहा है कि ईरान की इकोनॉमी मुख्य रूप से ऑयल और नैचुरल गैस पर निर्भर है। ईरान के पास 208209 अरब बैरल तेल अभी भी है। ये दुनिया के कुल प्रमाणित तेल भंडार का 12% हिस्सा है। ईरान को सऊदी अरब और इजराइल का विरोधी माना जाता है। ये दोनों ही देश अमेरिका के करीबी हैं। अमेरिका की नजर ईरान के ऑयल और गैस रिजर्व पर है। अगर अमेरिका, ईरान पर कंट्रोल कर लेता है, तो दुनिया के व्यापार का 20% उसके कब्जे में आ जाएगा। अमेरिका की खास दिलचस्पी होर्मुज स्टेट और फारस की खाड़ी को लेकर भी बताई जा रही है।



जयंती विशेष
शिवप्रकाश

# स्वामी विवेकानंद के दिखाए मार्ग पर चलें

स्वामी विवेकानंद कुशाग्र बुद्धि, युवा प्रणेता, शिक्षा उन्नायक, समाज सुधारक, धर्म प्रचारक एवं समरसता के प्रेरक जैसे गुणों से युक्त थे। 11 सितंबर 1893 के विश्व धर्म सभा के अपने भाषण के कारण विश्व प्रसिद्ध हो गए। भारत सरकार ने 1984 से स्वामी विवेकानंद के जन्म दिवस को "युवा दिवस" के रूप में मनाने का निर्णय लिया। वे स्वतंत्रता आंदोलन के महान क्रांतिकारियों की प्रेरणा थे। घोर गुलामी के कालखंड में भी भारत के दायित्व के प्रति उन्होंने जो विश्वास प्रकट किया, उसको पूर्ण करने का कार्य वर्तमान एवं भावी पीढ़ी को करना है। जीवन की अल्पावधि में जो महान कार्य उनके द्वारा हुए, उनको पूर्णता प्रदान करने का संकल्प लेना उनके जन्मदिवस पर उनको सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

स्वामी विवेकानंद का जन्म 12 जनवरी 1863 को कलकत्ता में हुआ था। भगवान शिव की कृपा स्वरूप वह प्रसिद्ध अधिवक्ता पिता विश्वास नाथ दत्त एवं माता भुवनेश्वरी देवी के परिवार में जन्मे थे। बचपन में उनको नरेन्द्रनाथ दत्त नाम मिला था। बाल्यकाल में उनको विले एवं नरेन के नाम से भी पुकारा जाता था। स्वामी रामकृष्ण परमहंस से दीक्षा लेने की बाद प्रारंभ में वह विविदिषानन्द तत्पश्चात वह विश्व भर में स्वामी विवेकानंद के नाम से प्रसिद्ध हुए। वह कुशाग्र बुद्धि, युवा प्रणेता, शिक्षा उन्नायक, समाज सुधारक, धर्म प्रचारक एवं समरसता के प्रेरक जैसे गुणों से युक्त थे। युवा पीढ़ी में भारतीय स्वाभिमान को बढ़ाने में उनका महत्वपूर्ण योगदान है। उनके आह्वान के कारण अंग्रेजी दासता से मुक्ति के लिए अनेक युवकों ने अपना संपूर्ण जीवन स्वतंत्रता के लिए दांव पर लगाया। स्वामी विवेकानंद 11 सितंबर 1893 के विश्व धर्म सभा के अपने भाषण के कारण विश्व प्रसिद्ध हो गए। भारत सरकार ने 1984 से स्वामी विवेकानंद के जन्म दिवस को "युवा दिवस" के रूप में मनाने का निर्णय लिया।

क्रिस्टोफर कोलंबस के अमेरिका पहुंचने के 400 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में शिकागो (अमेरिका) में विश्व धर्म सभा का आयोजन किया गया था। इसका उद्देश्य विगत 400 वर्षों में हुई भौतिक प्रगति को दिखाना एवं ईसाई धर्म का वैश्विक विस्तार एवं उसकी श्रेष्ठता को सिद्ध करना था। मिशिगन झील के चारों तरफ़ एक भव्य एवं विशाल प्रदर्शनी का आयोजन भी किया गया था। 494 किलोमीटर लम्बी झील पर लगी इस प्रदर्शनी को लाखों लोगों द्वारा देखा गया। इस आयोजन के महत्वपूर्ण कार्यक्रम धर्मसभा के अंतर्गत हुए स्वामी विवेकानंद के संक्षिप्त भाषण से भारत के धर्म, विचार एवं दर्शन के साथ-साथ भारतवासियों द्वारा संपूर्ण विश्व के प्रति किए गए व्यवहार का दर्शन संपूर्ण विश्व को हुआ। उनके सारगर्भित भाषण से हिंदू धर्म संपूर्ण विश्व में पुनः स्थापित हुआ। साथ ही स्वामी विवेकानंद भी संपूर्ण विश्व में प्रसिद्ध हो गए। अपने भाषण में उन्होंने हिंदू धर्म में वर्णित संपूर्ण विश्व को परिवार मानने की हमारी दृष्टि, सहिष्णुता ही नहीं सभी सत्य है एवं इस सत्य की यात्रा अपने-अपने मार्ग से करते हुए एक ही स्थान पर पहुंचते हैं तथा हिन्दू धर्म को सभी को स्वीकार कर शरण देने वाला हमारा व्यवहार यह उनके भाषण का सार था। इसको शिव महिमा स्तोत्र एवं गीता के मंत्र को गायन कर उन्होंने प्रतिस्थापित किया, जो आज भी संपूर्ण मानवता के लिए मार्गदर्शक हैं। संपूर्ण पृथ्वी के संसाधनों पर कब्जा करने के लिए व्यवस्थाओं का अतिक्रमण, अनेक देशों में परस्पर चलने वाले युद्धों से कराहती मानवता, अपने धर्म के विस्तार के लिए दूसरे धर्म अनुयायियों की समाप्ति के प्रयास, आज भी संपूर्ण मानवता के सम्मुख चुनौती हैं। इसी की चेतावनी जिसको स्वामी जी ने अपने भाषण में वर्णित किया था कि सांप्रदायिकता, हठधर्मिता, धर्मांधता पृथ्वी को हिंसा से भरती रही है। उन्होंने आह्वान किया था कि सभा के सम्मान में हुआ उत्पीड़न एवं पारस्परिक कटुता का मृत्यु निनाद सिद्ध होगा। यह लक्ष्य प्राप्ति अभी भी कोसों दूर है। हिंदू धर्म में व्याप्त कुरीतियों के उन्मूलन के लिए उन्होंने समाज का आह्वान किया था।

अस्पृश्यता पर प्रहार करते हुए उन्होंने कहा था कि "हिंदू धर्म का एक ही सिद्धांत रह गया है, मुझे मत छुओ-



मुझे मत छुओ। इस मत छुओवाद के कारण समाज की बहुत बड़ी क्षति हुई है। यह ईश्वर की व्यवस्था एवं मानवता के प्रति घोर अन्याय है।" अनेक महापुरुषों एवं संस्थाओं के प्रयासों के बाद भी यह कार्य अभी अपूर्ण है। समरस समाज निर्माण के लक्ष्य की प्राप्ति के लिए हमें अभी भी सतत प्रयत्न करने हैं। आज जब संपूर्ण देश में मतांतरण, लवजेहाद, लैंड जेहाद, घुसपैठ जैसे माध्यमों से देश की जनसांख्यिकी परिवर्तन का प्रयास हो रहा है। ऐसे समय स्वामी विवेकानंद का यह विचार कि "जब एक हिंदू अपना धर्म छोड़ता है, तब केवल एक हिंदू कम नहीं होता, बल्कि देश का एक शत्रु बढ़ जाता है।" अमेरिका में ईसाई मिशनरियों को चेतावनी देते हुए उन्होंने कहा था कि"समाज की गरीबी एवं लाचारी का लाभ उठाकर प्रलोभन अथवा सेवा का माध्यम बनाकर धर्मांतरण करना यह सेवा नहीं व्यापार है।"

लॉर्ड मैकाले की शिक्षा पद्धति को उन्होंने नकारात्मक शिक्षा पद्धति कहा, जो आने वाली पीढ़ी के मन में अपनी परंपरा, संस्कृति, इतिहास, भाषा एवं महापुरुषों के प्रति ग्लानि का निर्माण करती है। उनका कहना था कि "वह शिक्षा जो तुम्हें आत्मनिर्भर न बनाये, वह शिक्षा नहीं है।"

स्वामी विवेकानंद केवल धर्म प्रचारक ही नहीं, वह भारत के आर्थिक विकास के प्रति भी सजग थे। हमारे युवा आर्थिक विकास के लिए विज्ञान एवं तकनीकी का उपयोग करने वाले बनें, यह आह्वान भी उन्होंने किया था। प्रसिद्ध उद्योगपति जमशेद जी टाटा से यात्रा के समय हुए संवाद में भारत की आर्थिक प्रगति में उनके योगदान के संबंध में चर्चा की थी। जमशेद जी टाटा द्वारा भारतीय विज्ञान संस्थान एवं टाटा स्टील जैसे उद्योगों की स्थापना के पीछे स्वामी जी की ही प्रेरणा थी। इस भेंट में स्वामी विवेकानंद ने कहा था कि "केवल विदेश से तकनीकी आयात करना भारत की गरीबी नहीं मिटाएगा, हमें अपनी तकनीकी स्वयं विकसित करनी होगी।" भारत विश्व की सर्वाधिक युवा जनसंख्या वाला देश है। स्वामी विवेकानंद ने युवाओं का आह्वान करते हुए कहा था कि "उठो, जागो और लक्ष्य प्राप्ति से पहले मत रुको"(उत्तिष्ठत जाग्रत प्राप्य वरान्निबोधत)। उनका कहना था कि "मेरा विश्वास युवा पीढ़ी में है। इन्हीं में से राष्ट्र निर्माण के कार्यकर्ता निकलेंगे।" उन्होंने स्वस्थ एवं फौलादी शरीर वाले, संवेदनशील हृदय वाले, सेवाभावी युवाओं की कल्पना की थी। मानसिक गुलामी से मुक्ति का आह्वान करते हुए उन्होंने कहा था कि "भारत की कमजोरी आर्थिक गरीबी नहीं, बल्कि मानसिक गुलामी है।" उनका प्रसिद्ध वाक्य "हम पाप के कारण से नहीं जन्मे, हम अमरत्व की संतान हैं (वयम् अमृतस्य पुत्राः)"। स्वदेशी एवं स्वाभिमान के भाव को प्रकट करते हुए उन्होंने मंत्र दिया था कि "गर्व से कहो, मैं भारतीय हूँ, प्रत्येक भारतीय मेरा भाई है, कहो भारत की मिट्टी मेरा सर्वोच्च स्वर्ग है।" पश्चिम प्रवास के समय भारत में स्त्री-पुरुष समानता पर प्रश्न पूछने पर उन्होंने कहा था कि भारत में स्त्री सदैव श्रेष्ठ है क्योंकि वह माँ है।

उन्होंने कहा कि भारत की स्त्रियों को पश्चिमी फैशन की नहीं, बल्कि सीता एवं सावित्री के चारित्रिक बल की आवश्यकता है। उनका यह संदेश कि "किसी के पीछे मत चलो, स्वयं का मार्ग बनाओ। पाश्चात्य देशों की नकल करना सभ्यता नहीं, बल्कि अपनी बौद्धिक मृत्यु को निमंत्रण देना है।" स्वतंत्रता आंदोलन के महान क्रांतिकारियों की प्रेरणा स्वामी विवेकानंद थे। घोर गुलामी के कालखंड में भी भारत के दायित्व के प्रति उन्होंने जो विश्वास प्रकट किया, उसको पूर्ण करने का कार्य वर्तमान एवं भावी पीढ़ी को करना है। अपने जीवन की अल्पावधि में जो महान कार्य स्वामी विवेकानंद के द्वारा हुए, उनको पूर्णता प्रदान करने का संकल्प लेना उनके जन्मदिवस पर उनको सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

( लेखक भाजपा के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री हैं , ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

संकल्प
डॉ. पवन कुमार शर्मा



# राष्ट्र चेतना व आस्था का उत्सव है सोमनाथ स्वाभिमान पर्व

द्वादश ज्योतिर्लिंग स्तोत्रम में गुजरात के सोमनाथ को बारह पवित्र ज्योतिर्लिंगों में प्रथम स्थान पर रखा गया है, जिससे भारतीय आध्यात्मिक परंपरा में उसके महत्व का पता चलता है। यह उस सभ्यतागत विश्वास को प्रतिबिंबित करता है कि सोमनाथ भारत के आध्यात्मिक भूगोल का आधार है। गुजरात में वेरावल के निकट प्रभास पाटन में अरब सागर के किनारे स्थित, सोमनाथ केवल एक पूजा स्थल नहीं है, बल्कि भारत की सभ्यतागत निरंतरता का एक जीवंत प्रतीक है। 1000 वर्ष पूर्व, 1026 ईस्वी में महमूद गज़नवी ने पहली बार हिंदू आस्था के इसी केंद्र बिंदु सोमनाथ पर आक्रमण किया था, लेकिन आक्रमणों, विध्वंस और अपमान के बावजूद सोमनाथ ने आत्मसमर्पण नहीं किया। आस्था के इस केंद्र की गौरवशाली विरासत को याद करने के लिए 8 से 11 जनवरी 2026 तक सोमनाथ स्वाभिमान पर्व का आयोजन किया गया। यह भव्य आयोजन भारत की सांस्कृतिक अस्मिता, ऐतिहासिक स्मृति, राष्ट्रीय स्वाभिमान और राष्ट्र चेतना का प्रतीक बन गया है। सोमनाथ स्वाभिमान पर्व का उद्देश्य भारत की उस आत्मा को स्मरण करना है, जिसने हर दौर में पुनर्निर्माण का साहस दिखाया।

सोमनाथ मंदिर का इतिहास बताता है कि कैसे यह स्थल बार-बार नष्ट किया गया, लेकिन हर बार और अधिक भव्यता के साथ खड़ा हुआ। यह पर्व नई पीढ़ी को अपने अतीत से जोड़ने और आत्मगौरव की भावना जागृत करने का माध्यम है। सोमनाथ स्वाभिमान पर्व में देश-विदेश से श्रद्धालु, संत, इतिहासकार और जनप्रतिनिधि उपस्थित हुए। सहस्त्र वर्षों के लंबे संघर्षकाल के बाद आया यह मौका केवल उत्सव का नहीं, बल्कि आत्ममंथन का भी अवसर बना। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का उद्बोधन कार्यक्रम का केंद्र बिंदु रहा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने संबोधन में सोमनाथ को भारत की आत्मा का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि सोमनाथ केवल एक मंदिर नहीं, बल्कि भारत की अटूट चेतना और स्वाभिमान का साक्षात स्वरूप है। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि इतिहास को केवल पीड़ा के रूप में नहीं, बल्कि प्रेरणा के स्त्रोत के रूप में देखा जाना चाहिए। प्रधानमंत्री ने कहा कि जिन्होंने सोमनाथ को तोड़ने का प्रयास किया, वे इतिहास में खो गए, लेकिन सोमनाथ आज भी अडिग खड़ा है। राष्ट्र निर्माण में आत्मगौरव और सांस्कृतिक चेतना का होना आवश्यक है। उन्होंने विकास और विरासत के संतुलन की बात करते हुए कहा कि आधुनिक भारत अपनी प्राचीन जड़ों पर गर्व करता है। प्रधानमंत्री ने सरदार वल्लभभाई पटेल और डॉ. राजेन्द्र प्रसाद का स्मरण करते हुए कहा कि स्वतंत्र भारत में सोमनाथ का पुनर्निर्माण केवल धार्मिक कार्य नहीं था, बल्कि राष्ट्रीय आत्मसम्मान की पुनर्स्थापना थी। आज का भारत आत्मनिर्भर, आत्मविश्वासी और सांस्कृतिक रूप से जागरूक भारत है। सोमनाथ स्वाभिमान पर्व इसी चेतना का प्रतीक है। जब राष्ट्र अपनी जड़ों से जुड़ा होता है, तभी वह वैश्विक मंच पर मजबूती से खड़ा हो सकता है। स्वाभिमान पर्व के दौरान 72 घंटे का अखंड ओंकार जाप, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, प्रकाश-ध्वनि कार्यक्रम और ऐतिहासिक प्रदर्शनी आयोजित की गईं।

इन कार्यक्रमों के माध्यम से सोमनाथ के इतिहास और संघर्ष को जनसामान्य तक प्रभावी रूप से पहुंचाया गया। सदियों तक सोमनाथ करोड़ों लोगों की श्रद्धा और उपासना का केंद्र रहा है। इसे बार-बार उन आक्रमणकारियों द्वारा निशाना बनाया गया, जिनका उद्देश्य भक्ति नहीं, बल्कि विनाश था। इसके बावजूद सोमनाथ की कथा सनातन धर्म को मानने वाले करोड़ों लोगों के अटूट साहस, विश्वास और संकल्प से जानी जाती है। पुराणों के अनुसार, सोमनाथ मंदिर की स्थापना स्वयं चंद्रदेव ने की थी। कहा जाता है कि चंद्रमा ने भगवान शिव की आराधना कर अपने क्षय रोग से मुक्ति पाई और कृतज्ञता स्वरूप इस ज्योतिर्लिंग की स्थापना की। ऋग्वेद, स्कंद पुराण, शिव पुराण और भागवत पुराण में सोमनाथ की महिमा का वर्णन मिलता है। प्राचीन काल में सोमनाथ मंदिर अपार संपन्नता और वैभव का केंद्र था। विदेशी यात्रियों के वर्णनों के अनुसार, मंदिर में सोने-चांदी के कलश, रत्नजड़ित द्वार और हजारों दीपक सदैव प्रज्ज्वलित रहते थे। समुद्री व्यापार के कारण यह क्षेत्र अत्यंत समृद्ध था और सोमनाथ उस समृद्धि का प्रतीक था। यह मंदिर आने वाली पीढ़ियों को यह प्रेरणा देता रहेगा कि आस्था और आत्मबल के सामने कोई भी आक्रमण टिक नहीं सकता। सोमनाथ स्वाभिमान पर्व केवल अतीत की स्मृति नहीं बल्कि भविष्य का संकल्प है। यह दिव्य भव्य आयोजन संदेश देता है कि भारत अपनी आस्था, इतिहास और स्वाभिमान के साथ आगे बढ़ रहा है

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## राम सब घट मेरा साइयां



संकलित
दर्शन

पूरे संसार में राम का निवास है, सबमें भगवान हैं और हम उन्हें हाथ जोड़कर प्रणाम करते हैं। राम ईश्वर के रूप में सबके हृदय में है। कबीर ने कहा है-'राम सब घट मेरा साइयां'... राम ईश्वर के रूप में सबके हृदय में हैं। सदा सर्वदा सबके हृदय में रहेंगे, लेकिन हमारे स्वार्थ, हमारे हेतु, हमारी मानसिकताओं के कारण कभी-कभी हम राम को साधन बना बैठते हैं। इसलिए हम राम को सही रूप में नहीं समझ पाते। प्रत्येक व्यक्ति में यदि हमें सिया राम के दर्शन होने लगें तो तमाम भेदभाव समाप्त हो जाएंगे। जातीय आधार पर भेदभाव काफी हद तक कम हुआ है, लेकिन अब भी बहुत कुछ करने की जरूरत है। इसके लिए धर्माचार्यों को आगे आना होगा। धार्मिक क्षेत्र हो, राजनीतिक या फिर सामाजिक क्षेत्र, अंतिम व्यक्ति पूज्य होना चाहिए। अगर अंतिम व्यक्ति आप तक नहीं पहुंच पा रहा है तो यह आपकी जिम्मेदारी है कि आप उस तक पहुंचें। भारतीय दर्शन में इहलोक और परलोक की बात आती है। इहलोक और परलोक का कल्याण करने की बात मेरी दृष्टि में इह यानी अपने संसार के साथ-साथ दूसरों का भी कल्याण हो, ऐसा प्रयास करना ही इहलोक और परलोक को सुधारना है। दूसरों के कल्याण की भावना का क्षेत्र बहुत व्यापक है। हम व्यापक व विराट की संतान हैं, इसलिए दूसरों के कल्याण का भारतीय सोच पूरे विश्व के कल्याण का सोच है। जब हम वसुधैव कुटुंबकम की बात करते हैं, तो दुनिया के सभी देशों के कल्याण की बात करते हैं।

## कपड़े की उपयोगिता दिखावे के लिए नहीं



संकलित
प्रेरणा

संत कबीर रोज अपने शिष्यों को और अन्य लोगों को उपदेश दिया करते थे। कबीर जी के उपदेश सुनने एक धनी व्यक्ति भी आता था। धनी व्यक्ति कबीर दास जी से बहुत प्रभावित था। एक दिन उस धनी व्यक्ति ने देखा कि कबीर दास जी जो कुर्ता पहनते हैं, वह बहुत पुराना हो गया और कुर्ता बहुत ही सामान्य कपड़े से बना था। अगले दिन धनी व्यक्ति एक मूल्यवान कुर्ता लेकर पहुंचा और कबीर दास को उपहार में दे दिया। कुर्ता मखमल से बना था। बाहर की ओर से कुर्ता मखमली था और अंदर की ओर उसमें सामान्य कपड़ा लगा था। धनी व्यक्ति ने सोचा था कि अब कबीर दास जी उसका दिया हुआ कुर्ता पहनेंगे। अगले दिन जब वह व्यक्ति फिर से कबीर दास जी के पास पहुंचा तो उसने देखा कि कबीर जी ने उल्टा कुर्ता पहना है। दरअसल, कबीर दास जी के कुर्ते का मलमल वाला हिस्सा अंदर की ओर था और बाहर सामान्य कपड़ा दिख रहा था। उस धनी व्यक्ति ने कबीर जी से पूछा कि ये आपने क्या किया? आपने तो कुर्ता उल्टा पहना है? सभी लोगों ने भी कबीर दास जी से पूछा कि कुर्ता मूल्यवान है तो आपने इसे उल्टा क्यों पहना है? कबीर जी ने कहा कि ये कुर्ता देखकर मैंने सोचा कि मखमल शरीर को स्पर्श होगा तो शरीर को ज्यादा बेहतर लगेगा, क्योंकि ये कपड़ा तो शरीर के लिए ही हैं। दिखाने के लिए तो साधारण हिस्सा ही काफी है। दूसरों को हमारे कपड़ों से क्या लेना-देना?

## अंतर्मन




### आज की पाती

**अंतरराष्ट्रीय पहचान बना रही है हिंदी**

हिंदी केवल भारत में बोली जाने वाली एक भाषा नहीं है, बल्कि यह विश्व की प्रमुख भाषाओं में अपना विशिष्ट स्थान बना चुकी है। हिंदी भारत की संस्कृति है, संस्कार है, यह स्वतंत्रता संग्राम की भाषा है। हिंदी की अंतरराष्ट्रीय पहचान को सुदृढ़ करने, उसके प्रचार-प्रसार को बढ़ावा देने और वैश्विक मंच पर उसकी भूमिका को रेखांकित करने के लिए प्रति वर्ष 10 जनवरी को विश्व हिंदी दिवस मनाया जाता है। यह दिवस हिंदी भाषा के सम्मान, इसके विस्तार और इसके भविष्य की संभावनाओं का प्रतीक है। अमेरिका, ब्रिटेन, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया, मॉरीशस, फिजी, सूरीनाम, दक्षिण अफ्रीका और नेपाल जैसे देशों में हिंदी न केवल बोली जाती है, बल्कि शिक्षा, साहित्य और सांस्कृतिक गतिविधियों का भी माध्यम बनी हुई है।

*- साकेत अग्रवाल, भाटापारा*

## ट्रेंड

**वेगडाजी भील का पराक्रम**




वेगडाजी भील का पराक्रम सोमनाथ के इतिहास का एक अभिन्न हिस्सा है। हिंसा की धमकियों से विचलित हुए बिना वे इस पवित्र मंदिर की रक्षा में दृढ़ता से डटे रहे। उनका जीवन हमें यह सिखाता है कि सोमनाथ की रक्षा के लिए मां भारती की संतानों का संकल्प कितना सशक्त रहा है।
**- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

**गिनीज विश्व रिकॉर्ड**




राजमार्ग अभियांत्रिकी में नए वैश्विक मानदंड स्थापित करते हुए, एनएचएआई ने निरंतर बिटुमिनस कंक्रीट फर्श में दो और गिनीज विश्व रिकॉर्ड हासिल करके इतिहास रच दिया है। यह उपलब्धि कड़े गुणवत्ता नियंत्रण के साथ-साथ आईआईटी बॉम्बे जैसे प्रमुख संस्थानों के सहयोग से संभव हुई।
**-नितिन गडकरी, केंद्रीय राजमार्ग मंत्री**

**उत्साह का संचार**



जिंदगी में आनंद और उत्साह का संचार अगर कोई करते हैं, तो खेल करते हैं। खेल शरीर को स्वस्थ बनाते हैं, मन को और मजबूत बनाते हैं तथा आत्मा को आनंद और प्रसन्नता से भर देते हैं।
**- शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय कृषि मंत्री**

**जनविरोधी फैसला**



काम का अधिकार' कोई भीख नहीं, बल्कि देश के गरीब का कानूनी हक है। भाजपा सरकार 'वी.बी.जी. राम जी योजना' लाकर मनरेगा को व्यवस्थित रूप से खत्म करना चाहती है। इस जनविरोधी फैसले के खिलाफ कांग्रेसी आवाज बुलंद करेंगे।
**-अशोक गहलौत, पूर्व सीएम, राजस्थान**

## करंट अफेयर


# मचाडो शांति पुरस्कार ट्रंप को नहीं दे सकती



नोबेल इंस्टिट्यूट ने स्पष्ट किया है कि वेनेजुएला की विपक्षी नेता मारिया कोरिना मचाडो हाल ही में मिला नोबेल शांति पुरस्कार अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को नहीं दे सकतीं। नॉर्वियन नोबेल इंस्टिट्यूट ने यह बयान मचाडो के यह कहने के बाद जारी किया है कि वह अपना पुरस्कार ट्रंप को देना या उनके साथ साझा करना चाहेंगी, जिन्होंने वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को पकड़ने के अमेरिकी अभियान की निगरानी की है। मादुरो न्यूयॉर्क में मादक पदार्थों की तस्करी के आरोपों का सामना कर रहे हैं। इंस्टिट्यूट ने शुक्रवार को जारी बयान में कहा कि नोबेल शांति पुरस्कार की घोषणा हो जाने के बाद इसपर न तो रोक लगाई जा सकती है, न ही यह किसी दूसरे को सौंपा या उसके साथ साझा किया जा सकता। बयान में कहा गया है, 'फैसला अंतिम होता है और हमेशा बरकरार रहता है।' मचाडो ने 'फॉक्स न्यूज' के प्रस्तोता सीन हैनिटी से सोमवार को कहा था, 'मैं व्यक्तिगत रूप से उनसे यह कहना जरूर चाहूंगी कि हम (वेनेजुएला की जनता) यह मानते हैं कि यह पुरस्कार वेनेजुएला के लोगों का है और वे निश्चित रूप से इसे उन्हें देना या उनके साथ साझा करना चाहते हैं।'

## ऑफ बीट

# झपकी से याददाश्त में हो सकता है सुधार



कुछ लोग इसे विलासिता भोग के रूप में देखते हैं जबकि अन्य इसे मुस्तैद तथा तंदरुस्त बने रहने के तरीके के रूप में देखते हैं। लेकिन झपकी के फायदे के साथ-साथ नुकसान भी हो सकते हैं। वैसे मैं झपकी लेने की जटिल प्रवृत्ति के साथ साथ इस बात से अवगत हूं कि क्यों दोपहर के वक्त 20 से 30 मिनट की झपकी असंख्य तरीकों से फायदेमंद हो सकती है। अनुसंधान से पता चलता है कि झपकी के कई फायदे हैं। छोटी-सी झपकी से मानसिक स्वास्थ्य और याददाश्त के साथ ही मुस्तैदी, ध्यान और प्रतिक्रिया देने के समय में भी सुधार आता है। इसका संबंध उत्पादकता और रचनात्मकता से भी है। चूंकि झपकी से रचनात्मक सोच में सुधार आता दिखायी देता है इसलिए कुछ कंपनियों ने अपने कार्य स्थल पर झपकी लेने के लिए कमरे बनाकर इसका फायदा उठाने का प्रयास किया है। ऐसा कहा जाता है कि मस्तिष्क झपकी के वक्त का इस्तेमाल दिनभर में एकत्रित सूचना को संसाधित करने के लिए करता है जिससे ऐसा प्रतीत होता है कि समस्याओं को हल करने की क्षमता बढ़ती है। एक छोटे-से अध्ययन से यह पता चलता है कि जो लोग झपकी लेते हैं वे कम चिड़चिड़े होते हैं तथा उन्हें कम गुस्सा आता है जिससे काम करते वक्त बेहतर फोकस बनता है और दक्षता बढ़ती है।

**हमारा पता**
हरिभूमि कार्यालय
रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर
फोन: 401050,271016,फैक्स-271018
ई-मेल: haribhoomibsp@gmail.com
वेब-साइट: www.haribhoomi.com

# पर्यटन स्थल कुमेली स्थित रेस्ट हाउस बना रइसों का अड्डा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजनगर

प्रसिद्ध पर्यटन स्थल कुमेली स्थित वन विभाग निगम का विश्रामगृह रइसों की अय्याशी का अड्डा बन गया है। सोशल मीडिया पर एक वीडियों वायरल हो रहा है जिसमें रेस्ट हाउस में क्षेत्र के रईस फर्श पर बैठे हैं तथा बार बालाएं नृत्य प्रस्तुत कर रही हैं। यह वीडियो कब का है इसकी पुष्टि नहीं हो सकी है।

सूरजपुर वनमण्डल अंतर्गत वन परिक्षेत्र रामानुजनगर में स्थित है पर्यटन स्थल कुमेली। कुमेली पर्यटन स्थल पर आकर्षक झरना है जहां पहाड़ी से नदी का पानी गिरता है। कुमेली की प्राकृतिक सुंदरता को देखने दूर-दूर के पर्यटक पहुंचते हैं। पर्यटकों एवं वन अधिकारियों की सुविधा के लिए वन विभाग द्वारा पर्यटन स्थल पर विश्रामगृह का निर्माण कराया गया है। हालांकि कुमेली क्षेत्र के जंगल को विकसित करने की जिम्मेदारी वन विकास निगम को सौंपी गई है। वन विभाग ने क्षेत्र के जंगल को वर्षों पूर्व वन विकास निगम को सौंप दिया है लेकिन रेस्ट हाउस का प्रभार अपने पास ही रखा है। क्षेत्र के जंगलों से वन अधिकारियों का नाता नहीं होने के कारण विभाग के अधिकारी रेस्ट हाउस तक नहीं पहुंचते तथा विभाग के कर्मचारी इसकी व्यवस्था संभालते है। अधिकारियों का नियंत्रण नहीं होने से लम्बे समय से क्षेत्र के रईस रेस्ट हाउस का दुरूपयोग कर रहे हैं। बताया जा रहा है कि रेस्ट हाउस में पूरी रात रइसों की मजलिस सजती है। दूर-दूर के रईस रेस्ट हाउस में पहुंचते हैं अपने मनोरंजन के लिए बार बालाओं को बुलाते हैं जो देर रात तक ठुमके लगाती है। रईस यहां जमकर शराबखोरी करते हैं साथ ही जुआ भी खेलते हैं। क्षेत्रवासी रेस्ट हाउस में इस तरह की गतिविधियां पिछले तीन-चार सालों से संचालित होने एवं मजलिस में बड़ी संख्या में नियमित दूर-दूर के रइसों के शामिल होने की बात कह रहे हैं।



### सोशल मीडिया में वायरल हो रहा बार बालाओं के ठुमके लगाने का वीडियो

#### अधिकारी एक-दूसरे पर थोप रहे है जिम्मेदारी

वीडियो वायरल होने के बाद वन अधिकारी रेस्ट हाउस की जिम्मेदारी लेने को तैयार नहीं हो रहे हैं। वन विभाग के अधिकारी रेस्ट हाउस को वन विकास निगम का जबकि वन विकास निगम के अधिकारी इसे वन विभाग के अधीन होने की बात कह रहे हैं। हालाकि रेस्ट हाउस वन विभाग के ही अधीन है तथा इसके देखरेख की जिम्मेदारी डिप्टी रेंजर को सौंपी गई है। रेस्ट हाउस में राजनीतिक रसुख वाले लोग ही पहुंचते हैं इसलिए वनकर्मी उन्हें आसानी से रेस्ट हाउस की चाबी सौंप देते हैं।

**मकर संक्रांति पर लगता है मेला**

पर्यटन स्थल कुमेली में मकर संक्रांति के अवसर पर विशाल मेला लगता है। मेले में दूर-दूर के व्यवसायी अपनी दुकानें लगाते हैं। मेला में दूर-दूर के ग्रामीण पहुंचते हैं तथा पर्यटन स्थल पर स्नान कर प्राचीन शिव मंदिर में पूजा-अर्चना करते हैं। आयोजन समिति द्वारा मकर संक्रांति मेला की तैयारियां प्रारंभ कर दी गई है। आयोजक समिति के सदस्य मेला में 50 हजार से अधिक ग्रामीणों के पहुंचने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं।

## तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर पलटी, दो युवकों की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

शनिवार को दो अलग कार दुर्घटनाओं में तीन लोगों की मौत हो गई। तेज रफ्तार कार की टक्कर से स्कूटी सवार दो छात्र गंभीर रूप से घायल हो गई जिनमें से एक की मौत हो गई। वहीं दूसरी घटना शहर से लगे हर्रा टिकरा में हुई जहां तेज रफ्तार कार के अनियंत्रित होकर पलटने से दो युवकों की मौत हो गई जबकि दो युवतियों समेत चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। बड़ी बात यह है कि मरने वालों में एक युवक घर से भोपाल जाने के नाम पर कटनी से निकला था और सरगुजा आ गया। फिलहाल पुलिस ने शवों को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया है जबकि मामले की जांच चल रही है। बताया जा रहा है कि शनिवार की रात 9.30 बजे मणिपुर थाना अंतर्गत हर्राटिकरा में तेज रफ्तार किया कार क्रमांक सीजी 15 ईजी 4706 अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गई।



कार की रफ्तार इतनी तेज थी कि हर्रा टिकरा मोड़ पर चालक कार को नियंत्रित नहीं कर पाया और कार दो बार पलटने के बाद उल्टी खड़ी हो गई। घटना के दौरान कार में दो युवती के साथ ही चार युवक सवार थे और सभी बिशुनपुर की तरफ से घूमकर आ रहे थे। इस घटना के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया। स्थानीय लोगों की सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस से घायलों को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया लेकिन उपचार के दौरान कार चालक समेत दो लोगों की मौत हो गई।






*नई दिल्ली। भारत अंतरिक्ष के क्षेत्र में एक और बड़ी उपलब्धि की ओर बढ़ रहा है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन साल 2026 के अपने लॉन्चिंग कैलेंडर की शुरुआत पीएसएलवी-सी62 मिशन से करने जा रहा है। इस मिशन के तहत एक खास पृथ्वी अवलोकन सैटेलाइट अन्वेषा लॉन्च किया जाएगा, जिसे भारत की सुरक्षा और निगरानी क्षमताओं के लिए बेहद अहम माना जा रहा है। इसरो के मुताबिक, पीएसएलवी अब तक 63 सफल उड़ानें पूरी कर चुका है। इसी रॉकेट ने चंद्रयान-1, मंगल ऑर्बिटर मिशन (मॉम) और आदित्य-एल1 जैसे अहम मिशनों को भी अंतरिक्ष में पहुंचाया है। इस नई उड़ान के साथ इसरो एक बार फिर अपनी विश्वसनीयता साबित करने जा रहा है।*

## इसरो रचेगा नया इतिहास

# आसमान में भारत की एक और 'आंख', आज लॉन्च होगा सैटेलाइट अन्वेषा, उल्टी गिनती शुरू

### इसरो का पीएसएलवी-सी62 मिशन 12 जनवरी को लॉन्च होगा

**कब और कहां से होगा लॉन्च**

इसरो का पीएसएलवी-C62 मिशन 12 जनवरी को सुबह 10:17 बजे लॉन्च होगा। यह लॉन्चिंग श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से की जाएगी। इस मिशन में एडवांस अर्थ ऑब्जर्वेशन सैटेलाइट ईओएस-एन1 को अंतरिक्ष में भेजा जाएगा, जिसे 'अन्वेषा' नाम दिया गया है। इसे भारत के लिए 'आसमान में एक और आंख' माना जा रहा है। इसकी उल्टी गिनती शुरू हो गई है।






### यह है खासियत?

- 'अन्वेषा' एक विशेष इमेजिंग सैटेलाइट है, जिसे डीआरडीओ ने विकसित किया है
- इसमें दुश्मन के ठिकानों की सटीक तस्वीरें लेने और मानचित्रण करने की उन्नत क्षमता
- यह सैटेलाइट अंतरिक्ष से भारत की निगरानी और सुरक्षा को और मजबूत करेगा
- 'अन्वेषा' उपग्रह सुरक्षा निगरानी बढ़ाएगा
- मिशन में कुल 15 सैटेलाइट अंतरिक्ष में भेजे जाएंगे

### पीएसएलवी का 64वां उड़ान मिशन

यह मिशन पीएसएलवी का 64वां उड़ान मिशन होगा। 260 टन वजनी और 44 मीटर ऊंचा यह रॉकेट अपनी पिछली विफलता के बाद वापसी कर रहा है। 18 मई 2025 को हुए पिछले मिशन में रॉकेट के तीसरे चरण में तकनीकी खराबी आ गई थी, जिसके कारण वह मिशन असफल रहा था।

### कुल 15 सैटेलाइट होंगे लॉन्च

पीएसएलवी-सी62 मिशन में कुल 15 सैटेलाइट अंतरिक्ष में भेजे जाएंगे। इनमें एक मुख्य भारतीय सैटेलाइट और 14 अन्य छोटे उपग्रह शामिल हैं। इन 14 में से 8 विदेशी सैटेलाइट हैं, जो फ्रांस, नेपाल, ब्राजील और ब्रिटेन के हैं।

### ध्रुवा स्पेस कंपनी के 7 सैटेलाइट भी होंगे लॉन्च

इस मिशन में हैदराबाद की ध्रुवा स्पेस कंपनी पहली बार 7 सैटेलाइट लॉन्च करेगी। यह भारत के निजी अंतरिक्ष क्षेत्र के लिए एक बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है। इसरो ने बताया कि एक पृथ्वी अवलोकन उपग्रह का निर्माण थाईलैंड और ब्रिटेन ने मिलकर किया है।

### 25 घंटे की उल्टी गिनती शुरू

मिशन के लिए 25 घंटे की उल्टी गिनती शुरू हो चुकी है। लॉन्च के करीब 17 मिनट बाद सभी सैटेलाइट को उनकी तय कक्षा में स्थापित कर दिया जाएगा। पूरे मिशन की अवधि दो घंटे से अधिक होगी।

## खबर संक्षेप

### आरएसएस का 15 से देशव्यापी 'हिंदू सम्मेलन'




**मथुरा।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यकर्ता संगठन की शताब्दी वर्षगांठ के उपलक्ष्य में 15 जनवरी से देश भर में 'हिंदू सम्मेलन' आयोजित करेंगे। आरएसएस के एक वरिष्ठ पदाधिकारी ने बताया कि देश भर में एक लाख से अधिक ऐसे सम्मेलन आयोजित करने का लक्ष्य रखा है जिनमें से लगभग 2,000 सम्मेलन ब्रज क्षेत्र में आयोजित किए जाएंगे। ब्रज प्रांत के प्रचार प्रमुख कीर्ति कुमार ने कहा, ''इन सम्मेलनों का उद्देश्य संपूर्ण हिंदू समाज को एक साथ लाना एवं एकता का संदेश देना है तथा लोगों को आपस में जोड़ना है।

### सोनिया गांधी को गंगाराम अस्पताल से छुट्टी मिली



**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता सोनिया गांधी को रविवार को सर गंगा राम अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। उन्हें सीने में संक्रमण के कारण 'ब्रोंकियल अस्थमा' के बढ़ने पर लगभग एक सप्ताह पहले दिल्ली के इस अस्पताल में भर्ती कराया गया था। अस्पताल के अधिकारियों ने बताया कि गांधी पर इलाज का अच्छा असर हुआ है और वह तेजी से ठीक हो रही हैं।

### जवाबी कार्रवाई के लिए तैयार है तेहरान, ईरान में अब तक 78 की मौत

# ईरान की ट्रंप को चेतावनी, हमला हुआ तो हम अमेरिकी सेना और इज़रायल को नहीं बख्शेंगे

**एजेंसी ▸▸ तेहरान**

ईरान की संसद के स्पीकर ने अमेरिका और इजरायल को खुली चेतावनी दे दी है। स्पीकर का कहना है कि अगर उन पर हमला होता है तो उनका लक्ष्य अमेरिकी सैनिक और इजरायल होंगे। यानि कि ईरान अमेरिका के खिलाफ सैन्य और इजरायल के ठिकानों को लक्ष्य बनायेगा। ईरान की धमकी के बाद इजरायल ने अलर्ट घोषित कर दिया है। ईरान में पिछले साल से शुरू हुए आर्थिक संकट के विरोध प्रदर्शन अब व्यापक राजनीतिक आंदोलन बन चुके हैं, जो सीधे इस्लामिक शासन की वैधता को चुनौती दे रहे हैं। मानवाधिकार संगठनों ने लगभग 78 मौतों की पुष्टि की, जबकि मृतकों की संख्या इससे अधिक हो सकती है।

ईरान में खामेनेई का विरोध दिन पर दिन बढ़ता जा रहा है। इंटरनेट ब्लैकआउट के बीच ईरान में हिंसक कार्रवाई चल रहीं हैं। ईरानी मीडिया ने विदेशी साजिश का आरोप लगाते हुए सैकड़ों गिरफ्तारियों की बात कही है। देशभर में इंटरनेट और मोबाइल सेवाएं बंद होने के बावजूद विरोध तेहरान, तबरेज़, मशहद और कुर्दिश इलाकों समेत 100 से ज्यादा शहरों में फैल चुका है।

**खास बातें**

- नेतन्याहू-रूबियो कॉल के बाद इजरायल हाई अलर्ट मोड में
- तेहरान में विरोध प्रदर्शन बना कत्लेआम, सीएनएन से बोली महिला- अस्पताल में लाशों के ढेर
- राजधानी के पुनक स्क्वायर में हजारों प्रदर्शनकारियों पर हल्लाबोल
- रेज़ा पहलवी ने लोगों से सड़कों पर उतरने की अपील की
- क्राउन प्रिंस रजा पहलवी ने सरकार पर गंभीर आरोप लगाए
- ट्रंप ने दिए ईरान में बदलाव के संकेत
- ईरान का दावा - देश के ज्यादातर हिस्सों में शांति



### खामेनेई ने सेना हटाकर उतारे खूंखार 'गार्ड्स'

*ईरान में जारी जन-आक्रोश अब बेकाबू हो गया है। सर्वोच्च नेता अयातुल्ला खामेनेई ने प्रदर्शनकारियों को कुचलने के लिए अपनी सबसे खतरनाक सैन्य टुकड़ी को मैदान में उतार दिया है। पुलिस और नियमित सेना लोगों को रोकने में पूरी तरह विफल रही है। इसके बाद सुरक्षा की पूरी कमान अब रिवोल्यूशनरी गार्ड्स को सौंप दी गई है। ईरान की गुप्त अंडरग्राउंड 'मिसाइल सिटीज' को भी हाई अलर्ट पर रहने का आदेश मिला है।*

### निर्वासित नेता की शहरों पर कब्जे की अपील

*निर्वासित नेता रेजा पहलवी ने प्रदर्शनकारियों से आर-पार की लड़ाई का आह्वान किया है। उन्होंने तेल, गैस और ऊर्जा सेक्टर में देशव्यापी हड़ताल की अपील की है। पहलवी ने लोगों से कहा है कि वे शहरों के मुख्य केंद्रों पर कब्जा कर लें। इस बीच मशहद जैसे शहरों में सेना के जवान प्रदर्शनकारियों से मिन्नतें करते दिख रहे हैं। यह ईरान सरकार की कमजोर होती पकड़ को साफ दर्शाता है।*

### सड़कों पर बिछ रही लाशें

आंदोलन के दौरान हो रही मौतों के आंकड़े बेहद डरावने हैं। मानवाधिकार संगठन ने 9 जनवरी तक 65 लोगों की मौत की पुष्टि की है। इसमें 50 प्रदर्शनकारी शामिल हैं। वहीं डॉक्टरों का दावा है कि ईरान में हकीकत इससे कहीं ज्यादा खौफनाक है। तेहरान के सिर्फ छह अस्पतालों में ही 217 प्रदर्शनकारियों की मौत दर्ज की गई है। रिपोर्ट के अनुसार, इनमें से अधिकांश लोगों को सीधे गोलियों से निशाना बनाया गया है।

### अब तक 78 लोगों की मौत की पुष्टि

विभिन्न मानवाधिकार संगठनों ने लगभग 78 लोगों की मौत की पुष्टि की है, जिनमें 50 प्रदर्शनकारी और 15 सुरक्षाकर्मी शामिल हैं। हालांकि अंतरराष्ट्रीय मीडिया के अनुसार, इस संख्या से कहीं अधिक मौतें हुई हो सकती हैं। केवल तेहरान के कुछ अस्पतालों में ही एक रात में सैकड़ों घायल और मृतकों के मामले दर्ज हुए हैं।

### भगवान के दुश्मन, हो सकती है मौत की सजा

ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई ने प्रदर्शनकारियों पर विदेशी ताकतों के साथ पकड़ होने का आरोप लगाया है। वहीं अटॉर्नी जनरल ने चेतावनी दी है कि विरोध में शामिल लोगों को "भगवान का दुश्मन" मानते हुए मौत की सजा दी जा सकती है।

### इजरायल हाईअलर्ट की स्थिति में

इजरायली सुरक्षा सूत्रों के अनुसार, इजरायल हाई अलर्ट की स्थिति में है और वे किसी भी संभावित कार्रवाई के लिए पूरी तरह से तैयार है। इजरायली सुरक्षा अधिकारियों ने कहा है कि वे क्षेत्र की नाजुक स्थिति को देखते हुए हर संभव स्थिति का सामना करने के लिए तैयार हैं और अमेरिकी निर्णयों पर कड़ी नजर रख रहे हैं।

# कश्मीर में मिला चीनी ग्रेनेड, पाकिस्तान ने बॉर्डर पर ड्रोन से गिराए हथियार

**खास बातें**

- 26 जनवरी के पहले बड़ी साजिश नाकाम
- पाकिस्तानी ड्रोन पुलिस ने किया बरामद



**एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली**



गणतंत्र दिवस (26 जनवरी) से पहले भारत ने पाकिस्तान की बड़ी साजिश को नाकाम कर दिया है। दरअसल, पाकिस्तान से आए एक ड्रोन ने जम्मू-कश्मीर के सांबा जिले की सीमा के नजदीक गांव में हथियार और गोला बारूद की खेप गिराई। हालांकि, खुफिया जानकारी मिलने पर बीएसएफ और जम्मू पुलिस के स्पेशल ऑपरेशंस ग्रुप की एक जॉइंट टीम ने इस साजिश को बेनकाब कर दिया। पुलिस ने बताया कि आने वाले गणतंत्र दिवस समारोह को बाधित करने के लिए आतंकवादियों की किसी भी कोशिश को नाकाम करने के लिए कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच यह रिकवरी की गई। इससे पहले, 21 नवंबर को सांबा की घगवाल तहसील में इंटरनेशनल बॉर्डर के पास एक आगे के गांव के ऊपर एक पाकिस्तानी ड्रोन देखा गया था, जिसके बाद सुरक्षा बलों ने नशीले पदार्थों, हथियारों या दूसरे सामान की एयरड्रॉपिंग के शक में सर्च ऑपरेशन चलाया था। बता दें कि इस ऑपरेशन को अंजाम देने से पहले 27 अक्टूबर को बीएसएफ ने जम्मू जिले के रणबीर सिंह पुरा में सीमा पार से नशीले पदार्थों की तस्करी की एक बड़ी कोशिश को नाकाम कर दिया।

### सर्च ऑपरेशन में मिले पिस्टल व ग्रेनेड

टीम ने शुक्रवार रात को राजपुरा इलाके के पालूरा गांव में सर्च ऑपरेशन चलाया। पुलिस ने बताया मौके से एक पैकेट बरामद हुआ, जिसमें एक चीनी एचई ग्रेनेड, 9एमएम कार्ट्रिज के 16 राउंड, एक मैगजीन के साथ एक ग्लॉक पिस्टल और दो मैगजीन के साथ एक स्टार पिस्टल थी।

### गैस सिलेंडर फटा, नवदंपति समेत आठ की मौत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में रविवार तड़के गैस सिलेंडर विस्फोट में मारे गए आठ लोगों में एक नवविवाहित दंपति भी शामिल था।

# अमेरिका ने लिया बदला, आईएसआईएस के ठिकानों पर की बमबारी, कई आतंकी ढेर



**एजेंसी ▸▸ सीरिया**

अमेरिका ने सीरिया में अपने सैनिकों और नागरिकों की मौत का बदला लेते हुए आतंकी संगठन इस्लामिक स्टेट के ठिकानों पर हवाई हमले किए हैं। अमेरिकी सेंट्रल कमांड के मुताबिक, इस ऑपरेशन में आईएसआईएस के ठिकानों, हथियारों और ढांचों को बर्बाद किया गया। वहीं इस हमले में कई आतंकियों के मारे जाने की भी खबर है। इस ऑपरेशन में एफ-15 ईगल लड़ाकू विमान, ए-10 थंडरबोल्ट विमान और एएच-64 अपाचे हेलीकॉप्टर का इस्तेमाल हुआ था। कमांड ने कहा हमारा संदेश है कि अगर आप हमारे सैनिकों को नुकसान पहुंचाते हैं, तो हम आपको दुनिया में कहीं भी ढूंढ निकालेंगे और मार देंगे। अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने कहा, 'हमलों में आईएसआईएस को निशाना बनाया गया, जो इस्लामी आतंकवाद को खत्म करने, भविष्य के हमलों को रोकने और क्षेत्र में अमेरिकी और साझेदार सेनाओं की रक्षा करने प्रतिबद्ध है।

### आतंकी हमले में मारे गए थे 3 अमेरिकी नागरिक

बता दें कि 13 दिसंबर, 2025 को मध्य सीरिया के पल्मायरा में अमेरिका और सीरिया के सैनिकों पर एक हमलावर ने गोलीबारी की थी। इसमें सीरियाई सुरक्षा बलों के 2 जवान और कई अमेरिकी सैनिक घायल हो गए थे। बाद में 2 अमेरिकी सैनिक और एक दुभाषिए की मौत हो गई थी। सुरक्षाबलों ने हमलावर को भी मार गिराया था, जिसका संबंध आईएसआईएस से बताया गया था। इसके बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बदला लेने की बात कही थी।

## माघी गणपति जयंती ...



**मुंबई।** माघी गणपति जयंती के अवसर पर स्थानीय लोगों ने भगवान गणपति की शोभायात्रा निकालकर पूजन-अर्चन किया। इस दौरान गणपति मंदिरों में विशेष धार्मिक आयोजन किए गए।

## राशिफल

**मेष** — मन प्रसन्न रहेगा। परिवार में सुख-शान्ति रहेगी। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। भवन के रख-रखाव एवं साज-सज्जा के कार्यों पर खर्च बढ़ेंगे।

**वृष** — आत्मविश्वास में कमी रहेगी। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय हो सकती

**मिथुन** — मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु फिर भी आत्मसंयत रहें। रहन-सहन भी अव्यवस्थित रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। स्वाथ्य का ध्यान रखें।

**कर्क** — पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाग-दौड़ बढ़ेगी। कारोबार के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। भाइयों का सहयोग रहेगा। यात्रा के योग बन रहे हैं।

**सिंह** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। बातचीत में सन्तुलित रहें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। व्यवधान आ सकते हैं। आय में कमी आ सकती है।

**कन्या** — अपनी भावनाओं को वश में रखें। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा।

**तुला** — पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। परिश्रम अधिक रहेगा। खर्चों में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं।

**धनु** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। संयत रहें। व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें। शैक्षिक कार्यों के सुखद-परिणाम मिलेंगे। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मकर** — आत्मसंयत रहें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी और आय के साधन भी बनेंगे। खर्च भी बढ़ेंगे। रुचि बढ़ेगी।

**कुंभ** — मन शान्त तो रहेगा। फिर भी धैयशीलता बनाये रखने का प्रयास करें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धार्मिक संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है।

**मीन** — मन अशान्त तो हो सकता है। वाणी में मधुरता भी रहेगी। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती

## शब्द पहेली - 6106



**बाएँ से दाएँ**

1.महीन व कीमती कपड़ा-4
3.गिरवी रखी वस्तु-3
5.चहा,पेय पदार्थ-2
6.ऐयार,गुप्तचर-3
7.संध्या,सांझ-2
9.रसद,किराणा सामग्री-3
11.करामात,करतब-5
14.विक्रय स्थल-3
16.कलाकार-4
17.चाहत,लगन-2
18.सद्,अच्छा-2
19.लंबा कोट-4
23.पानी की बूंद-3
24.कमर में पहना जाने वाला आभूषण-5
27.लोभ,लालसा-3
28.दौड़ना(अंग्रेजी-2)
30.रेखा,लाइन-3
31.अकुवा,आकड़ा-2
32.अव्यवस्थित भीड़-3
33.अचानक,सहसा-4

**ऊपर से नीचे**

1.शराब-2
2.सम्राट,शहंशाह-4
3.सांभर जैसा खाद्य-3
4.सरुर, मद-2
5.चापलूस-4
6.प्राण, जीवन तत्व-2
8.चिंतन-3
10.भद्र, कुलीन-3
12.अपराध-3
13.पिता का भाई-2
15.यात्री दल-3
17.प्रेम लगन-3
18.भ्रमर,जलावर्त-3
20.चमड़ी,त्वचा-2
21.अनुकृति-3
22.आर्द्रक-4
23.कटि,मध्यांग-3
25.हठ करना, जिद करना,रोना-4
26.साजन,सनम-3
27.थूक,लेस-2
29.भीगा हुआ-2
31.उम्मीद,आशा-2

### शब्द पहेली- 6105 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | स | ह | का | रि | ता | ■ | अ | चा | न | क |
| हा | र | ■ | य | ■ | ना | वि | क | ■ | त | र |
| थ | ■ | त | र | जु | मा | ■ | ल | ता | ■ | दा |
| मा | कू | ल | ■ | ■ | र | थ | ■ | क | वि | ता |
| र | ■ | घ | ■ | फ | ना | ■ | खा | ■ | र | ■ |
| ना | म | र | ख | ना | ■ | रा | ज | म | ह | ल |
| ■ | थ | ■ | त | ■ | मो | ह | ■ | ह | ■ | प |
| क | ना | त | ■ | रा | ह | ■ | ■ | क | पा | ल |
| र | ■ | ना | प | ■ | त | म | क | ना | ■ | पा |
| ता | ना | ■ | ली | ड | र | ■ | थ | ■ | का | ना |
| र | च | यि | ता | ■ | मा | ख | न | चो | र | ■ |

## सूडोकु नवताल- 6116

मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | | 4 | 3 | 9 | 7 | 5 | | 6 |
| 3 | | | | | 2 | | | |
| | | 7 | 6 | 5 | | | | 4 |
| 9 | 6 | | 5 | | | 1 | | 7 |
| 5 | | 1 | 4 | | 9 | 8 | | 2 |
| 4 | | 8 | | | | | 5 | 3 |
| 2 | | | | 6 | 1 | 4 | | |
| | | | 7 | | | | | 8 |
| 7 | | 9 | 8 | 3 | 5 | 6 | | 1 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल- 6115 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 4 | 9 | 5 | 2 | 6 | 1 | 3 |
| 9 | 6 | 2 | 4 | 3 | 1 | 8 | 5 | 7 |
| 1 | 3 | 5 | 7 | 8 | 6 | 2 | 4 | 9 |
| 4 | 2 | 3 | 6 | 1 | 5 | 9 | 7 | 8 |
| 8 | 5 | 9 | 2 | 4 | 7 | 1 | 3 | 6 |
| 6 | 7 | 1 | 3 | 9 | 8 | 4 | 2 | 5 |
| 3 | 1 | 7 | 8 | 6 | 4 | 5 | 9 | 2 |
| 5 | 9 | 6 | 1 | 2 | 3 | 7 | 8 | 4 |
| 2 | 4 | 8 | 5 | 7 | 9 | 3 | 6 | 1 |

## खबर संक्षेप

### ठंड, शादी-विवाह की मांग से तेल की कीमतें सुधरी

**नई दिल्ली।** ठंड के मौसम की मांग के अलावा शादी-विवाह के मौसम की मांग बढ़ने से बीते सप्ताह देश के तेल-तिलहन बाजारों में अधिकांश तेल-तिलहनों के दाम मजबूत बंद हुए। दाम में मजबूती के बावजूद सूरजमुखी, सोयाबीन, कपास , मूंगफली जैसे तिलहन के दाम अभी भी न्यूनतम समर्थन मूल्य से नीचे ही बने हुए हैं। सोयाबीन और सरसों का जो अंतर दो-तीन माह पूर्व लगभग 40 रुपये किलो का था, वह अब घटकर 8-10 रुपये किलो रह गया है।

### फ्यूचरक्योर हेल्थ ने जुटाए 104 करोड़ रुपए की राशि

**नई दिल्ली।** फ्यूचरक्योर हेल्थ प्राइवेट लिमिटेड ने कार्नेलियन एसेट मैनेजमेंट एलएलपी के नेतृत्व में 104 करोड़ रुपये की राशि जुटाई है। इसमें अन्य प्रमुख निवेशकों ने भी भाग लिया। कंपनी ने एक बयान में कहा कि इस राशि से बीमारियों के निदान और उपचार तक पहुंच बढ़ाने में मदद मिलेगी। कंपनी ने बताया कि इस नई पूंजी जुटाने से पहले 2022 में भी उसने 40 लाख डॉलर का निवेश जुटाया था।

भारत से दुनिया की उम्मीदें लगातार बढ़ रही हैं

# वाइब्रेंट गुजरात सम्मेलन में पीएम मोदी बोले- भारत अब तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था की ओर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीन दिन के गुजरात दौरे पर है। पीएम मोदी ने राजकोट में आयोजित वाइब्रेंट गुजरात क्षेत्रीय सम्मेलन को संबोधित किया। इस दौरान पीएम मोदी ने कहा कि भारत से दुनिया की उम्मीदें लगातार बढ़ रही हैं और देश आज दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्था है।

■ देश में महंगाई पूरी तरह नियंत्रण में है

पीएम मोदी ने कहा, 2026 के आरंभ के बाद ये मेरा गुजरात का पहला दौरा है। बीते वर्षों में भारत ने बहुत तेज प्रगति भी की है और इसमें गुजरात की, आप सभी की बहुत बड़ी भूमिका रही है। भारत दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर तेज गति से आगे बढ़ रहा है और जो आंकड़ें आ रहे हैं, उससे ये साफ है कि भारत से दुनिया की उम्मीदें लगातार बढ़ रही हैं। भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है।

**कृषि उत्पाद देश में नया रिकॉर्ड बना रहे**

**दूध उत्पादन में आज भारत दुनिया में नंबर वन है**

### पीएम मोदी का हरित उर्जा पर जोर

पीएम मोदी बोले, सौराष्ट्र और कच्छ भारत के हरित विकास, हरित गतिशीलता और ऊर्जा सुरक्षा का भी एक बड़ा हब बन रहा है। कच्छ में 30 गीगावाट कैपेसिटी का रिन्यूएबल एनर्जी पार्क बन रहा है। ये दुनिया का सबसे बड़ा हाइब्रिड रिन्यूएबल एनर्जी पार्क होगा। आप कल्पना कर सकते हैं कि ये पार्क पेरिस शहर से भी पांच गुना बड़ा है। यानी इस क्षेत्र में स्वच्छ उर्जा प्रतिबद्धता के साथ-साथ व्यावसायिक पैमाने की वास्तविकता भी है।



*तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि हालिया आंकड़े यह स्पष्ट करते हैं कि भारत से दुनिया की उम्मीदें लगातार बढ़ रही हैं और देश आज दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती तीसर प्रधानमंत्री ने कहा कि देश में महंगाई नियंत्रण में है और कृषि उत्पादन नए रिकॉर्ड बना रहा है।*

### पीएम मोदी ने की निवेश की अपील

पीएम मोदी कहते हैं, मैं यह बात लंबे समय से कह रहा हूं, अगर आप इसमें देरी करेंगे तो मुझे दोष मत देना। सौराष्ट्र-कच्छ में आपका हर निवेश गुजरात और देश के विकास में योगदान देगा। अभी रवांडा की हाई कमिश्नर बता रही थीं कि जब वह रवांडा गईं, तो उन्होंने वहां 200 गायें गिफ्ट की थीं। ये 200 गायें हमारी गिर गायें थीं। जब हम वहां की ग्रामीण अर्थव्यवस्था के लिए 200 गायें देते हैं, तो एक नियम है कि पहला बछड़ा हमें वापस करना होगा। हम उन्हें दूसरे परिवारों को दे देते हैं। यानी, यह 200 गायों से शुरू हुआ था। ये गायें हजारों परिवारों तक पहुंच गई हैं। यह रवांडा की ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बहुत ताकत दे रहा है।

### दुनिया का सबसे बड़ा मोबाइल डेटा उपभोक्ता बना भारत

*भारत आज दूध उत्पादन में दुनिया में नंबर वन है, वहीं जेनेरिक दवाओं और वैक्सीन निर्माण में भी भारत वैश्विक स्तर पर अग्रणी भूमिका निभा रहा है। भारत की विकास यात्रा को रेखांकित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि पिछले 11 वर्षों में भारत दुनिया का सबसे बड़ा मोबाइल डेटा उपभोक्ता बन गया है। यूपीआई आज दुनिया का नंबर-1 रियल-टाइम डिजिटल ट्रांजेक्शन प्लेटफॉर्म है। इसके साथ ही भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा मोबाइल मैन्युफैक्चरर बन चुका है। पीएम ने आगे कहा कि भारत के पास अब दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम है। एविएशन सेक्टर में भारत तीसरा सबसे बड़ा बाजार बन गया है, जबकि मेट्रो नेटवर्क के विस्तार के मामले में भी भारत दुनिया के शीर्ष तीन देशों में शामिल हो चुका है।*

# आरबीआई एनपीए और निरीक्षण रिपोर्ट सार्वजनिक करने के पक्ष में


एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

बैंक ऑफ बड़ौदा, आरबीएल बैंक, यस बैंक और भारतीय स्टेट बैंक ने केंद्रीय सूचना आयोग (सीआईसी) से संपर्क कर डिफॉल्टरों और एनपीए की सूची, जुर्माने और निरीक्षण रिपोर्ट जैसी सूचनाओं को सार्वजनिक करने पर आपत्ति जताई है। दूसरी ओर आरबीआई ने कहा कि आरटीआई अधिनियम के तहत इन अभिलेखों का खुलासा किया जा सकता है।

■ एसबीआई, बैंक ऑफ बड़ौदा ने किया विरोध

■ आरबीआई ने आरटीआई अधिनियम के तहत किया खुलासा

आरटीआई आवेदनकर्ताओं धीरज मिश्रा, वथिराज, गिरीश मित्तल और राधा रामन तिवारी ने आरबीआई में अलग-अलग आवेदन देकर इस बारे में जानकारी मांगी थी। यस बैंक के



### बैंक ऑफ बड़ौदा ने दी चुनौती

बैंक ऑफ बड़ौदा ने आरबीआई के उस निर्णय को उच्चतम न्यायालय में चुनौती दी है, जिसमें बैंक पर 4.34 करोड़ रुपये जुर्माने से जुड़े दस्तावेजों के खुलासे की अनुमति दी गई थी। आरबीएल बैंक, यस बैंक और एसबीआई ने भी इसी तरह के मामले में जानकारी देने पर आपत्ति जताई।

शीर्ष 100 एनपीए और जानबूझकर कर्ज न चुकाने वालों, एसबीआई और आरबीएल की निरीक्षण रिपोर्ट और बैंक ऑफ बड़ौदा पर वैधानिक निरीक्षण के बाद लगे 4.34 करोड़ रुपये के मौद्रिक जुर्माने से संबंधित दस्तावेजों सहित अन्य जानकारियां मांगी थीं।

### सुप्रीम कोर्ट ने भी दी मंजूरी

आरबीआई ने साफ किया है कि आरटीआई अधिनियम, 2005 सभी पुराने कानूनों से ऊपर है और इसका उद्देश्य पारदर्शिता सुनिश्चित करना है। आरबीआई ने कहा कि उच्चतम न्यायालय ने डिफॉल्टरों की सूची और निरीक्षण रिपोर्ट को सार्वजनिक करने की मंजूरी दी है।

## इरेडा का लाभ 37 फीसदी बढ़कर 585 करोड़




**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की इरेडा का एकल आधार पर शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की दिसंबर तिमाही में 37 प्रतिशत बढ़कर 585 करोड़ रुपये रहा। मुख्य रूप से कंपनी की आय बढ़ने से लाभ बढ़ा है।नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय के अंतर्गत आने वाली कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि पिछले वित्त वर्ष की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में उसे 425 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था। कंपनी का परिचालन राजस्व 38 प्रतिशत बढ़कर 2,140 करोड़ रुपये हो गया, जो एक साल पहले इसी तिमाही में 1,699 करोड़ रुपये था। इरेडा के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक (सीएमडी) प्रदीप कुमार दास ने कहा, इस तिमाही में इरेडा का मजबूत वित्तीय प्रदर्शन भारत के नवीकरणीय ऊर्जा बदलाव को तेज करने के हमारे प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

### आईटीसी होटल को द्वारका के यशोभूमि में मिला पट्टा



**नई दिल्ली।** आईटीसी होटल लिमिटेड को इंडिया इंटरनेशनल कन्वेंशन एंड एक्जिबिशन सेंटर लिमिटेड को द्वारका के यशोभूमि में एक पांच सितारा होटल विकसित करने के लिए पट्टे पर भूमि आवंटित की गई है। भोज सुविधाओं और विशिष्ट व्यंजनों की पेशकश के साथ एक प्रीमियम पांच सितारा होटल के विकास और संचालन के लिए है।

### तेजस नेटवर्क्स को 196 करोड़ रुपए का घाटा

TEJAS NETWORKS

**नई दिल्ली।** दूरसंचार उपकरण बनाने वाली घरेलू कंपनी तेजस नेटवर्क्स को चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में 196.55 करोड़ रुपये का एकीकृत घाटा हुआ है। इसकी मुख्य वजह सरकारी कंपनी बीएसएनएल से खरीद ऑर्डर का टालना और कम बिक्री होना है। कंपनी ने एक साल पहले 165.67 करोड़ रुपये का मुनाफा कमाया था।

# स्पेन, जर्मनी, बेल्जियम और पोलैंड बन रहे भारत के प्रमुख निर्यात गंतव्य

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली




वाणिज्य मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार स्पेन, जर्मनी, बेल्जियम और पोलैंड 27 देशों के यूरोपीय संघ ब्लॉक के भीतर भारतीय वस्तुओं के लिए स्थिर और प्रमुख निर्यात गंतव्य के रूप में उभर रहे हैं।
आंकड़ों बताते हैं कि भारतीय निर्यात के लिए स्पेन एक उच्च विकास वाला यूरोपीय बाजार बनकर उभरा है।

■ स्पेन एक उच्च विकास वाला यूरोपीय बाजार बनकर उभरा

चालू वित्त वर्ष में अप्रैल-नवंबर के दौरान स्पेन को निर्यात में 56 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई और यह पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि में तीन अरब डॉलर से बढ़कर 4.7 अरब डॉलर हो गया। भारत के कुल निर्यात में स्पेन की हिस्सेदारी बढ़कर 2.4 प्रतिशत हो गई, जिसमें 0.5 प्रतिशत अंकों की उल्लेखनीय वृद्धि हुई। इसी प्रकार, चालू वित्त वर्ष के आठ महीनों के दौरान जर्मनी को भारत का निर्यात 9.3 प्रतिशत बढ़कर 6.8 अरब डॉलर से 7.5 अरब डॉलर हो गया। एक अधिकारी ने कहा, /"भारत के कुल निर्यात में 2.6 प्रतिशत हिस्सेदारी और 0.2 प्रतिशत अंकों की हिस्सेदारी वृद्धि के साथ, जर्मनी भारतीय उत्पादों के लिए स्थिर मांग प्रदान करना जारी रखता है।/"

अप्रैल-नवंबर 2025-26 के दौरान बेल्जियम को देश से होने वाला निर्यात 4.2 अरब डॉलर से बढ़कर 4.4 अरब डॉलर हो गया। इस अवधि के दौरान भारत का पोलैंड को निर्यात 7.6 प्रतिशत बढ़कर 1.82 अरब डॉलर हो गया, जबकि अप्रैल-नवंबर 2024 में यह 1.69 अरब डॉलर था।

**भारत का निर्यात संतुलित है**

अधिकारी ने कहा कि कुल मिलाकर ये रुझान भारत की यूरोप के लिए निर्यात रणनीति को दर्शाते हैं। स्पेन में तेजी से बढ़ती मांग, जर्मनी में स्थिर विकास और बेल्जियम में स्थिरता यह दिखाती है कि भारत का निर्यात संतुलित है, जिसमें पुराने बाजारों में मजबूती और नए बाजारों में विविधीकरण दोनों शामिल हैं।



## नवोदय की प्रवेश परीक्षा 7 फरवरी को, प्रवेश पत्र जारी

**मुंगेली।** जवाहर नवोदय विद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2026-27 में कक्षा 9वीं एवं 11वीं में प्रवेश हेतु पार्श्व चयन परीक्षा 7 फरवरी को आयोजित की जाएगी, जिसको लेकर प्रवेश पत्र जारी किया गया है।

## निधन

### दीन दयाल सिहोते



**बिलासपुर।** कस्तूरबा नगर निवासी विद्युत विभाग तिफरा में कार्यरत दीन दयाल सिहोते का 11 जनवरी को निधन हो गया। वे 60 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार 12 जनवरी को दोपहर 1 बजे कस्तूरबा नगर मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे विकास सिहोते एवं दीक्षा सिहोते के पिता थे।

### अमरीका बाई



**बिलासपुर।** नगर पंचायत खरौद जिला- जांजगीर चांपा निवासी अमरीका बाई का 10 जनवरी को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार नगर पंचायत खरौद के मांझा पारा शमशान घाट में किया गया। वे रंगनाथ आदित्य की पत्नी और रूप नारायण आदित्य की माता एवं हरनारायण आदित्य, रामकृष्ण आदित्य, वासुदेव आदित्य की चाची थीं।

### नारायनदास देवांगन



**बिलासपुर।** जनकपुर रोड तखतपुर निवासी नारायनदास देवांगन का 11 जनवरी को निधन हो गया। वे 55 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे डुमन, मुरली देवांगन के भाई और राकेश देवांगन के पिता थे।

### राम कुंवर पांडे



**बिलासपुर।** तखतपुर बड़े मंदिर के पास निवासरत श्रीमती राम कुंवर पांडे का निधन 90 वर्ष की आयु में 10 जनवरी को हो गया। उनका अंतिम संस्कार 11 जनवरी को स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे रमेश पाण्डेय, सुरेन्द्र पांडेय, दिनेश पांडेय की माता व सुमित पांडेय, शुभम पांडेय की दादी थीं।

### गंगू राम यादव



**बिलासपुर।** ग्राम उसलापुर निवासी गंगू राम यादव का 11 जनवरी को निधन हो गया। वे 90 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार 12 जनवरी को उनके गृह ग्राम उसलापुर में सुबह 10 बजे होगा। वे रामचंद्र यादव, सुरीत यादव, मुरीत यादव के पिता थे।

### किशन चंद तोलवानी



**बिलासपुर।** आजाद नगर मसानगंज निवासी किशन चंद तोलवानी का निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 12 जनवरी को उनके निवास मसानगंज से सरकंडा मुक्तिधाम के लिए सुबह 11 बजे निकलेगी। वे प्रकाश व कमलेश तोलवानी के पिता थे।

### जीवन सिंह बारमते



**मुंगेली।** ग्राम सोनपुर फास्टरपुर निवासी जीवन सिंह बारमते का उम्र 75 वर्ष की उम्र में 11 जनवरी को निधन हो गया। वे पूर्व विधायक चंद्रभान बारमते एवं त्रयम्बक बारमते के बड़े भाई एवं होरीलाल बारमते, हेमचंद बारमते के पिता तथा बोगी बारमते के बड़े पापा थे। उनका अंतिम संस्कार 12 जनवरी को गृहग्राम में किया जाएगा।

### शांति देवी तम्बोली



**मुंगेली।** ठाकुर देव मंदिर मलाई घाट निवासी स्व गोरेलाल तम्बोली की धर्मपत्नी शांति देवी तम्बोली का निधन हो गया है। उनका अंतिम संस्कार 9 जनवरी को मारवाड़ी मुक्तिधाम खर्रा घाट संपन्न हुआ। वे मुन्ना तंबोली, संतोष तंबोली ,संदीप तंबोली, दददु तंबोली, सतीश तंबोली की माता थीं।

### शोभा देवी रूपवानी



**मुंगेली।** सिंधी कालोनी निवासी स्व घनश्याम रूपवांनी की धर्मपत्नी शोभा देवी रूपवानी का 10 जनवरी को निधन हो गया है। उनका अंतिम संस्कार मुक्ति धाम रावणभाटा में संपन्न हुआ। वे जनता किराना बड़ा बाजार मुंगेली रवि रूपवानी की मां थीं।

### प्रीति दावड़ा



**मुंगेली।** सिंधी कालोनी निवासी जितेन्द्र दावड़ा पार्षद परमहंस वार्ड की धर्मपत्नी प्रीति दावड़ा का 10 जनवरी को निधन हो गया है। उनका अंतिम संस्कार 11 जनवरी को मुक्तिधाम रावण भाटा में किया गया। वे आदर्श दावड़ा की मां थीं।

### बालाराम कौशिक



**दगोरी।** ग्राम के वरिष्ठ नागरिक कृषक बालाराम कौशिक का शनिवार 10 जनवरी को निधन हो गया। इनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में इसका किया गया। इस अवसर बड़ी संख्या में नजदीकी रिश्तेदार व ग्रामवासी उपस्थित थे। शोकसभा आईयोजित कर उनको श्रद्धांजलि दी गई। वे छत्तीसगढ़ सन्नाडय कुर्मी क्षत्रिय समाज के अध्यक्ष परमेश्वर कौशिक के बड़े भाई थे।

### सुधा शर्मा



**बिलासपुर।** विद्या नगर निवासी सुधा शर्मा का रविवार को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 12 जनवरी को सुबह 10.30 बजे सरकंडा मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे प्राचार्य निवेदिता शर्मा की माता थीं।

### पुनरुत्थान योजना बनाने आर्किटेक्ट के साथ पहुंचे सीसीएफ

# बदहाली पर आंसू बहा रही स्मृति वाटिका

हरिभूमि न्यूज ⏭ सकरी

पुरखों की स्मृतियों को सहेजने और आमजन व पर्यटकों को सुकून देने के उद्देश्य से वन विभाग की ओर से विकसित की गई सकरी स्थित स्मृति वाटिका आज खुद स्मृतियों में तब्दील हो गई है।

हरियाली, फव्वारों और बच्चों की किलकारियों से गुलजार रहने वाली यह वाटिका अब बदहाली, अव्यवस्था और विभागीय उदासीनता की मूक गवाह बन चुकी है। अब इसके नजदीक स्थित कोपरा जलाशय प्रदेश के पहले रामसर योजना में शामिल होने एवं जनप्रतिनिधियों के निर्देश के बाद विभागीय अधिकारी इसके संरक्षण एवं संवर्धन को लेकर धरातल पर आ रहे हैं। शनिवार को सीसीएफ बिलासपुर मनोज पांडेय दो आर्किटेक्ट के साथ इसके पुनरुत्थान के लिए योजना बनाने पहुंचे, जहां स्मृति वाटिका का भ्रमण कर इसमें आमूल-चूल परिवर्तन करने का रोड मैप बनाया गया। लेकिन सवाल आज भी यही है कि, ये प्रथमिक प्रक्रिया क्या वास्तव में मूर्तरूप ले पाएगी। विदित हो कि, शुक्रवार को केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू, तखतपुर विधायक धर्मजीत सिंह, प्रधान मुख्य वन संरक्षक अरुण कुमार पांडेय स्मृति वाटिका पहुंचे थे, और वाटिका को संवारने के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। सीसीएफ बिलासपुर मनोज पांडेय शनिवार को यहां निरीक्षण करने पहुंचे एवं वर्तमान वाहन पार्किंग को शिफ्टिंग करने, मैदान में उगे बड़े बड़े खरपतवार को हटाने, कैंटीन को सुसज्जित करने, झूलों को व्यवस्थित करने, झरनं को शुरू करने, पर्यटकों की बैठक व्यवस्था को दुरुस्त करने सहित अन्य आकर्षक साज-सज्जा एवं बाउंड्रीवॉल व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए प्रोजेक्ट बनाकर इसे उच्च स्तर पर भेजने की बात कही।



### जोगी ने किया था लोकार्पण

सकरी में 10 अगस्त 2003 को प्रदेश के तत्कालीन मुख्यमंत्री अजीत प्रमोद जोगी ने स्मृति वाटिका का लोकार्पण किया था। उस समय विभाग ने अपने पुरखों की याद में यहां वृक्षारोपण करने के लिए पर्यटकों को प्रोत्साहित करने एक योजना चलाई, जिसमें अपने परिजनों की स्मृति में जो भी व्यक्ति वृक्षारोपण करता उसे 500 रूपए भुगतान करना होता था। इसके जिसके बदले विभाग उन पौधों की देखरेख करता था। इस योजना के आने के बाद हजारों लोगों ने अपने परिजनों की स्मृति को संजोने के लिए यहां वृक्षारोपण किया, जिसमें उच्च राजनीतिक नेता, न्यायाधीश, ब्यूरोक्रेट्स, सामाजिक कार्यकर्ताओं ने बड़ी संख्या में वृक्षारोपण किया। लेकिन विभागीय उदासीनता के चलते स्मृति वाटिका अब वास्तविक में अविस्मृत वाटिका बन गई है।

### व्यवस्थित करेंगे

स्मृति वाटिका के पुनरुद्धार एवं यहां बुनियादी सुविधाओं और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए प्रोजेक्ट बनाने आर्किटेक्टर के साथ आज स्मृति वाटिका का भ्रमण किया गया है। जल्द ही प्रोजेक्ट बनाकर शासन को भेजा जाएगा। वर्तमान में स्मृति वाटिका अव्यवस्थित है, जिसे जल्द ही व्यवस्थित कर लिया जाएगा।

**-मनोज पांडेय**, मुख्य वन संरक्षक बिलासपुर वृत्त

## जमीन विवाद में हत्या: नाबालिग सहित 7 गिरफ्तार



■ घटना के 5 आरोपी अब भी फरार, तलाश जोरी

**लोरमी।** ग्राम बांधा मे जमीन विवाद में हुई बुजुर्ग के हत्या मामले में मुख्य आरोपी भतीजे सहित 6 आरोपियों एवं एक विधि से संघर्षरत बालक को पकड़ने में पुलिस को सफलता मिली है। मुख्य आरोपी ने रिश्ते के चाचा पर लाठी-डंडे व तब्बल से हमला कर मौत के घाट उतार दिया। मामले में कुल 12 आरोपी में 5 फरार बताए जा रहें है, जिनकी पतासाजी में पुलिस जुटी है।

9 जनवरी को शिकायत के आधार पर थाना लालपुर में मर्ग कायम कायम किया गया। शिकायत के अनुसार जमीन विवाद को लेकर रामकुमार कश्यप पिता स्व सीताराम उम्र 62 वर्ष निवासी बांधा थाना लालपुर की हत्या करने व लक्ष्मीनारायण कश्यप पर हत्या की नीयत से हमला के मामले में धारा 103(1), 109(1), 191(1), 191(2), 191(3) बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया। विवेचना दौरान घटना स्थल का बारिकी से जांच करते हुये इलेक्ट्रानिक व अन्य साक्ष्य एकत्रित किया गया एवं मौके के गवाहों का विस्तृत कथन लिया गया। साथ ही फोरेन्सिक टीम ने घटना स्थल से साक्ष्य एकत्रित किया। विवेचना क्रम मे घटना कारित कर फरार आरोपियों की पतासाजी लगातार की जा रही थी। इसी दौरान मुखबिर की सूचना पर घटना के आरोपी रामफल कश्यप पिता परदेशी उम्र 35 वर्ष, धनराज कश्यप पिता रामावतार उम्र 21 वर्ष, राजु कश्यप पिता अशोक उम्र 23 वर्ष, डोमन निषाद पिता सुखउ राम उम्र 38 वर्ष, नंदकुमार कश्यप पिता स्व सुखे राम उम्र 56 वर्ष व सुरेश चन्द्राकर पिता छैल उम्र 27 वर्ष सभी निवासी बांधा जिला मुंगेली सहित 1 विधि से संघर्षरत बालक को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में आरोपियों ने रामकुमार कश्यप पर लाठी-डंडे से प्राण घातक हमला कर टेक्ट्रर को चढ़ा कर हत्या करना एवं लक्ष्मीनारायण कश्यप पर हत्या करने के नीयत से लाठी व तब्बल से हमला कर फरार होना की बात स्वीकार की। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त लाठी-डंडा जप्त कर सभी आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया। विधि से संघर्षरत बालक की समाजिक पृष्ठभूमि भरकर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। आरोपियों के मेमोरेण्डम कथन में कुंज बिहारी का घटना में शामिल नहीं होना बताया गया, जिसकी पुष्टि संदेही आरोपी कुंज बिहारी के घर में लगे सीसीटीवी कैमरे एवं डीवीआर को जप्त कर की जा रही है। शेष आरोपियों की पतासाजी की जा रही है।

## घर में प्रार्थना सभा बुलाकर धर्मांतरण, आरोपी पकड़े गए



**मल्हार।** घर में प्रार्थना सभा बुलाकर धर्मांतरण के आरोप में एक युवक को मल्हार पुलिस ने गिरफ्तार किया है। चौकी प्रभारी अवधेश सिंह से मिली जानकारी के अनुसार 11 जनवरी को दोपहर करीब 12 बजे मल्हार के ढबापारा बस्ती में रामकुमार केवट नामक व्यक्ति ने ग्रामीणों को भोजन और बीमारी ठीक करने का प्रलोभन देकर प्रार्थना सभा आयोजन किया। आरोप है कि, इस सभा के माध्यम से हिंदू ग्रामीणों का ब्रेनवाश कर धर्म परिवर्तन कराने का प्रयास किया जा रहा था, जिसके संबंध में पुणेन्द्र शर्मा ने मल्हार चौकी में लिखित शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपी रामकुमार केवट पिता समलिया केवट उम्र 41 वर्ष निवासी डबहापारा मल्हार के विरुद्ध धारा 299 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

## बाइक चोर गिरोह का पर्दाफाश, 3 आरोपी बंदी

**भर्रीडांड़।** सिवनी चौकी अंतर्गत मोटर सायकल चोरी के एक प्रकरण में पुलिस ने त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई करते हुए एक संगठित चोर गिरोह का पर्दाफाश कर 3 आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 3 चोरी की मोटर सायकल जप्त की है।

8 जनवरी को कमल सिंह ओट्टी पिता अमोल सिंह उम्र 28 वर्ष निवासी दरमोहली ने मौखिक रिपोर्ट दर्ज कराई कि 7 जनवरी की शाम लगभग 5:30 बजे वह अपने छोटे भाई रवि कमल के साथ मोटर सायकल स्प्लेंडर सीजी 10-5879 से ग्राम निमधा आया था। मोटर सायकल को घर के बाहर खड़ी कर घर के अंदर गए एवं लगभग 6:20 बजे बाहर निकलने पर देखा कि मोटर सायकल वहां से गायब थी। आसपास तलाश करने पर भी कोई जानकारी प्राप्त नहीं हुई। शिकायत पर मामला दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू की। विवेचना के दौरान मुखबिर की सूचना पर पुलिस की टीम ने संदेही विजय साहू को हिरासत में लेकर पूछताछ की, जिसमें उसने अपने अन्य दो साथियों के साथ मिलकर मोटर सायकल चोरी करना स्वीकार किया। पुलिस ने विजय साहू पिता स्व राजकुमार साहू उम्र 23 वर्ष निवासी डोंगरिया, छोटू उर्फ दीपनारायण साहू, पिता जयनारायण साहू, उम्र 20 वर्ष निवासी चंद्रौठी दर्रीपारा थाना पसान कोरबा, रवि उर्फ वेदप्रकाश साहू पिता शंकरलाल साहू उम्र 29 वर्ष निवासी पंडरीपानी थाना पसान कोरबा को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी विजय साहू के मेमोरेण्डम कथन के आधार पर उसकी निशानदेही पर गवाहों के समक्ष निम्न चोरी की मोटर सायकलें जप्त की गईं। जब्त मोटर सायकल में हीरो होंडा स्प्लेंडर सीजी10 5879, मोटर सायकल जिस पर फर्जी नंबर प्लेट सीजी12 6031 लगी थी, वास्तविक नंबर सीजी 12 6449, हीरो होंडा स्प्लेंडर जिस पर नंबर सीजी12 9733 अंकित था, जिसका वास्तविक नंबर CG04 5057 शामिल हैं।



## आनंद मेला युवा महोत्सव कल से, तोखन करेंगे शुभारंभ

**लोरमी।** मुक्ति वेलफेयर सोसायटी लोरमी की ओर से विवेकानंद जयंती सप्ताह के अवसर पर हाईस्कूल मैदान लोरमी में तीन दिवसीय आनंद मेला युवा महोत्सव का आयोजन 13 से 15 जनवरी तक किया जा रहा है। महोत्सव की शुभारंभ केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू करेंगे। समिति के सदस्यों ने बताया कि महोत्सव कार्यक्रम में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम में कला, साहित्य, खेल, शिक्षा, हरियाली के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने वाले युवाओं को युवा महोत्सव में सम्मानित भी किया जाएगा। कार्यक्रम में पहले दिन बतौर मुख्य अतिथि तोखन साहू व अति विशिष्ट के रूप में अतिथि तखतपुर विधायक धर्मजीत सिंह मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जनपद अध्यक्ष वर्षा विक्रम सिंह करेंगे।

## पिकअप सहित 30 क्विंटल अवैध धान जब्त

**भर्रीडांड़।** राज्य सरकार के निर्देशानुसार जिले में सुगम और पारदर्शी तरीके से समर्थन मूल्य पर किसानों से धान खरीदी का कार्य सुचारू रूप से किया जा रहा है। इस दौरान कोचियों, बिचौलीयों एवं व्यापारियों द्वारा धान के अवैध रूप से परिवहन, भंडारण एवं उपार्जन केंद्रों में खापाए जाने की आंशका पर राज्य एवं जिले की सीमा क्षेत्रों तथा उपार्जन केंद्रों में कड़ी नजर रखने के लिए कलेक्टर लीना कमलेश मंडावी ने जिला स्तरीय उड़ान दस्ता और जांच दलों का गठन किया है। जांच दलों द्वारा लगातार निरीक्षण एवं कार्रवाई किया जा रहा है। इसी कड़ी में शनिवार को मध्य प्रदेश से किए जा रहे धान के अवैध परिवहन को रोकने की दिशा में मरवाही के ग्राम धनपुर में पिकअप क्रमांक एमपी-54-जेड सी-4757 से लगभग 30 क्विंटल धान मूल्य तकरीबन 93 हजार रुपए को जब्त कर वाहन सहित रक्षित आरक्षित केंद्र अमरपुर पेंड्रा के सुपुर्द में किया गया है। कार्रवाई में तहसीलदार प्रीति शर्मा, खाद्य निरीक्षक आशीष पांडे, हल्का पटवारी विपिन योगी शामिल रहे।

## पता पूछने के बहाने महिला से मंगलसूत्र छीनने वाले गिरफ्तार



**तखतपुर।** पता पूछने के बहाने महिला के गले से मंगल सूत्र छीनने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार सिलपहरी निवासी महिला ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि, पता पूछने के बहाने दो युवक दुपहिया वाहन में आए और उसके गले से मंगलसूत्र छीनकर फारार हो गए। रिपोर्ट पर पुलिस मामले दर्ज कर जांच शुरू की। जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि, सिलपहरी निवासी संजू साहू और संजय बंजारे दुपहिया सीजी 10 ईएन 6024 में सवार होकर पता पूछने के बहाने प्रार्थीया के पास रूके थे, और मौका देखकर गले से मंगलसूत्र छीनकर फरार हो गए। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके पास से नकद रकम बरामद कर लिया। आरोपियों के खिलाफ धारा 392, 34 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर जेल भेज दिया गया।

## एनटीपीसी में हिन्दी प्रतियोगिता



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीपत

अंतर्राष्ट्रीय हिंदी दिवस के अवसर पर एनटीपीसी सीपत में 10 जनवरी को हिंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। राजभाषा विभाग की ओर से आयोजित इस प्रतियोगिता में एनटीपीसी सीपत के कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

प्रतियोगिता के माध्यम से हिंदी भाषा के नियमों, शुद्ध वर्तनी तथा सामान्य भाषा ज्ञान से संबंधित विषयों पर प्रतिभागियों की समझ और दक्षता का आंकलन किया गया। उल्लेखनीय है कि, एनटीपीसी सीपत में राजभाषा हिंदी के प्रचार-प्रसार एवं उसके प्रयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से समय-समय पर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाता रहा है। इनमें हिंदी प्रतियोगिताएं, कार्यशालाएं, नाटक, भाषण तथा गीत-संगीत जैसे कार्यक्रम शामिल हैं। इन आयोजनों में न केवल कर्मचारी बल्कि उनके परिवारजन तथा टाउनशिप स्थित बाल भारती पब्लिक स्कूल के विद्यार्थी भी सक्रिय रूप से भाग लेते हैं। इस प्रकार के आयोजनों के माध्यम से एनटीपीसी सीपत में हिंदी के प्रति जागरूकता को सुदृढ़ करने तथा राजभाषा के प्रयोग को प्रोत्साहित करने की सतत पहल की जा रही है।

## मनरेगा बचाओ संग्राम: कांग्रेस ने रखा एक दिवसीय उपवास

■ मनरेगा मजदूरों की जीवन रेखा: कांग्रेस

**पेंड्रा।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देश एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से 'मनरेगा बचाओ संग्राम' के तहत मनरेगा योजना में किए गए बदलावों के विरोध में एक दिवसीय उपवास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह उपवास कार्यक्रम मल्टीपरपज हाईस्कूल पेंड्रा स्थित महात्मा गांधी प्रतिमा के समक्ष सुबह 9 बजे से सायं 4 बजे तक आयोजित हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल हुए। उपवास के दौरान जिला कांग्रेस अध्यक्ष गजमती भानु ने कहा कि, केंद्र सरकार द्वारा मनरेगा के मूल अधिकार-आधारित स्वरूप में बदलाव कर इसे नए ढांचे में बदलना ग्रामीण मजदूरों के रोजगार और उनके अधिकारों को कमजोर करने वाला कदम है।

पूर्व विधायक डॉ केके ध्रुव ने केंद्र सरकार की नीतियों की आलोचना करते हुए कहा कि मनरेगा में किए जा रहे बदलाव गरीब और मजदूर विरोधी हैं, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। जिला महामंत्री पुष्पराज सिंह ने कहा कि, मनरेगा में हुए बदलावों के कारण गांवों में बेरोजगारी बढ़ेगी, मजदूरों का पलायन तेज होगा तथा पंचायतों की शक्तियां भी कमजोर होंगी। उपवास कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जिला अध्यक्ष गजमती भानु, पूर्व विधायक डॉ केके ध्रुव, कोटा विधायक प्रतिनिधि पंकज तिवारी, जिला महामंत्री पुष्पराज सिंह, नारायण शर्मा, राकेश मसीह, पवन केसरवानी, संतोष ठाकुर, गुलाब सिंह राज, प्रकाश केसरी, अमोल पाठक, मनीष दुबे, ओमप्रकाश बंका, वीरेंद्र मिश्रा, अनिल सिंह ठाकुर, मुन्द्रिका सिंह, निलेश साहू, सुनीता तीमोथी, उपेंद्र सिंह उइके, तेज प्रताप राजपूत, वीरेंद्र बघेल, विनय चौबे, श्वेता मिश्रा, रमेश साहू, राजेश सोनी, राजेश गुप्ता, शाहिद राइन, प्रीति माझी, सीताराम महलवाला, आलोक शुक्ला, राजेश यादव, गणेश मार्को, सूरज सिंह, आशीष सोनी, इंदर सिंह राठौड़, कलीराम माझी, अंसर जुन्जानी, रियांस सोनी, तस्लीम बानो, सूर्यकांत सिंह, शिवांश दुबे, मनोज श्रीवास, गब्बर रजक, पुष्पराज डायमंड, आयुष सोनी, यश शर्मा, गिरिजा रानी पोटाम, बाला कश्यप, हर्ष गोयल, शंकर लाल साहू, जयप्रकाश मिश्रा, ओमप्रकाश पांडे, राहुल भैना, शहनाज बानो, कुंदन गुप्ता, लवकुश मिश्रा, जयप्रकाश वर्मा सहित अनेक कांग्रेसजन उपस्थित रहे। कांग्रेस पार्टी ने स्पष्ट किया कि 'मनरेगा बचाओ संग्राम' आंदोलन 25 फरवरी तक जारी रहेगा।




## कांग्रेस ने नए कानून को बताया मजदूर विरोधी




**मुंगेली।** पूर्व विधायक अरुण वोरा ने शनिवार को आयोजित पत्रकारवार्ता में केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार पर मनरेगा को कमजोर करने और श्रमिकों से उनका कानूनी काम का अधिकार छीनने का गंभीर आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि, मनरेगा में किया गया बदलाव महात्मा गांधी के आदर्शों, ग्राम स्वराज की अवधारणा और गरीब मजदूरों के संवैधानिक अधिकारों पर सीधा हमला है। अरुण वोरा ने आगे कहा कि, सुधार के नाम पर लोकसभा में पारित नया कानून दुनिया की सबसे बड़ी रोजगार गारंटी योजना 'मनरेगा' को समाप्त करने की दिशा में बड़ा कदम है। अब तक मनरेगा संविधान के अनुच्छेद 21 से जुड़े अधिकारों पर आधारित था, लेकिन नए फ्रेमवर्क में इसे कंडीशनल और केंद्र-नियंत्रित योजना में बदल दिया गया है। पूर्व विधायक ने कहा कि, पहले मनरेगा में काम देना सरकार की कानूनी बाध्यता थी, मजदूर अधिकारपूर्वक काम की मांग करते थे। अब इसे एक ऐसी योजना में बदल दिया गया है, जिसे चलाना या न चलाना पूरी तरह सरकार की इच्छा पर निर्भर होगा। उन्होंने आरोप लगाया कि, नया सिस्टम सरकार को यह अधिकार देता है कि, वह हर साल तय समय के लिए रोजगार बंद कर सके। इससे राज्य यह तय करेंगे कि, गरीब कब कमाएंगे और कब भूखे रहेंगे। फंड खत्म होने या फसल कटाई के मौसम के नाम पर मजदूरों को महीनों तक काम से वंचित किया जा सकता है। इस अवसर पर कांग्रेस जिला अध्यक्ष घनश्याम वर्मा, पिछड़ा वर्ग आयोग पूर्व अध्यक्ष थानेश्वर साहू, पूर्व विधायक चन्द्रभान बारमते, चुरावन मंगेशकर, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष हेमेन्द्र गोस्वामी, संजीत बनर्जी, संजय यादव, आदि कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

**न्यायालय तहसीलदार बोदरी जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

**-: ईश्तहार प्रकाशन :-**

क्रमांक/286/वा.तह.बोदरी/2025
बोदरी दिनांक 26/12/2025

एदत् द्वारा ग्राम रहंगी तहसील बोदरी जिला बिलासपुर छ.ग. के सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती सविता अग्रवाल पति श्री मदनलाल अग्रवाल निवासी बिलासपुर तहसील एवं जिला बिलासपुर छ.ग. के द्वारा ग्राम रहंगी प.ह.न. 10 तहसील बोदरी में आवेदिका को उसके भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 819/1, 819/2 के वैवाहिक मंगल भवन प्रयोजन हेतु उसके सामने स्थित शासकीय भूमि खसरा नंबर 817 के रकबा 60X65 वर्गफुट निस्तारी प्रयोजन हेतु उपयोग करने की अनुमति प्रदान किये जाने हेतु आवेदन पत्र पेश किया गया है।

उक्त संबंध में किसी भी व्यक्ति/आम जनता को दावा आपत्ति हो तो स्वयं अथवा अपने अभिभावक / अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 14/01/2026 तक कर सकता समयावधि पश्चात दावा/आपत्ति स्वीकार नही कि जावेगी।

आज दिनांक 26/12/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के सील मोहर से जारी किया गया।

तहसीलदार बोदरी जिला बिलासपुर (छ.ग.)

**आम सूचना**

मैं अपने पक्षकार से अधिकृत होकर यह आम सूचना प्रकाशित करता हूं कि, मेरे पक्षकार श्री नीरज शर्मा पिता देवकर शर्मा निवासी रायपुर, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) के द्वारा श्री साहेब सिंह पिता नत्थू सिंह निवासी ग्राम मारो, तहसील नवागढ़, जिला बेमेतरा (छ.ग.) के स्वामित्व व कब्जे की भूमि जो कि मौजा ग्राम चंदखुरी प.ह.न. 14 रा.नि.म व तहसील सरगांव जिला मुंगेली (छ.ग.) में स्थित खसरा न. 221/1 रकबा 0.1660 हेक्टेयर भूमि मे से 0.83 हेक्टेयर को क्रय करने का पक्का सौदा किया गया है तथा दोनो पक्षो के मध्य ईकरारनामा दिनांक 18/11/2025 निष्पादित हुआ है तथा जिसकी रजिस्ट्री निकट भविष्य में होनी है।

उक्त सौदे से किसी व्यक्ति शासकीय व अर्धशासकीय संस्था य कोई वित्तिय संस्था को कोई आपत्ति हो तो उक्त आम सूचना के प्रकाशन के 07 दिवस के भीतर मेरे कार्यालय में मय दस्तावेज उपस्थित होकर अपनी आपत्ति दर्ज करावे उक्त समयावधि के पश्चात की जाने वाली आपत्ति अमान्य होगी, अतः सूचना जाने।

भवदीय
रोहित कुमार, अधिवक्ता
पता :- तहसील कार्यालय पथरिया
जिला मुंगेली (छ.ग.) मो. 9754471588

**आम सूचना**

मैं अपने पक्षकार से अधिकृत होकर यह आम सूचना प्रकाशित कराता हूं कि मेरे पक्षकार श्री अनिल कुमार साहू पिता भरत लाल निवासी ग्राम किरना थाना व तहसील सरगांव जिला मुंगेली (छ.ग.) के द्वारा श्री एन.आर. सोनी पिता प्यारेलाल निवासी पूजा प्लास्टिक फैक्टरी के पास कृष्ण कालोनी देवपुरी रायपुर तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) व श्री बिसेन लाल पिता प्यारेलाल निवासी ओल्ड टाई 11/28 नजदीक अम्बेडकर पार्क कीरंदुल दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा तहसील व जिला दंतेवाड़ा (छ.ग.) एवं श्री बेसेंट लाल पिता प्यारे लाल निवासी ग्राम पलारी तहसील व जिला बलौदाबाजार (छ.ग.) के स्वामित्व के कब्जे की स्वामित्व व कब्जे की भूमि जो मौजा ग्राम चंदखुरी प.ह.नं. 14 रा.नि.म. व तहसील सरगांव, जिला मुंगेली (छ.ग.) में स्थित खसरा न. 458/5, 489 कुल रकबा 0.5670 हेक्टेयर भूमि को क्रय करने का पक्का सौदा किया गया है तथा दोनो पक्षो के मध्य ईकरारनामा दिनांक 24/12/2024 निष्पादित हुआ है तथा रजिस्ट्री निकट भविष्य में होनी है।

उक्त सौदे से किसी व्यक्ति शासकीय व अर्धशासकीय संस्था या कोई वित्तिय संस्था को काई आपत्ति हो तो उक्त आम सूचना को प्रकाशन के 07 दिवस के भीतर मेरे कार्यालय में मय दस्तावेज उपस्थित होकर अपनी आपत्ति दर्ज करावे उक्त समयावधि के पश्चात की जाने वाली आपत्ति अमान्य होगी, अतः सूचना जाने।

भवदीय
रोहित कुमार, अधिवक्ता
पता :- तहसील कार्यालय पथरिया
जिला मुंगेली (छ.ग.) मो. 9754471588

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पथरिया, जिला मुंगेली (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र. 202512250500002
अ-6/2025-26
ग्राम ढोढमा प.ह.नं. 02

//नोटिस//

प्रति, 1. लगन बाई पुत्री आनंद दास, निवासी ग्राम मेड़पार तहसील तखतपुर जिला बिलासपुर (छ.ग.) 2. पतंगा बाई पुत्री आनंद दास, निवासी ग्राम मुढ़ीया तहसील व जिला मुंगेली (छ.ग.) 3. सरोजनी पुत्री निर्मलदास, 4. अनूपा पुत्री निर्मलदास, दोनों निवासी नगर पंचायत पथरिया तहसील पथरिया जिला मुंगेली (छ.ग.) 5. शैलकुमारी पुत्री निर्मलदास निवासी ग्राम खैरझीटी तहसील पथरिया जिला मुंगेली (छ.ग.)

आपको एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि अपीलार्थी अश्वनी कुमार कुर्रे पिता पूरन दास निवासी ग्राम ढोढमा तहसील पथरिया जिला मुंगेली (छ.ग.) द्वारा न्यायालय नायब तहसीलदार पथरिया के पारित आदेश दिनांक 05/06/2025 से क्षुब्ध होकर छ.ग.भू.रा. संहिता 1959 की धारा 44(1) के तहत अपील मय धारा 05 शपथ पत्र एवं अधीनस्थ न्यायालय द्वारा ऑनलाईन नामांतरण पंजी में पारित आदेश की प्रमाणित प्रति प्रस्तुत किया गया है। जिसकी सुनवाई तिथि 23/01/2026 को प्रातः 11 बजे नियत है। अतः आप प्रकरण की सुनवाई तिथि एवं नियत समय पर मेरे न्यायालय में उपस्थित होवे। नियत तिथि में उपस्थित नहीं होने पर आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

आज दिनांक 09/01/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से नोटिस जारी किया गया।

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
पथरिया, जिला मुंगेली (छ.ग.)

## खबर संक्षेप

### अमलताश वेलफेयर सोसायटी नर्मदा नगर के पदाधिकारी निर्वाचित

बिलासपुर। अमलताश वेलफेयर सोसायटी नर्मदा नगर के निर्विरोध नवनिर्वाचित सदस्य चुने गए। इसमें अध्यक्ष सुदेश सोनू सिंह सिरोही, उपाध्यक्ष डॉ अंतरा चंद्राकर, कोषाध्यक्ष एडवोकेट प्रतिज्ञा सिंह, सहसचिव मीना हिरानी, मधुबाला अग्रवाल शामिल हैं। इस अवसर पर पार्षद कार्तिक यादव, राकेश शर्मा, डॉ राजवीर सीकरवार,अजय अग्रवाल,इंद्रराज सिंह, डॉ कृष्ण कुमार,अशोक तिवारी, मोहन कोसटी, गुड्डु सिंह, सन्नी सलूजा, अश्वनी शर्मा, अमित हिरानी, सीपी गुप्ता, प्रथम यादव, अभिनव शर्मा ने सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को अपनी शुभकामनाएं दी है।

### छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन की हड़ताल 17 को



बिलासपुर। जिला मुख्यालय में 17 जनवरी को छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन की हड़ताल 17 जनवरी को आयोजित की जा रही है। हड़ताल की व्यापक तैयारी को लेकर छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन के प्रदेश अध्यक्ष रवीन्द्र राठौर, बसंत कौशिक, कार्यकारी अध्यक्ष, रंजीत बनर्जी, शेषनाथ पांडेय, वीरेन्द्र यादव, डीएल पटेल जिला संयोजक,अध्यक्ष सुनील पाण्डेय की मौजूदगी में कोन्हेर उद्यान तिलक नगर बिलासपुर में जिला एवं ब्लॉक पदाधिकारियों की महत्वपूर्ण बैठक आहूत की गई। जिसमें सभी शिक्षक साथियों ने अपने विचार व्यक्त किए। इसमें वेतन विसंगति, क्रमोन्नति व पदोन्नति, टेट की अनिवार्यता खत्म करने तथा वी. एस. के. एप्स का विरोध अपने मोबाइल से करने बिन्दुओं पर फोकस करते हुए रवीन्द्र राठौर ने शिक्षकों को ऊर्जा प्रदान करते हुए कार्यक्रम को सफल बनाने का आव्हान किया। जिला अध्यक्ष सुनील पांडेय ने जिले में हो रही आन्दोलन की रुपरेखा व तैयारी की जानकारी दी। ब्लाक अध्यक्ष अजीत कुजूर ने ब्लाक में की जा रही गतिविधियों पर प्रकाश डाला। कार्यकारी जिला अध्यक्ष विकास कायरवार ने जानकारी दी। संतु यादव जिला कार्यकारी अध्यक्ष कोटा ब्लाक की जानकारी दी। बैठक का संचालन रवीन्द्र खुटे ने किया। आज की बैठक में प्रांतीय पदाधिकारीयों के साथ संजय कुमार यादव, नंदकुमार छतरी, रितेश दीक्षित, देव कुमार मरावी, कृष्ण कौशिक आशुतोष सिंह राजपूत, प्रियंका त्रिवेदी आदि शिक्षक मौजूद थे।

### नीरज बने भारतीय सिंधु सभा युवा विंग के प्रदेश महासचिव



बिलासपुर। नीरज जग्यासी को भारतीय सिंधु सभा युवा विंग का छत्तीसगढ़ प्रदेश महासचिव नियुक्त किया गया है। उनकी यह नियुक्ति संगठन को प्रदेश स्तर पर और अधिक सशक्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है। यह घोषणा रविवार को रायपुर में आयोजित भारतीय सिंधु सभा के प्रदेश स्तरीय सिंधी युवा सम्मेलन के दौरान की गई। इस अवसर पर संत उदयलाल शदाणी, कन्हैयालाल, सीए चेतन तारवानी, विनीता भावनानी, लधाराम नैनवानी, चेतन हिंदूजा, शंकर मनचंदा एवं चेतन हिंदूजा का धन्यवाद किया। श्री वर्तमान श्री जग्यासी विश्व हिंदू परिषद बिलासपुर में जिला सेवा प्रमुख के पद पर रहते हुए सामाजिक एवं सेवा कार्यों में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने कहा कि वे संगठन के माध्यम से सिंधी संस्कृति, भाषा एवं परंपराओं के संरक्षण एवं संवर्धन हेतु निरंतर कार्य करेंगे तथा युवाओं को सक्रिय रूप से संगठन से जोड़कर सामाजिक कार्यों को और अधिक प्रभावशाली बनाएंगे।

### जिला कांग्रेस कमेटी ने मनाई लालबहादुर शास्त्री की पुण्यतिथि

बिलासपुर। जिला कांग्रेस कमेटी ( ग्रामीण /शहर ) द्वारा 11 जनवरी को लालबहादुर शास्त्री स्कूल प्रांगण में प्रधानमंत्री स्व. लाल बहादुर शास्त्री की पुण्यतिथि मनाई गई। उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी गई । इस अवसर पर ग्रामीण अध्यक्ष महेंद्र गंगोत्री ने कहा कि शास्त्री जी एक मजबूत इरादों के नेता थे, उन्होंने पुलिस प्रशासन में कई नियम लागू किए जो आज भी प्रचलन में हैं। जफर अली, हरीश तिवारी ने कहा कि उन्होंने पाकिस्तान को 1965 के युद्ध में धूल चटा दी। लौहार तक कब्जा कर लिया था। जनवरी 1966 में ताशकन्द समझौता भारत और पाकिस्तान के बीच हुआ और उसी रात शास्त्री जी का ताशकन्द में निधन हो गया । कार्यक्रम में ग्रामीण अध्यक्ष महेंद्र गंगोत्री, संयोजक जफर अली, हरीश तिवारी, माधव ओत्तालवार, त्रिभुवन कश्यप, विनोद साहू, सत्येंद्र तिवारी, ब्रम्ह देव ठाकुर, सुनील पांडेय, अन्नपूर्णा ध्रुव, शुभलक्ष्मी सिंह, करम गोरख, सुरेन्द्र तिवारी, गजेंद्र श्रीवास्तव, शाहनवाज खान, दीपक रायचेलवार, गौरव एरी आदि मौजूद थे।

### श्री चंद्रपुरिहा कासौंधन वैश्य समाज के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों की बैठक



बिलासपुर। श्री चंद्रपुरिहा कासौंधन वैश्य समाज (सेन्ट्रल) एवं नवयुवक चंद्रपुरिहा कासौंधन वैश्य समाज की संयुक्त बैठक 10 जनवरी को आयोजित की गई। बैठक में नव नियुक्त अध्यक्ष राजीव गुप्ता, सचिव लक्ष्मी कांत गुप्ता, कोषाध्यक्ष संतोष गुप्ता, भवन प्रभारी अमितराज गुप्ता एवं नवयुवक समाज कर नवनियुक्त अध्यक्ष प्रवीण गुप्ता , सचिव अनीश गुप्ता, कोषाध्यक्ष आदित्य राज गुप्ता को पूर्व अध्याय आशीष गुप्ता ने शपथ दिलाया गया। नवनियुक्त अध्यक्ष ने बताया कि अप्रैल माह में मां वैष्णव देवी, वृंदावन,आगरा की यात्रा की जाएगी। समाज द्वारा पूर्व में आयोजित भागवत महापुरान एवं सामाजिक भवन से हुई आय व्यय की जानकारी दी गई । बैठक में शिवप्रताप साव, वीरेन्द्र गुप्ता, आशीष गुप्ता, आशुतोष साव, गिरीश चंद्र गुप्ता,अजय गुप्ता, इंजी.रमेश गुप्ता, विजयकांत गुप्ता, नरेन्द्र गुप्ता, अशोक गुप्ता, दीपक गुप्ता, रविश गुप्ता, निरंजन गुप्ता, नीलेश गुप्ता, हरिश गुप्ता आदि मौजूद थे।

**जिले में 600 से ज्यादा प्ले-स्कूल** | **हाईकोर्ट ने भी गंभीरता बरतने की बात कही है लेकिन अफसरों को इसकी परवाह नहीं**

# पंजीयन सिर्फ 42 का, पढ़ाई की गुणवत्ता और बुनियादी सुविधाएं भी नहीं

बिलासपुर। जिले के आसपास के इलाकों में 600 से ज्यादा प्ले स्कूल संचालित हो रहे हैं, लेकिन इनमें से अब तक सिर्फ 42 स्कूलों का ही पंजीयन हो पाया है। बच्चों की सुरक्षा, पढ़ाई की गुणवत्ता और बुनियादी सुविधाएं भी इन स्कूलों में नहीं के बराबर है। इसके बाद भी शिक्षा विभाग गंभीर नहीं है। हाईकोर्ट ने भी प्ले स्कूलों पर अधिक गंभीरता बरतने की बात कही है लेकिन अधिकारियों को इसकी भी परवाह नहीं है।

शासन ने प्ले स्कूलों के लिए पंजीयन अनिवार्य किया है, ताकि बच्चों की सुरक्षा, पढ़ाई की गुणवत्ता और बुनियादी सुविधाएं सुनिश्चित की जा सके। इसके बावजूद अधिकांश प्ले स्कूल बिना अनुमति और तय मानकों के



संचालित हो रहे हैं। हालांकि स्कूलों के पास अभी फरवरी तक का समय है। अधिकारियों का कहना है कि इसके बाद गैर-पंजीकृत स्कूलों पर कार्रवाई हो सकती है। खास बात है कि शिक्षा विभाग के पास इन 600 से ज्यादा प्ले स्कूलों के संबंध स्पष्ट जानकारी नहीं हैं। जानकारी के अभाव में न तो नियमित निगरानी हो पा रही है और न ही कार्रवाई।

### अब तक सिर्फ 30 स्कूलों की ही जांच

शिक्षा विभाग की ओर से इन स्कूलों की जांच का भी फैसला लिया गया था लेकिन अभी तक सिर्फ 30 के करीब स्कूलों की ही जांच हो सकी है। जांच के दौरान कई जगहों परएक कमरे में 50 से ज्यादा बच्चे दिखे तो अप्रशिक्षित शिक्षकों की नियुक्ति पाई गई। फायर सेफ्टी, सीसीटीवी और सुरक्षा इंतजामों की कमी देखी गई। स्वच्छता और बच्चों के अनुकूल वातावरण का अभाव जैसी गंभीर खामियां सामने आई हैं। जिला शिक्षा अधिकारी बोले विजय तांडे का कहना है कि प्ले स्कूलों का पंजीयन लगातार जारी है। अब तक 42 से अधिक स्कूलों का रजिस्ट्रेशन हो चुका है। प्रक्रिया पूरी होने के बाद शासन की गाइडलाइन के अनुसार जांच के दौरान नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर कार्रवाई की जाएगी।

### हर 20 बच्चों पर एक टीचर और एक आया जरूरी

ज्ञात हो कि नियमों के मुताबिक हर प्ले स्कूल में 20 बच्चों पर एक टीचर और एक आया मैंडेटरी है। कैंपस में सीसीटीवी कैमरा, सुरक्षाकर्मी का भी होना जरूरी है। जेंडर के अनुसार टॉयलेट्स अलग-अलग होने चाहिए। 3 से 4 घंटे से ज्यादा स्कूल नहीं लगेगा। लाइब्रेरी भी होना जरूरी है। सभी बच्चों का अटेंडेंस भी लगाना आवश्यक है। इसके साथ ही 3 साल से कम उम्र के किसी भी बच्चे को प्ले स्कूल में दाखिला नहीं दिया जाएगा। समिति का गठन करना भी अनिवार्य हैं इनमें 75 प्रतिशत महिलाएं होंगी। यह समिति 1 साल के लिए मान्य होगी। इस समिति में 75 प्रतिशत पेरेंट्स और 25 प्रतिशत टीचर होंगे।

### पहली बार गाइडलाइन, फिर भी पालन नहीं

ज्ञात हो कि शिक्षा विभाग ने पहली बार प्ले स्कूलों के संचालन के लिए मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) बनाई है। इसके तहत बच्चों की सुरक्षा, शिक्षा की गुणवत्ता और बुनियादी सुविधाएं सुनिश्चित करना जरूरी है। हालांकि, इसके लागू होने के बावजूद नियमों का पालन होता नहीं दिख रहा। अधिकारियों के अनुसार एसओपी में कार्रवाई का प्रावधान तो है, लेकिन नियमों का उल्लंघन करने वाले स्कूलों पर क्या ठोस कदम उठाए जाएंगे, इसे लेकर अब तक स्थिति साफ नहीं है। यही वजह है कि बिना पंजीयन चल रहे स्कूलों पर शिकंजा कसता नजर नहीं आ रहा।

### गैर पंजीकृत स्कूलों पर होगी कार्रवाई

शासन ने प्ले स्कूलों के लिए पंजीयन अनिवार्य किया है, ताकि बच्चों की सुरक्षा, पढ़ाई की गुणवत्ता और बुनियादी सुविधाएं सुनिश्चित की जा सके। स्कूलों के पास अभी फरवरी तक का समय है। इसके बाद गैर-पंजीकृत स्कूलों पर कार्रवाई की जाएगी।

**- विजय तांडे,** जिला शिक्षा अधिकारी

धान खरीदी के शेष दिनों की उल्टी गिनती शुरू

# खरीदी पंद्रह दिन शेष, 22 लाख क्विंटल धान के लिए टोकन जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शनिवार, रविवार एवं गणतंत्र दिवस के अवसर पर मिलने वाले अवकाश को ध्यान में रखा जाए तो समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी के लिए अब केवल पंद्रह दिन शेष रह गए हैं। जिले में अब तक 43 लाख 74 हजार क्विंटल धान की खरीदी की जा चुकी है, वहीं 22 लाख क्विंटल धान की खरीदी के लिए किसानों को टोकन जारी किए गए हैं।

सहकारी समितियों में धान की खरीदी का अब अंतिम समय करीब है। 15 नवंबर से प्रारंभ हुई धान खरीदी के लगभग डेढ़ महीने समाप्त हो चुके हैं। इस दौरान जिले के 80 हजार 705 किसानों ने समितियों में अपना धान विक्रय कर लिया है। जबकि जिले में इस साल धान बेचने के लिए कुल 1 लाख 32 हजार 655 किसानों ने अपना पंजीयन करवाया था। धान खरीदी हेतु घोषित तिथि में से शनिवार, रविवार एवं गणतंत्र दिवस जैसे शासकीय अवकाश के दिनों को छोड़ दिया जाए तो अब केवल पंद्रह दिनों की खरीदी शेष बची है। जबकि 51 हजार 950 किसान अब भी धान बेचने के लिए कतार में हैं।

इस संबंध में अधिकारियों का कहना है कि शेष बचे किसानों को 22 लाख क्विंटल धान खरीदी के लिए टोकन जारी किए जा चुके हैं। ऐसे में कहीं भी धान बेचने के लिए किसानों को परेशान नहीं होना पड़ेगा।

अधिकारियों के अनुसार भले ही इस साल टोकन जारी नहीं होने या किसानों के परेशान होने की बात कही जा रही है, लेकिन बीते साल इसी अवधि तक धान खरीदी का तुलनात्मक आंकड़ा देखा जाए तो कुछ प्रतिशत ही खरीदी में कमी आई है। इस अंतर को खरीदी की अंतिम तिथि तक समायोजित कर लिया जाएगा।

**अब तक 80 हजार से अधिक किसानों ने धान विक्रय किया**



### मकर संक्रांति, 31 जनवरी को खरीदी

जिले में धान खरीदी के दौरान किसानों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए मकर संक्रांति के दिन समितियों में अवकाश नहीं दिए गए हैं। इस दिन के लिए किसानों को टोकन जारी किए गए हैं। इसी तरह 31 जनवरी धान खरीदी के अंतिम दिवस को शनिवार अवकाश होने के बाद भी अवकाश नहीं रहेगा। समितियों में इस दिन के लिए भी टोकन काटे गए हैं।

### किसानों को कोई समस्या नहीं

धान खरीदी को अभी पंद्रह दिन शेष हैं। इन पंद्रह दिनों में 22 लाख क्विंटल धान खरीदी के लिए आज की स्थिति में टोकन जारी किए जा चुके हैं। अब किसानों को कहीं कोई दिक्कत नहीं हो रही है।

**-अमृत कुजूर,** खाद्य नियंत्रक



# 1 घंटे में दाधापारा से बिलासपुर पहुंची राजधानी एक्सप्रेस

बिलासपुर। रेल मदद के पुरस्कार से दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे को नवाजा गया है, जिसका पुरस्कार लेने के लिए जीएम और पीसीसीएम रेल मंत्रालय पहुंचे थे। रविवार की दोपहर पीसीसीएम पुरस्कार लेकर राजधानी एक्सप्रेस से वापस बिलासपुर पहुंचे, लेकिन उन्हें भी राजधानी एक्सप्रेस से दाधापारा से बिलासपुर तक पहुंचने में एक घंटे से अधिक का समय लग गया। इसके कारण पुरस्कार लेकर वापसी कर रहे पीसीसीएम का स्वागत सत्कार करने वाले रेल अफसर भी ट्रेन का इंतजार करते-करते परेशान होते रहे।

■ अफसर का स्वागत करने इंतजार करते रहे लोग

यात्रियों की शिकायतों के त्वरित प्रभावी एवं संवेदनशील निवारण में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर जोन को प्रतिष्ठित रेल मदद शील्ड से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान 9 जनवरी शुक्रवार को रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव ने नई दिल्ली में हुए अति विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार समारोह के दौरान जोन के जीएम तरूण प्रकाश और प्रधान मुख्य वाणिज्य प्रबंधक प्रवीण पाण्डेय को प्रदान किया है। नई दिल्ली से रेल मदद की शील्ड लेने के बाद प्रधान मुख्य वाणिज्य प्रबंधक प्रवीण पाण्डेय व अन्य अफसर नईदिल्ली-बिलासपुर राजधानी एक्सप्रेस से बिलासपुर वापस हो गए। इस दौरान नागपुर से लेकर बिलासपुर तक विभिन्न स्टेशनों में उनका भव्य स्वागत सत्कार किया गया। पीसीसीएम श्री पाण्डेय व अन्य अफसरों के स्वागत की तैयारी बिलासपुर जोनल रेलवे स्टेशन के गेट नम्बर एक पर की गई थी, जिसके लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम और स्काउट एंड गाइड का नुक्कड़ नाटक भी रखा गया। सुबह 11 बजे से जोन और बिलासपुर मंडल के रेल अफसर जोनल स्टेशन में राजधानी एक्सप्रेस के बिलासपुर स्टेशन में आने की प्रतीक्षा कर रहे थे। समय-सारिणी के हिसाब से राजधानी एक्सप्रेस को दोपहर 12 से 12.30 बजे के बीच बिलासपुर स्टेशन के प्लेटफार्म तक पहुंच जाना था। दोपहर 12.30 राजधानी एक्सप्रेस दाधापारा स्टेशन पहुंची, जिसे बिलासपुर तक आने में करीब 1 घंटे से अधिक का समय लग गया। इस दौरान रेल अफसर प्लेटफार्म नम्बर 8 पर ट्रेन के आने का इंतजार करते हलाकान होते रहे।

### रेल मदद शील्ड लेकर पहुंचे वाणिज्य प्रबंधक

दोपहर डेढ़ बजे के बाद नईदिल्ली-बिलासपुर राजधानी एक्सप्रेस जोनल स्टेशन के प्लेटफार्म नम्बर 8 पर पहुंची। स्टेशन पहुंचते ही रेल मदद की शील्ड लेकर आए प्रधान मुख्य वाणिज्य प्रबंधक प्रवीण पाण्डेय सहित अन्य अधिकारियों का स्वागत सत्कार किया गया। इस अवसर पर श्री पाण्डेय ने रेल मदद की उपलब्धि को रेल कर्मचारियों की कड़ी मेहनत, लगन और यात्रियों की हर संभव सहायता के संकल्प को समर्पित किया। उन्होंने कहा कि पिछले बार जोन 11वें स्थान पर था, लेकिन सभी के अथक प्रयास से आज एसईसीआर प्रथम स्थान पर पहुंचा है। इस उपलब्धि को बनाए रखना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।

# मनरेगा बचाओ संग्राम में कांग्रेस का अनशन

बिलासपुर। प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा ग्रामीण रोजगार कानून मनरेगा को निरस्त करने के विरोध में कांग्रेस पार्टी द्वारा 45 दिवसीय राष्ट्रव्यापी अभियान 'मनरेगा बचाओ संग्राम' शुरू किया है। प्रदेश भर के जिल मुख्यालयों में एक दिवसीय अनशन रविवार को गांधी चौक पर हुआ।

जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के अध्यक्ष महेन्द्र गंगोत्री ने बताया कि कांग्रेस इस संघर्ष को तब तक जारी रखने के लिए प्रतिबद्ध है, जब तक कि हम काम, आजीविका और जवाबदेही के उस अधिकार की बहाली हासिल नहीं कर लेते, जिसे सरकार ने मनरेगा को ध्वस्त करके छीन लिया है। उन्होंने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को रोजगार देने वाली मनरेगा का नाम बदलने और इस योजना में बदलाव करने पर कांग्रेस आंदोलन कर रही है, मनरेगा के तहत ग्रामीण और गरीब लोगों को काम का अधिकार मिलता था लेकिन इस योजना में बदलाव करके केंद्र सरकार राइट टू वर्क यानी काम का अधिकार खत्म कर रही है नए प्रावधानों में 125 दिन का रोजगार देने के दावे किए जा रहे हैं लेकिन बीते दो वर्ष में भाजपा सरकार ने किसी भी



ग्रामीण मजदूर को 100 दिन का रोजगार भी नहीं दिया तो 125 दिन का रोजगार देने की बात करना बेमानी है। लोगों को 30 से 35 दिन का काम भी मुश्किल से मिल पाएगा। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ने कहा कि नाम परिवर्तन के बहाने सरकार मनरेगा की मूल भावना को कमजोर कर रही है और इसे कानून से हटाकर महज एक सरकारी योजना के रूप में सीमित करना चाहती है। मनरेगा का नाम बदलने के साथ ही इसके नियमों में भी संशोधन किया गया है। इस कानून को जल्द केन्द्र सरकार वापस नहीं ली दे सड़क से लेकर ससंद तक विरोध किया जाएगा। कांग्रेस शहर अध्यक्ष सिधांशु मिश्रा ने कहा कि केंद्र सरकार मनरेगा जैसे ऐतिहासिक कानून को धीरे-धीरे खत्म करने की साजिश कर रही है।

अनशन में महेंद्र गंगोत्री, सिदांशु मिश्रा, शैलेश पांडे, विजय केशरवानी, विजय पांडे,सियाराम कौशिक, प्रमोद नायक, राजेंद्र शुक्ला, पंकज सिंह, राजेश पांडे, भरत कश्यप, रामा बघेल, जितेंद्र पांडे, शेख नजरुद्दीन, सुभाष ठाकुर,गौरव ऐरी,अयूब खान, गजेंद्र श्रीवास्तव, पवन साहू,आशीष गोयल, ब्रह्मदेव सिंह, शाहनवाज, राकेश शर्मा,नरेंद्र बोलर,महेश दुबे ,अभय नारायण राय,रविन्द्र सिंह, समीर अहमद आदि मौजूद थे।

### मॉडिफाइड साइलेंसर: संचालकों को नहीं बेचने की चेतावनी

बिलासपुर। ट्रैफिक पुलिस शहर में गैरेज व आटोपार्टस की दुकानों की सघन जांच कर मॉडिफाइड साइलेंसर की जांच की गई। अधिकारियों के द्वारा संचालकों को मानक स्तर के साइलेंसर नहीं बेचने व बेचते हुए पाए जाने पर नगर निगम से दुका को ब्लेकलिस्टेड कराने की चेतावनी दी गई है। एसएसपी रजनेश सिंह के निर्देश पर एडीशनल एसपी ट्रैफिक रामगोपाल करियारे के पर्यवक्षण में 10 जनवरी को अवैध रूप से मॉडिफाइड साइलेंसर बेचने वाले आटोपार्टस की दुकानों व साइलेंसर लगाने वाले गैरजों की जांच गई है। संचालकों को मॉडिफाइड साइलेंसर को बेचने पर गंभीर से गंभीर धाराओं के तहत कार्रवाई करने व दुकानों को नगर निगम के द्वारा ब्लेक लिस्टेड किए जाने के संबंध में प्रतिवेदन यातायात मुख्यालय के द्वारा भेजने की चेतावनी दी गई है। शहर में अमानक स्तर के साइलेंसर बेचकर सुगम और सुरक्षित आवागमन को बाधित की जाती है। मॉडिफाइड साइलेंसर लगाकर फर्राटे मारने वाले वाहन चालकों के खिलाफ ट्रैफिक पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। तत्काल मॉडिफाइड साइलेंसर निकलवाकर मन की स्टार का साइलेंसर लगवाई जा रही है। उन्हें समझाइस देते हुए शपथपत्र भरवा कर चालानी कार्रवाई की जा रही है। चालकों के माता पिता को यातायात थाना मुख्यालय बुलाकर शहर में खतरनाक तरीके से स्टंटिंग करते हुए वाहन न चलाने की हिदायत दीया जा रहा है।

# चौकसे कालेजेस के रजत जयंती समारोह में सुरों से सजी शाम

बिलासपुर। चौकसे ग्रुप ऑफ कॉलेजेस की रजत जयंती और टेक्नो-ए- टीच 7.0 का भव्य समापन हो गया। रवि गुप्ता के ठहाकों और पीयूष महरोलिया के सुरों से सजी शाम के साथ रंगारंग कार्यक्रम का समापन हो गया। कालेजेस के शानदार 25 वर्ष के सफर 2001-2026 को चिन्हांकित करते हुए इस रजत जयंती को उत्साह के साथ मनाया गया। इसके आयोजक एसईसीएल बिलासपुर रहा।

यह आयोजन तकनीकी और प्रतिस्पर्धाओं के साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम का अनूठा संगम रहा। जिसमें छात्र छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। इसमें अलुमानी मीट का आयोजन मुख्य आकर्षण रहा। जिसमें पुरानी यादे ताजा कर दिया । सेलेब्रिटी नाइट में देश के जाने-माने कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियों से समां बांध दिया। सुप्रसिद्ध स्टैंडअप कॉमेडियन रवि गुप्ता ने अपनी कॉमेडी से दर्शकों को लोटपोट कर दिया। उन्होंने अपने मशहूर एक्ट कल की चिंता नहीं करता के साथ छात्रों और अतिथियों के बीच हंसी के ठहाके लगाए। देसी चुटकुलों से न केवल छात्रों बल्कि वहां मौजूद अतिथियों का भी भरपूर मनोरंजन किया। उन्होंने रोजमर्रा की मध्यमवर्गीय जिंदगी से जुड़े किस्सों को साझा किया। कॉलेज लाइफ, माता-पिता के साथ संबंधों और पढ़ाई के तनाव पर उनके व्यंग्य ने दर्शकों को हंसने पर मजबूर कर दिया। उन्होंने छात्रों से उनके करियर और कॉलेज की यादों पर सवाल पूछे। उनकी कॉमेडी साफ-सुथरी और हास्यवर्धक रही। मशहूर बॉलीवुड गायक पीयूष महरोलिया ने अपनी सुरीली आवाज से पूरे कैंपस को झूमने पर मजबूर कर दिया। छत्तीसगढ़ी और हिंदी फिल्म जगत की जानी-मानी अभिनेत्री गीतिका साव ने अपनी कला से चार चाँद लगा दिए। उनकी उपस्थिति ने स्थानीय संस्कृति और ग्लैमर का



अद्भुत मिश्रण पेश किया। इस दौरान आयोजित विभिन्न तकनीकी और सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम के प्रायोजक एसईसीएल बिलासपुर के ह्यूमन रिसोर्स के डायरेक्टर बिरंची दास तथा डॉ सनीश चंद्रा विशेष अतिथि ने शिक्षा के साथ-साथ सर्वांगीण विकास के महत्व पर जोर दिया। समापन पर महाविद्यालय समूह की एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर श्रीमती पूजा श्री चौकसे ने छात्रों और संस्थान के गौरवशाली 25 वर्षों के सफर पर प्रकाश डाला।उन्होंने कहा कि चौकसे ग्रुप ऑफ कॉलेजेस के लिए यह केवल 25 वर्षों का जश्न नहीं है, बल्कि यह उन हजारों सपनों का उत्सव है जो यहां से हकीकत में बदले हैं। यह आयोजन छात्रों की छिपी हुई प्रतिभा को निखारने का एक सशक्त मंच हैं। संस्थान के प्रबंध निदेशक डॉ. आशीष जायसवाल ने कहा यह महोत्सव केवल एक कार्यक्रम नहीं है, बल्कि चौकसे ग्रुप के 25 वर्षों के अटूट विश्वास, कड़ी मेहनत और शैक्षणिक उत्कृष्टता का उत्सव है। हमने एक छोटे से पौधे के रूप में शुरुआत की थी, जो आज एक विशाल वटवृक्ष बन चुका है।

सीवीआरयू में हिंदी के परिष्कृत एवं व्यावहारिक स्वरूप पर सार्थक विमर्श

# हिंदी साहित्य समाज को मानवीय मूल्यों की ओर अग्रसर कर रहा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

विश्व हिंदी दिवस पर डॉ. सीवी रमन विश्वविद्यालय के भाषा एवं साहित्य विभाग (हिंदी) द्वारा "वैश्विक स्तर पर हिंदी साहित्य का परिष्कृत एवं व्यावहारिक स्वरूप" विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस संगोष्ठी का उद्देश्य हिंदी भाषा एवं साहित्य की वैश्विक प्रासंगिकता, उसकी सांस्कृतिक चेतना तथा समकालीन व्यावहारिक उपयोगिता पर गंभीर चर्चा करना था। संगोष्ठी की अध्यक्षता कुलसचिव डॉ अरविंद तिवारी ने किया। अध्यक्षीय वक्तव्य में डॉ तिवारी ने कहा कि हिंदी प्रशासन, शिक्षा, सूचना-प्रौद्योगिकी, मीडिया और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर प्रभावी भूमिका निभा रही है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे हिंदी को अपने व्यवहारिक जीवन, रोजगार और व्यावसायिक क्षेत्रों से जोड़ें, जिससे भाषा के साथ-साथ करियर के नए अवसर भी सृजित हो सकें।

■ अतिथियों ने कहा हिंदी को अपने व्यवहारिक जीवन में अपनाएं





संगोष्ठी में उपस्थित कुलपति सहित अन्य अतिथि।

मुख्य अतिथि डॉ. संतोष तिवारी ने हिंदी साहित्य के परिष्कृत स्वरूप, उसकी नैतिक चेतना एवं सांस्कृतिक मूल्यों पर सारगर्भित विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि हिंदी साहित्य समाज को मानवीय मूल्यों की ओर अग्रसर करने का कार्य करता है। विशिष्ट अतिथि डॉ. मुरली मनोहर सिंह ने हिंदी के व्यावहारिक पक्ष पर चर्चा करते हुए शिक्षा, अनुवाद, पत्रकारिता, मीडिया, तकनीक और रोजगार के क्षेत्र में हिंदी की निरंतर बढ़ती भूमिका को रेखांकित किया।

उन्होंने वैश्विक स्तर पर हिंदी के महत्व को बताया। कार्यक्रम का संचालन प्रज्ञा शर्मा ने किया। संगोष्ठी के दौरान विषय से संबंधित विचार-विमर्श एवं प्रश्नोत्तर सत्र भी आयोजित किया गया। समापन अवसर पर यह संगोष्ठी हिंदी भाषा एवं साहित्य के प्रति नई सोच, जागरूकता और प्रेरणा प्रदान करने में सफल सिद्ध हुई। इस अवसर पर हिंदी विभाग के प्रमुख डॉ. शाहिद हुसैन ने स्वागत किया।

## खबर संक्षेप



### लिचफील्ड ने सीखा तेजी से रन बनाने का तरीका

**नवी मुंबई।** ऑस्ट्रेलिया की उभरती हुई बल्लेबाज फोबे लिचफील्ड गेंद को ज्यादा ताकत से मारने वाले बल्लेबाजों में नहीं गिनी जाती है लेकिन उन्होंने खेल के सबसे छोटे अंतरराष्ट्रीय प्रारुप में तेजी से रन बनाने का तरीका ढूंढ लिया है। इस 22 साल की बल्लेबाज ने गुजरात जायंट्स के खिलाफ महिला प्रीमियर लीग में यूपी वॉरियर्स के लिए 40 गेंदों में 78 रन की पारी के साथ सर्वोच्च स्कोरर रही। उनकी आक्रामक पारी के बावजूद टीम को इस मैच में हार का सामना करना पड़ा।
लिचफील्ड ने कहा, 'टी20 क्रिकेट पर निश्चित रूप से मैं लगातार काम कर रही हूं। मैं शायद कुछ बड़े हिटर्स जितनी ताकत से गेंद नहीं मार पाती, इसलिए मैंने अपना तरीका खोजा है। यह तरीका है क्षेत्ररक्षकों के बीच की जगह का अच्छा उपयोग करना।

### 19 जनवरी से पुणे ग्रांड टूर साइकिल रेस

**पुणे।** पांच दिनों तक चलने वाली पुणे की पहली ग्रैंड टूर साइकिल रेस (पुणे ग्रैंड टूर) 19 जनवरी से शुरू होगी। यह 437 किलोमीटर लंबी बहु-चरणीय साइकिल रेस न केवल सहनशक्ति के खेल को दर्शाएगी, बल्कि इतिहास से भी सजी होगी। पुणे जिला प्रशासन की ओर से महाराष्ट्र सरकार के सहयोग से आयोजित इस आयोजन में फ्रांस, ग्रेट ब्रिटेन, बेल्जियम, जर्मनी, नीदरलैंड, ऑस्ट्रेलिया, चीन और थाईलैंड सहित 35 देशों के 171 शीर्ष स्तर के साइकिलिस्ट भाग लेंगे। आयोजकों ने बताया कि इस प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों को दक्कन के पठार में फैले विविध भू-भाग से गुजरने का मौका मिलेगा और कमेंट्री में छत्रपति शिवाजी महाराज की विरासत और क्षेत्र के ऐतिहासिक महत्व को उजागर किया जाएगा।

**पहला वनडे: विराट और गिल ने की 118 रन की साझेदारी, शुभमन का अर्धशतक**

# कोहली के 28 हजार रन पूरे, भारत ने न्यूजीलैंड को 4 विकेट से हराया, सीरीज में बनाई बढ़त

एजेंसी ▶▶| वड़ोदरा

भारत ने विराट कोहली (93 रन) और कप्तान शुभमन गिल (56 रन) के अर्धशतक तथा दोनों के बीच दूसरे विकेट के लिए 118 रन की साझेदारी से रविवार को न्यूजीलैंड को शुरुआती एक दिवसीय मुकाबले में एक ओवर रहते चार विकेट से हराकर तीन मैच की श्रृंखला में 1-0 से बढ़त हासिल की। बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद न्यूजीलैंड ने डेरिल मिचेल (84), हेनरी निकोल्स (62) और डेवोन कॉनवे (56) के अर्धशतकों की मदद से आठ विकेट पर 300 रन बनाए। भारत के लिए तेज गेंदबाज हर्षित राणा, मोहम्मद सिराज और प्रसिद्ध कृष्णा ने दो-दो विकेट लिए जबकि स्पिनरों में कुलदीप यादव को एक विकेट मिला। वहीं विराट कोहली अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे तेज 28 हजार रन पूरे करने वाले खिलाड़ी बन गए हैं।

भारत ने कोहली (91 गेंद, आठ चौके, एक छक्का) की गिल (71 गेंद, तीन चौके, दो छक्के) के साथ दूसरे विकेट के लिए शतकीय और श्रेयस अय्यर (49 रन) के साथ तीसरे विकेट के लिए 77 रन की साझेदारी से 49 ओवर में छह विकेट पर 306 रन बनाकर रोमांचक जीत दर्ज की। केएल राहुल (नाबाद 29 रन, 21 गेंद, दो चौके, एक छक्का) ने 48वें ओवर की अंतिम तीन गेंद में से दो में चौके लगाकर स्कोर बराबर किया। फिर अंतिम गेंद पर छक्का लगाकर भारत को जीत दिलाई।



### कोहली ने रचा कीर्तिमान, सबसे तेज पूरे किए 28 हजार रन

*विराट कोहली ने नया कीर्तिमान रचते हुए इंटरनेशनल क्रिकेट में 28 हजार रन पूरे कर लिए हैं। वो ऐसा करने वाले दुनिया के तीसरे बैटर बने हैं। वहीं इंटरनेशनल क्रिकेट में सबसे ज्यादा रनों के मामले में वो अब सिर्फ सचिन तेंदुलकर से पीछे हैं। सचिन के 34,357 रन हैं। वहीं विराट ने संगकारा को पीछे छोड़ दूसरा स्थान हासिल कर लिया है। विराट कोहली ने आदित्य अशोक की गेंद पर ये मुकाम हासिल किया। 37 साल के कोहली के अब हर फॉर्मेट में 37,000 रन पूरे हो चुके हैं। इस तरह वो लेजेंड्री क्रिकेटर्स की लिस्ट में शामिल हो चुके हैं। विराट ने इसी के साथ सचिन तेंदुलकर का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। साल 2008 में इंटरनेशनल डेब्यू करने वाले विराट ने 624वीं पारी में ये कमाल किया। वहीं तेंदुलकर ने 644वीं पारी और कुमार संगकारा ने 666वीं पारी में ये कमाल किया था।*

### गिल ने न्यूजीलैंड के खिलाफ जड़ा तीसरा वनडे अर्धशतक

सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल ने न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम के खिलाड़ी बड़ौदा में खेले गए वनडे सीरीज के पहले मुकाबले में शानदार बल्लेबाजी करते हुए अर्धशतकीय पारी (56) खेली। यह उनके वनडे करियर का 16वां और कीवी टीम के खिलाफ तीसरा अर्धशतक रहा, जिसे उन्होंने 66 गेंदों में पूरा किया। गिल ने साल 2019 में न्यूजीलैंड के खिलाफ ही अपने वनडे करियर का आगाज किया था। वह अब तक 59 वनडे मैचों की 59 पारियों में 56.35 की औसत और 98.72 की स्ट्राइक रेट से 2,874 रन बनाने में सफल रहे हैं। इसमें 16 अर्धशतकों के अलावा 8 शतक भी शामिल है। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 208 रन का रहा है। वह कीवी टीम के खिलाफ 13 वनडे मैचों में 679 रन अपने नाम कर चुके हैं।



### सर्वाधिक छक्के लगाने वाले ओपनर बने रोहित

दूसरी ओर, रोहित शर्मा ने 29 गेंदों में 26 रन की पारी खेली, जिसमें 2 छक्के और 3 चौके शामिल थे। इसी के साथ रोहित वनडे क्रिकेट में सर्वाधिक छक्के लगाने वाले ओपनर बन गए। रोहित ने बतौर वनडे ओपनर 329 छक्के लगाए हैं। इस मामले में उन्होंने वेस्टइंडीज के क्रिस गेल (328) को पछाड़ दिया है।

### न्यूजीलैंड का मध्य क्रम विफल

इससे पहले कॉनवे और निकोल्स ने आदर्श शुरुआत कराई लेकिन न्यूजीलैंड का मध्य क्रम इसका फायदा उठाने में विफल रहा। इसके बाद मिचेल ने 71 गेंद की पारी के दौरान पांच चौके और तीन छक्के लगाए जबकि निकोल्स की 69 गेंद की पारी में आठ चौके जड़े थे। कॉनवे ने 67 गेंद में छह चौके और एक छक्का लगाया। सलामी बल्लेबाज कॉनवे और निकोल्स ने पहले 21 ओवरों में 117 रन की साझेदारी की लेकिन राणा (65 रन देकर दो विकेट) के दूसरे स्पेल ने कमाल कर दिया, जिसमें उन्होंने दो ओवर में 13 रन देकर दो विकेट झटके। इसके बाद घरेलू टीम ने नियमित अंतराल पर विकेट लिए।

**डब्ल्यूपीएल**

# यूपी वॉरियर्स के खिलाफ जीत की लय बरकरार रखने उतरेगी आरसीबी



एजेंसी ▶▶| नवी मुंबई

मुंबई इंडियंस के खिलाफ अपने पहले मुकाबले में कड़ी परीक्षा से गुजरने के बाद रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) 12 जनवरी को महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) में सितारों से सजी यूपी वॉरियर्स के खिलाफ अपनी लय जारी रखने की कोशिश करेगी। स्मृति मंधाना की अगुआई वाली साल 2024 की चैंपियन टीम ने शुक्रवार को मुंबई इंडियंस के खिलाफ मुश्किल स्थिति से उबरते हुए तीन विकेट की जीत दर्ज की। इस मैच में दक्षिण अफ्रीका की हरफनमौला खिलाड़ी नादिन डि क्लर्क ने आखिरी चार गेंदों पर दो चौके और दो छक्के लगाकर टीम को जीत दिलाई थी। आरसीबी की जीत ने मुंबई इंडियंस की कप्तान हरमनप्रीत कौर को भी स्तब्ध कर दिया था। टीम को डि क्लर्क से यूपी वॉरियर्स के खिलाफ भी ऐसे ही प्रदर्शन की उम्मीद होगी। पिछले मैच में डि क्लर्क के अलावा अन्य बल्लेबाजों ने निराश किया था ऐसे में मंधाना चाहेंगी कि वह और शीर्ष क्रम की बल्लेबाज रन बनाने में योगदान दें।

### दीप्ति शर्मा का खराब प्रदर्शन

यूपी वॉरियर्स को अपने शुरुआती मैच में निराशा का सामना करना पड़ा, जिसमें सबसे बड़ा झटका ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा का खराब प्रदर्शन रहा। डब्ल्यूपीएल नीलामी में 3.2 करोड़ रुपए की सबसे महंगी भारतीय खिलाड़ी रहीं दीप्ति गुजरात जायंट्स के खिलाफ शनिवार को हुए दिन के मुकाबले में प्रभाव छोड़ने में नाकाम रहीं। यूपी वॉरियर्स 207 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए 10 रन से हार गई, जिसमें दीप्ति बिना विकेट लिए रहीं और बल्लेबाजी में सिर्फ एक रन ही बना सकीं। टीम की नई कप्तान मेग लैनिंग चाहेंगी कि उनकी स्टार ऑलराउंडर जल्द ही लय में लौटे। इसके अलावा उन्हें शीर्ष क्रम में किरण नवगिरे और हरलीन देओल से ठोस योगदान की उम्मीद होगी।

## मोर्टारा ने जीती रेस, महिंद्रा को दिलाया पहला पोडियम



एजेंसी ▶▶| मैक्सिको सिटी

एडुआर्डो मोर्टारा ने इलेक्ट्रिक रेसिंग सीरीज के दूसरे दौर में दूसरा स्थान हासिल कर महिंद्रा रेसिंग को मौजूदा फॉर्मूला ई सत्र का पहला पोडियम स्थान दिलाया। इस भारतीय टीम के दूसरे ड्राइवर निक डी व्रीज हालांकि रेस पूरी नहीं कर सके। सिट्रोएन रेसिंग के निक कैसिडी ने शानदार रणनीति और बेहतरीन ड्राइव का प्रदर्शन करते हुए 12 स्थानों की छलांग लगाई और मोर्टारा तथा निसान के मौजूदा चैंपियन ओलिवर रोलैंड से आगे रहते हुए रेस जीत ली। मोर्टारा ने रेस के बाद कहा, 'निक ने वाकई शानदार रेसिंग की। रेस के बीच में हमें थोड़ी दिक्कतों का सामना करना पड़ा, जिससे आखिरी लैप्स में चुनौती देने का मौका नहीं मिल पाया। मैं दूसरे स्थान के साथ खुश हूं।' महिंद्रा रेसिंग शुरुआत से ही एफआईए की ओर से मान्यता प्राप्त इस विश्व चैंपियनशिप का हिस्सा रही है। टीम ने विचार-विमर्श के बाद 2026-27 से शुरू होने वाले सीरीज के 'जेन4' युग में भी भागीदारी जारी रखने की प्रतिबद्धता जताई है।

## कोहली में विश्व कप तक खेलने का जुनून : डोनाल्ड

एजेंसी ▶▶| केपटाउन

दक्षिण अफ्रीका के पूर्व दिग्गज तेज गेंदबाज एलन डोनाल्ड ने माना कि विराट कोहली ने टेस्ट क्रिकेट से थोड़ी जल्दी संन्यास लिया लेकिन भारतीय स्टार बल्लेबाज में इतनी भूख और जुनून है कि वह 2027 के वनडे विश्व कप तक खुद को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में बनाए रखेंगे। डोनाल्ड ने कहा, ' आप जानते हैं, मैंने फिटनेस और खेल को लेकर जज्बे के मामले में किसी खिलाड़ी में विराट जीतनी भूख नहीं देखी। मेरे मन में उनके लिए बेहद सम्मान है। मैं अक्सर ड्रेसिंग रूम में इस बारे में बात करता हूं कि वह खुद को फिट रखने के मामले में चैंपियन है। कोई भी उनके जितना मेहनत नहीं करता। वह किसी मशीन की तरह है। उन्होंने कहा, ' मुझे वास्तव में उन्हें टेस्ट मैचों में उनकी कमी महसूस होती है। मुझे लगता है उन्होंने थोड़ा जल्दी संन्यास लिया, लेकिन मुझे कोई संदेह नहीं कि हम उन्हें सीमित ओवर प्रारूप के क्रिकेट और विश्व कप में खेलते हुए देखेंगे।



THE BHARAT SCOUTS AND GUIDES

प्रथम राष्ट्रीय रोवर रेंजर
जम्बूरी 2026



मुख्य अतिथि
श्री विष्णु देव साय
माननीय मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

समापन समारोह
12 जनवरी, 2026
दोपहर 02.30 बजे
ग्राम - दुधली, जिला-बालोद, छत्तीसगढ़

अध्यक्षता
डॉ. अनिल जैन (पूर्व सांसद राज्यसभा)
माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष, बी.एस.जी.

अति विशिष्ट अतिथि

श्री गजेन्द्र यादव — माननीय शिक्षा मंत्री, छत्तीसगढ़ शासन
श्री भोजराज नाग — माननीय सांसद, लोकसभा कांकेर
डॉ. के.के. खण्डेलवाल (आई.ए.एस. रिटा.) — माननीय मुख्य राष्ट्रीय आयुक्त
श्रीमती संगीता सिन्हा — माननीय विधायक, वि.स. बालोद
श्रीमती अनिला भेड़िया — माननीय विधायक, वि.स. डौंडी लोहारा
श्री कुंवर सिंह निषाद — माननीय विधायक, वि.स. गुण्डरदेही

विशिष्ट अतिथि

श्री राकेश यादव — माननीय जिला मुख्य आयुक्त, बीएसजी, छ.ग
श्रीमती तारणी चंद्राकर — माननीय अध्यक्ष जिला पंचायत, बालोद
श्री तोरण लाल साहू — माननीय अध्यक्ष नगर पालिका, दल्ली राजहरा
श्रीमती प्रतिभा चौधरी — माननीय अध्यक्ष नगर पालिका, बालोद
श्री पी.जी.आर. सिंधिया — माननीय सेक्रेटरी जनरल प्रेसीडेंट इन काउंसिल
डॉ. के.पी. मिश्रा — माननीय राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, बी.एस.जी.
श्री इंदरजीत सिंह खालसा — माननीय राज्य मुख्य आयुक्त, बी.एस.जी., छ.ग.
श्री अमर बी. छेत्री — माननीय कार्यकारी निर्देशक बी.एस.जी.
श्री राजेंद्र राय — माननीय पूर्व विधायक, गुण्डरदेही
श्री वीरेन्द्र साहू — माननीय पूर्व विधायक, गुण्डरदेही
श्री प्रीतम साहू — माननीय पूर्व विधायक, बालोद
श्रीमती कुमारी बाई साहू — माननीय पूर्व विधायक, बालोद

आप सभी आमंत्रित हैं...

आयोजक - भारत स्काउटस् एवं गाइडस् जम्बूरी काउंसिल




वैज्ञानिकों ने आर्कटिक महासागर की जमा देने वाली गहराई में एक ऐसी दुनिया की खोज की है, जिसने सभी को हैरान कर दिया है। समुद्र से 4 किमी नीचे जीवन का एक अनोखी और भरपूर इकोसिस्टम मिला है।

# आर्कटिक महासागर के 4 किमी नीचे मिली दूसरी दुनिया

**वॉशिंगटन।** वैज्ञानिकों ने आर्कटिक महासागर की गहराई में एक ऐसी छिपी दुनिया की खोजी है जो समुद्र के नीचे जीवन और जलवायु परिवर्तन को समझने का हमारा तरीका बदल सकता है। समुद्र की सतह से बहुत नीचे जहां सूरज की रोशनी नहीं पहुंचती और पानी जमा देने वाला ठंडा रहता है, वहां एक अनोखा इकोसिस्टम मिला है। यह खोज दुनिया भर के जलवायु विज्ञान को समझने के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। इससे पता चलेगा कि समुद्र के नीचे कार्बन और गैसें किस तरह काम करती हैं।

## वैज्ञानिकों ने गहराई में खोजा अनोखा इकोसिस्टम

### किसने की दूसरी दुनिया की खोज?

जूलियाना पैनीरी और जोनाथन टी. कॉपले के नेतृत्व में वैज्ञानिकों की एक टीम ने इस अनोखी दुनिया का पता लगाया है। वैज्ञानिकों ने समुद्र की गहराई में मीथेन हाइड्रेट की टीले मिले हैं, जिन्हें फ्रेया टीले नाम दिया गया है। ये टीले असल में मीथेन गैस, दूसरी गैसों के कच्चे तेल से बनी बर्फ जैसी जमी हुई संरचनाएं हैं। ये टीले आर्कटिक महासागर में ग्रीनलैंड महासागर में सतह से 4 किमी नीचे है।



### बिना सूरज के कैसा है जीवन?

समुद्र की इतनी गहराई में सूरज की रोशनी बिल्कुल नहीं पहुंचती। यहां रहने वाले पेड़-पौधों की तरह धूप से नहीं, बल्कि रसायनों से मिलने वाली ऊर्जा के सहारे जिंदा रहते हैं। वैज्ञानिकों ने गहराई में जाने के लिए ऑरोरा नाम की एक रोबोटिक मशीन का इस्तेमाल किया। समुद्र के तल पर मीथेन और तेल के जमे हुए टीले दिखे जो किसी शंकु की तरह दिखते थे। कुछ टीले तो 6 मीटर तक चौड़े थे और उनसे गैस निकल रही थी। वैज्ञानिकों ने पहली बार समुद्र की इतनी ज्यादा गहराई पर गैस का रिवास मिला है। इससे पहले ऐसी चीजें केवल 2,000 मीटर तक की गहराई पर देखी थीं लेकिन यह खोज उससे कहीं ज्यादा नीचे हुई है।

### वैज्ञानिकों को मिली हैरान करने वाली चीजें

वैज्ञानिकों को यहां जीवों की 20 से ज्यादा प्रजातियां मिली हैं। इनमें लंबी नली जैसे दिखने वाले कीड़े, घोंघे और झींगे जैसे कई जीव शामिल हैं। ये सभी जीव बिना किसी रोशनी और जमा देवे वाली ठंड से मजे से रह रहे हैं। जहां हम और आप खाने के लिए सूरज की रोशनी पर निर्भर पौधों का सहारा लेते हैं, जिसे कीमोसिंथेसिस कहते हैं। इन टीलों से निकलने वाली मुख्य गैस मीथेन है और इथेन और प्रोपेन जैसी गैसें भी मिली हैं। इसका मतलब है कि ये गैसें धरती की ऊपरी सतह से नहीं, बल्कि बहुत गहराई से निकल रही हैं।

## रोचक खबरें

### धरती की वो जन्नत, जहां मर्दों की एंट्री है बैन, सिर्फ महिलाओं का चलता है राज



**हेलसिंकी।** दुनिया में एक ऐसा आइलैंड भी है, जहां पुरुषों के कदम रखने की भी मनाही है। यहां केवल महिलाओं का राज चलता है। बाल्टिक सागर के बीचों-बीच स्थित और 8.4 एकड़ में फैला यह प्राइवेट आइलैंड किसी 'जन्नत' से कम नहीं है। आज की भागमभाग भरी जिंदगी में हर कोई सुकून के दो पल की तलाश में है, लेकिन क्या आपने किसी ऐसी जगह के बारे में सुना है, जहां पुरुषों का कदम रखना भी मना हो? फिनलैंड के तट पर स्थित सुपरशी नाम का एक आइलैंड इन दिनों इंटरनेट पर सनसनी बना हुआ है, जिसे दुनिया भर में 'महिलाओं का स्वर्ग' कहा जा रहा है। बाल्टिक सागर के बीचों-बीच स्थित 8.4 एकड़ में फैला यह प्राइवेट आइलैंड किसी जन्नत से कम नहीं है। इस आइलैंड पर महिलाओं को बिना किसी मेल अटेंशन या सामाजिक दबाव के खुद के साथ समय बिताने की आजादी मिलती थी। यहां घने जंगल, सुहावने चट्टानी तट, फिनिश सौना और बेहद आलीशान वुडन विला मौजूद हैं। वहीं, प्राइवेसी बनाए रखने के लिए यहां एक बार में केवल 8 महिलाओं को ही रुकने की इजाजत दी जाती थी। महिलाएं योग, मेडिटेशन, हेल्दी डाइट और समंदर किनारे वॉक के जरिए खुद को रीचार्ज करती थीं। सुपरशी आइलैंड की वेबसाइट के अनुसार, इस अनोखे आइलैंड को पूर्व अमेरिकी टेक सीईओ क्रिस्टीन रोथ ने 2018 में खरीदा था। वे एक ऐसी जगह चाहती थीं, जहां महिलाएं खुलकर हंस सकें, बिना मेकअप के रह सकें और अपनी क्षमताओं को पहचान सकें. उनका मानना था कि मेल अटेंशन की वजह से महिलाएं अपनी खूबसूरती या व्यवहार को लेकर सजग हो जाती हैं। हालांकि, साल 2023 में इस 'विमेन ओनली पैराडाइज' को एक पुरुष शिपिंग एक्जीक्यूटिव देयान मिहोव ने 1 मिलियन यूरो (यानी भारतीय मुद्रा में 10 करोड़ रुपए से अधिक) में खरीद लिया।

### साइबेरिया की बर्फ में मिली 300 साल पुरानी डेड बॉडी



**नोवोसिबिर्स्क।** वैज्ञानिकों ने साइबेरिया में मिली एक बहुत ही पुरानी ममी की जांच की है। शरीर की बारीकी से जांच करने पर याकूत जनजाति के लोंगों के बारे में नई और गुप्त बातें पता चली हैं। इस खोज से यह समझ आया है कि ये लोग पुराने समय में कैसे रहते थे और उनका परिवार कैसा था। साइबेरिया के कड़ाके की ठंड वाले इलाकों में वैज्ञानिकों को कुछ पुरानी ममियां मिली हैं। ये शव याकूत नाम के लोगों के हैं और इनसे उनके पुराने जीवन के बारे में कई बड़ी बातें पता चली हैं। वैज्ञानिकों को 18वीं सदी की एक महिला का शव मिला है, जिसका शरीर बहुत ही अच्छी हालत में है। रूस के कब्दे और ईसाई धर्म के फैलाव के बाद भी इन लोगों ने अपनी पुरानी परंपराओं को नहीं छोड़ा। डीएनए टेस्ट से पता चला है कि इन लोगों का समाज बहुत ही मजबूत था और उन्होंने अपनी पुरानी संस्कृति को बचाए रखा।

साइबेरिया की कड़ाके की ठंड में वैज्ञानिकों को एक-दो नहीं, बल्कि 100 से ज्यादा लोगों के शव मिले हैं। ये लोग 14वीं सदी से 19वीं सदी के बीच के थे। ठंड की वजह से ये शरीर आज भी बिल्कुल सुरक्षित हैं। इनमें सबसे खास एक महिला का शव का जिसे खोजकर्ताओं ने उससेर्गुए-1 नाम दिया है।


एक नई रिसर्च, जो नेचर पत्रिका में प्रकाशित हुई, से पता चला कि 18वीं सदी में जब रूस का प्रभाव बढ़ रहा था और ईसाई धर्म फैलाया जा रहा था, तब भी याकूत कबीले के लिए पुरानी मान्यताओं पर ही चल रहे थे। उस समय धर्म बदलने का काफी दबाव था। लेकिन इस महिला का मिलना यह साबित करता है कि कई कबीलों ने अपनी परंपराओं को नहीं छोड़ा। वैज्ञानिक लुडोविक ऑरलैंडो का कहना है कि यह महिला अपने कबीले की मजबूती की प्रतीक थी।

## खोज

### अंदर का नजारा देख वैज्ञानिकों के छूटे पसीने

# स्पेन में 40 हजार साल से बंद गुप्त कमरे का खुला दरवाजा

**मैड्रिड।** जिब्राल्टर की वैनगार्ड गुफा में वैज्ञानिकों को एक गुप्त कमरा मिला है। यह कमरा पिछले 40 हजार सालों से रेत के पीछे छिपा हुआ था इसलिए इसके अंदर सब कुछ वैसा ही सुरक्षित है जैसा पहले था। वैज्ञानिकों का मानना है कि इस सीक्रेट कमरे में निएंडरथल रहते थे। पहले माना जाता था कि ये लोग बहुत पहले खत्म हो गए थे, लेकिन इस खोज से पता चलता है कि वे शायद उम्मीद से ज्यादा समय तक जिंदा रहे। यह गुफा उनकी रहने की जगह थी। जब दुनिया मुश्किल हालातों से गुजर रही थी, तब इन लोगों ने इस गुफा को अपना घर बनाया।



### गुफा के अंदर क्या-क्या मिला?

यह खोज केवल एक कमरे तक सीमित नहीं है, बल्कि इससे पुराने इंसानों के रहन-सहन के कई बड़े राज खुले हैं। गुफा की खुदाई से पता चला है कि वे लोग बहुत दिमाग वाले थे और औजारों का इस्तेमाल करना जानते थे। गुफा के अंदर एक जंगली बिल्ली, लकड़बग्घे और गिद्धों जैसे जानवरों की हड्डियां मिली हैं। इतने सारे जानवरों की हड्डियां मिलना बहुत ही हैरान करने वाला है।

### गुफा के अंदर मिली चीजों से क्या पता चला?

वैज्ञानिकों को गुफा के अंदर एक समुद्री घोंघे का खोल मिला है। सबसे हैरान करने वाली बात यह है कि यह गुफा समुद्र से काफी दूर थी। इससे पता चलता है कि ये लोग समुद्र के किनारे से खाना ढूंढकर उसे गुफा तक लाना जानते थे। यह साबित करता है कि वे आज के ही इंसानों की तरह योजना बनाकर करते थे।

### इस खोज से क्या साबित होता है?

अभी तक वैज्ञानिकों का मानना था कि निएंडरथल इंसानों की प्रजाति लगभग 40,000 साल पहले ही खत्म हो गए थे और उनकी जगह हम जैसे आधुनिक इंसानों ने ले ली थी। लेकिन, गुफा में मिली चीजों से संकेत मिलता है कि ये लोग 40,000 साल के बाद भी यहां रह रहे थे। कुछ सबूत तो बताते हैं कि वे शायद 24,000 साल पहले तक भी जिंदा थे। इसका मतलब है कि वह हमारी सोच से बहुत ज्यादा समय तक धरती पर रहे।



### दुनिया का वो इकलौता गांव, जहां 60 साल से पैदा हो रहे हैं सिर्फ बौने



**बीजिंग।** दुनियाभर में कई ऐसी जगहें मौजूद हैं, जिनका रहस्य आज तक अनसुलझा है। इनमें से कोई जगह समुद्र के बीच है, जहां उड़ती हुई जहाज भी गायब हो जाती है, तो कोई जगह धरती पर है, जहां कई बार एलियंस के उड़न तश्तरी को देखे जाने का दावा किया जाता रहा है। इनमें से दुनिया के नक्शे पर कुछ ऐसी विचित्र जगहें भी मौजूद हैं, जहां का भूगोल और वहां रहने वाले लोगों का जीवन किसी काल्पनिक डरावनी फिल्म की पटकथा जैसा प्रतीत होता है। इन्ही में से एक है चीन के शिचुआन प्रांत का एक सुदूर और छोटा सा गांव 'यांग्सी', जिसे आज पूरी दुनिया 'सबसे शापित गांव या बौनों का गांव के नाम से जानती है। सुनकर हैरानी होगी, लेकिन बता दें कि यहां पिछले छह दशकों से कुदरत का एक ऐसा खौफनाक करिश्मा जारी है, जिसने शोधकर्ताओं की रातों की नींद उड़ा दी है।

इस गांव की सबसे अजीब बात यह है कि यहां रहने वाली 50 प्रतिशत से अधिक आबादी का कद मात्र 2 से 3 फीट के बीच सिमट कर रह गया है। रिपोर्ट्स के अनुसार, साल 1951 के बाद से इस गांव में बच्चों के शारीरिक विकास पर जैसे किसी ने रोक लगा दिया हो. जो बच्चे जन्म के समय पूरी तरह सामान्य, स्वस्थ और खिलखिलाते हुए पैदा होते हैं, वे जैसे ही 5 से 7 साल की उम्र के पड़ाव पर पहुंचते हैं, उनकी लंबाई बढ़ना अचानक बंद हो जाती है।

# सूरज की भयंकर लपटें और एक रिकॉर्ड

## पहली बार कैमरे में कैद हुआ कुछ ऐसा, जिसे देख कांप गए वैज्ञानिक

**वॉशिंगटन।** वैज्ञानिकों ने अंतरिक्ष में एक नया रिकॉर्ड बनाया है। उन्होंने सूरज के एक खास हिस्से पर 94 दिनों तक नजर रखी और उसकी हर हलचल को रिकॉर्ड किया। इससे पहले कभी भी सूरज के किसे एक हिस्से को इतने लंबे समय तक लगातार नहीं देखा गया था। वैज्ञानिकों ने सूरज के जिस हिस्से को चुना वह बहुत ज्यादा एक्टिव था और वहां से लगातार सौर लहरें निकल रही थीं। इस खोज में अमेरिका की नासा और यूरोप की ईएसए ने अपने खास कैमरों और मशीनों का इस्तेमाल किया। इन 94 दिनों के दौरान वैज्ञानिकों ने देखा कि सूरज के तीन बार घूमने के बाद भी उस हिस्से में क्या-क्या बदलाव आए।

**वैज्ञानिकों ने जांच के दौरान क्या देखा** : आमतौर पर वैज्ञानिक सूरज के किसे एक हिस्से को केवल 2 हफ्तों तक ही देख पाते हैं क्योंकि सूरज के घूमने की वजह से वह हिस्सा हमारी नजरों से ओझल हो जाता है। लेकिन इस बार वैज्ञानिकों ने कमाल कर दिया और उन्होंने इस हिस्से नोओ 13664 को 16 अप्रैल को तब देखा जब वह पैदा हो रहा था। धरती से हम सिर्फ आधा हिस्सा ही देख पाते हैं, लेकिन इस बार मशीनों की मदद से सूरज के 3 बार घूमने तक नजर रखी गई।



### इस रिसर्च का क्या फायदा होगा?

एस्ट्रोनॉमी एंड एस्ट्रोफिजिक्स पत्रिका में छपी इस रिसर्च से वैज्ञानिकों को काफी जानकारी मिली है। वैज्ञानिकों को अब पता चल गया है कि सूरज के अंदर चुंबकीय शक्तियां कैसे बनती खत्म होती हैं। सूरज का मौजूदा चक्र 2026 के अंतर में अपने सबसे खतरनाक स्तर पर होगा और उस समय सूरज पर बहुत ज्यादा धमाके हो सकते हैं।

**रज का वह हिस्सा जिसने पृथ्वी पर मचाई थी खलबली** : इस हिस्से ने अपनी ताकत से धरती पर काफी हलचल पैदा की और फिर 18 जुलाई 2024 को यह धीरे-धीरे शांत होकर गायब हो गया। वैज्ञानिकों को उम्मीद है कि इस हिस्से से जो जानकारी मिली है, उससे भविष्य में अंतरिक्ष के मौसम और धरती पर पड़ने वाले इसके असर को समझने में काफी मदद मिलेगी।

### 94 दिनों में वैज्ञानिकों ने क्या-क्या देखा?

वैज्ञानिकों ने जब सूरज के उस खास हिस्से पर 94 दिनों तक नजर रखी तो उन्होंने उस हिस्से से करीब 1,000 बार आग की भयंकर लपटें और ऊर्जा को निकलते देखा। इनमें 38 धमाके एक्स-क्लास के थे और 146 एम-क्लास के थे। मई 2024 में जो धरती पर सौर तूफान आया था और आसमान में रंगीन रोशनी दिखी थी उसकी वजह भी यहीं हिस्सा था। यह पहली बार है जब सूरज की इतनी लंबी तस्वीरें ली गईं।




# मुंबई में 10 लाख महीना किराया! ट्रंप टावर्स का ये फ्लैट अंदर से दिखता है भव्य

**मुंबई।** मुंबई के वर्ली स्थित ट्रंप टावर्स का एक अल्ट्रा-लग्ज़री अपार्टमेंट इन दिनों सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बना हुआ है। वजह है इस फ्लैट का 10 लाख रुपए महीना किराया, जिसे सुनते ही इंटरनेट पर लोगों की प्रतिक्रियाओं की बाढ़ आ गई। कोई हैरान है, तो कोई मज़ाक उड़ाता नजर आ रहा है।

### 4.5 बीएचके फ्लैट ने खींचा ध्यान

यह वीडियो रियल एस्टेट कंटेंट क्रिएटर रवि केवालरामानी ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर किया है। वीडियो में दिखाया गया फ्लैट ट्रंप टावर्स की ऊपरी मंज़िल पर स्थित है और इसका कार्पेट एरिया करीब 2,900 स्क्वायर फीट बताया जा रहा है।



### कमी भी गिनाने लगे लोग

जहां कुछ लोग फ्लैट की तारीफ कर रहे थे, वहीं कई यूज़र्स ने इतनी भारी रकम के बावजूद कुछ कमियों की ओर भी इशारा किया। सी-व्यू नहीं है, बालकनी नहीं है, सीलिंग हाइट उतनी प्रभावशाली नहीं। एक यूज़र ने लिखा, सी-व्यू नहीं है यार दूसरा दिखाओ। वहीं, दूसरे ने कहा, इस प्राइस पॉइंट पर सीलिंग हाइट बेहतर होनी चाहिए थी।

### फ्लैट में क्या-क्या है खास?

यह सेमी-फर्निश्ड 4.5 बीएचके फ्लैट कई प्रीमियम सुविधाओं से लैस है। चार बेडरूम, सभी के साथ अटैच बाथरूम, एक अलग पाउडर रूम, स्टाफ रूम के साथ वॉशरूम, अलग यूटिलिटी एरिया, मार्बल फ्लोरिंग, मॉड्यूलर किचन कैबिनेट्स, प्रीमियम बाथरूम फिटिंग्स, डबल-पैन विंडोज, एयर कंडीशनर। लग्ज़री के मामले में फ्लैट ने कई लोगों को प्रभावित किया, लेकिन किराया देखते ही माहौल बदल गया।

कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर

होंठों को पतला - मोटा करें और आकर्षक बनायें.
इंजेक्शन व लेसर द्वारा
छ.ग.शासन से मान्यता प्राप्त
आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेड़ी नाका, धमतरी रोड कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay Advt.

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रियंक सिंह परिहार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, रिंग रोड नं. 2, गौरव पथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक: प्रवीण शुक्ला। RNI No. CHHHIN/2001/03764, फोन : 07752-401050, फैक्स : 07752-401052. e-mail : bilaspur@haribhoomi.com